■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbiharttime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 340
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
15 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1930: दुनिया की पहली एयरहोस्टेस ऐलन चर्च ने ऑकलैंड-शिकागो फ्लाइट में उड़ान भरी।
1925: पहला अरेबिक कम्यूनिस्ट न्यूजपेपर शुरू किया गया।
1935: मास्को मेट्रो को लोगों के लिए खोला गया।
1993: संयुक्त राष्ट्र ने 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया।

खुशी और गम एक दूसरे के समानान्तर चलते हैं, जब एक शांत होता है तो दूसरा भी शिथिल पड़ जाता है।

संक्षिप्त समाचार

बड़े ने छोटे भाई को मारी गोली, मौत

बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)। खुदागंज थाना क्षेत्र के शोभा बिगहा गांव में बुधवार बर्तन (कटोरा) चोरी के विवाद में सगे बड़े भाई ने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। भाई को दो गोली मारी गई। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। गोली मारकर हत्यारा भाई गांव छोड़कर फरार हो गया। पुलिस सूचना मिलने के बाद गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश में जुट गई है। मृतक की पहचान रामाधीन यादव के 30 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में की गई है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

युवक ने घर में फांसी लगा की खुदकुशी

बेगूसराय (नबिटा ब्यूरो)। वीरपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में मंगलवार रात एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी मोहम्मद कैसर के बेटे मोहम्मद एजाज उर्फ लालो के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। इस संबंध में मृतक के चाचा ने बताया कि एजाज उर्फ लालो मजदूरी करता था। कल भी वह कहीं से मजदूरी करके आया था।

किर्गिस्तान में बिहार के एमबीबीएस छात्र की हत्या

गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)। जिले के एमबीबीएस छात्र की हत्या किर्गिस्तान में उसके ही रूम पार्टनर ने मामूली विवाद के बाद कर दी। रूम पार्टनर ने आपसी विवाद में सिर पर कुकर से वार दिया। इसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी राजस्थान का दीपेश गुर्जर बताया जा रहा है। छात्र की पहचान स्व वशिष्ठ चौबे के 26 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार चौबे के रूप में हुई है। नीतीश यूरेशियन यूनिवर्सिटी, किर्गिस्तान में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्र थे। जुलाई में उनकी पढ़ाई पूरी होने वाली थी। आरोपी युवक को किर्गिस्तान की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

राहुल गांधी के कार्यक्रम को नहीं मिली अनुमति

दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)। शहर में अवस्थित अंबेडकर छात्रावास में आज गुरुवार को आयोजित कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कार्यक्रम अब नहीं होगा। कार्यक्रम के लिए अनुमति नहीं दी गई है। जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार ने इसको लेकर पत्र जारी किया है। राहुल गांधी गुरुवार की सुबह 11 बजे से छात्रों से संवाद करने वाले थे। कार्यकर्ता बिना अनुमति के ही कार्यक्रम तैयारी में जुट गए थे। बताया जा रहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से आदेश नहीं लिया था। वहीं, दूसरी तरफ पटना में भी उनका कार्यक्रम तय है।

पटेल भवन पहुंच मुख्यमंत्री ने गृह व आपदा प्रबंधन विभाग का किया निरीक्षण

कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिए पूरी मुस्तैदी से करें कार्य : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को पटेल भवन पहुंचकर गृह एवं आपदा प्रबंधन विभाग का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पटेल भवन स्थित द्वितीय तल पर गृह विभाग स्थित अपने कक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और राज्य की कानून व्यवस्था एवं पुलिसिंग गतिविधि की बेहतरी के लिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग समय पर कार्यालय आकर अपने कार्यों का बेहतर ढंग से निपटारा करें। पुलिस पर लोगों का पूरा भरोसा है, उस पर खरा उतरें। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिये पूरी मुस्तैदी से कार्य करें। मुख्यमंत्री राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र भी गये और वहां की व्यवस्थाओं

तथा कार्य पद्धतियों की जानकारी ली। इस दौरान विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र की कार्य पद्धति की जानकारी देते हुये बताया कि यह केन्द्र 24 घंटे संचालित रहता है। मुख्यमंत्री ने पांचवें तल स्थित बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विभिन्न भागों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं कॉन्फ्रेंस हॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को आपदा से बचाव के लिये आप सब बेहतर ढंग से कार्य करते रहें। मुख्यमंत्री के समक्ष आगजनी से बचाव के लिये जन जागरूकता को लेकर बनायी गयी वीडियो गीत भी प्रस्तुत की गयी। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल, सांसद संजय कुमार झा, विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि सहित गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

ग्रामीण कार्य विभाग की कड़ी कार्रवाई, दो अभियंता नपे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। ग्रामीण कार्य विभाग ने लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों में सारण जिले के मढ़ौरा कार्य प्रमंडल के दो तदेन अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की यह कार्रवाई विभागीय जांच के बाद की गई, जिसमें अभियंताओं पर मनमाने ढंग से भुगतान, बिना स्वीकृति पथ निर्माण और योजनाओं के उल्लंघन के आरोप प्रमाणित पाए गए। निलंबित अभियंताओं में केशव साहनी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल मढ़ौरा, सम्प्रति मुख्य अभियंता, अनुरक्षण एवं उन्नयन ग्रामीण कार्य विभाग और परमेश्वर मेहरा, तदेन कनीय अभियंता, कार्य प्रमंडल मढ़ौरा, सम्प्रति सहायक अभियंता, कार्य प्रमंडल सोनपुर, ग्रामीण कार्य विभाग शामिल हैं। दोनों पर मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के अंतर्गत अनुमोदित पथ निर्माण कार्य में स्वीकृत लंबाई से अधिक कार्य दिखाकर भुगतान प्रस्तावित करने का आरोप है। दोनों पर यह भी आरोप है कि बिना किसी ठोस प्रमाण के उन्होंने पंचायत के अन्य योजना से पूर्व निर्मित 0.25 किमी पथ को योजना में दर्शाकर उसके लिए भी भुगतान स्वीकृत कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने विभागीय स्वीकृति के पथ निर्माण कार्य प्रारंभ कर भुगतान प्रस्तावित भी कर दिया, जिससे कोई भी बसावट सम्बद्ध नहीं हो रहा था। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि दोनों अभियंताओं की ओर से लापरवाही एवं गंभीर वितीय अनियमितता बरती गई है, जिससे राज्य को आर्थिक नुकसान हुआ। दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निलंबित किया गया है। साथ ही इसमें लिप्त अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

युवक की हत्या

सुपौल(नबिटा ब्यूरो)। भपटियाही थाना अंतर्गत शाहपुर पृथ्वीपट्टी पंचायत के रामनगर गांव वार्ड संख्या 12 में आपसी रंजिश को लेकर हिंसक मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान रामचंद्र पांडे के बेटे मिथिलेश कुमार पांडे (25) के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

30 मई को रोहतास दौरे पर आएंगे पीएम मोदी

एयरपोर्ट, फोरलेन समेत देंगे अरबों की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार 30 मई को बिहार के दौरे पर आ रहे हैं। वह रोहतास जिले के विक्रमगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वह बिहार को अरबों की सौगात देंगे। इनमें से मुख्य रूप से पटना का नया टर्मिनल का उद्घाटन और पटना-सासाराम फोरलेन का शिलान्यास शामिल है। इस बात की जानकारी किसी और ने नहीं बल्कि बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए दी है। राजधानी पटना के जयप्रकाश नारायण एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन यात्रियों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार हो गया है। इसे बनाने में करीब 1216 करोड़ रुपये की लागत आई है। टर्मिनल की दीवारों को मधुबनी पेंटिंग और अन्य तरह की पेंटिंग से सजाया गया है। बिहार के लोगों का सफर आरामदायक और किफायती बनाने के लिए सरकार लगातार कई बड़े कदम उठा रही है। इसी के तहत बिहार की राजधानी पटना से सासाराम के बीच केंद्र और राज्य सरकार 3700 करोड़ की लागत से फोर लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे बनवा रही है। इससे इन शहरों के बीच में रहने वाले लोगों का सफर बेहद आरामदायक हो जाएगा।

12 जिलों में को-ऑपरेटिव बैंक व 244 प्रखंडों में खुलेंगी शाखाएं : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के 12 जिलों में केंद्रीय सहकारी बैंक खुलेंगे जबकि 244 प्रखंडों में इसकी शाखाएं खोली जायेंगी। राज्य में दरभंगा, मधेपुरा, सहरसा, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई, शिवहर, कैमूर, बक्सर, सारण, किशनगंज, जहानाबाद, अरवल, मधेपुरा और बांका में जिला केंद्रीय सहकारिता बैंक नहीं हैं। इन 15 जिलों में 12 केंद्रीय सहकारिता बैंक अस्तित्व में आ सकते हैं। इसकी स्वीकृति के लिए आरबीआइ को पत्र भेजा गया है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सूचना व जन संपर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाया जा रहा है। इस माह 30 मई तक बैंकिंग अभियान चलेंगे। अभी तक



1123 स्थलों पर सहकारिता जागरूकता, वित्तीय समावेशन एवं बैंकिंग सेवा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये गये। मंत्री ने बताया कि सहकारी बैंक, पैक्स या विभाग के किसी भी स्तर पर फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि 15 जून तक सभी प्रखंडों में वेजफ़ेड खुलेगा। किसानों को मदद पहुंचाने के लिए हमने बिहार स्टेट वेजिटेबल प्रोसेसिंग एंड मार्केटिंग प्रोसेसिंग फ़ेडरेशन यानि वेजफ़ेड बनाया है। प्रदेश के 470 प्रखंडों में हमारी समिति गठित है जबकि 15 जून तक राज्य के सभी प्रखंडों में इसका गठन हो जायेगा। इसके बाद यह बिस्कोमान की तरह एक बड़ा फ़ेडरेशन बन जायेगा। बिस्कोमान की तर्ज पर ही वेजफ़ेड का गठन किया जा रहा है। डा. कुमार ने कहा कि राज्य के सभी प्रखंडों में 10 टन का कोल्ड स्टोरज, 20 टन का गोदाम आदि खोले जायेंगे। इसको लेकर काम शुरू हो चुका है। मंत्री ने कहा कि संयुक्त देयता समूह और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से एक लाख किसानों और मजदूरों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। डा. कुमार ने कहा कि अबतक 1123 स्थानों पर सहकारिता जागरूकता, वित्तीय समावेशन और बैंकिंग सेवाओं से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। एक सप्ताह में 805 पंचायतों में बैंकिंग सेवायें, ग्रामीण क्षेत्रों में रूरल बैंकिंग को प्रोत्साहित करने के लिए 14 माइक्रो एटीम वितरित किये गये हैं। वहीं 1723 से अधिक नये खाते खोले गये हैं और ऋण वसूली के तहत 6050038 रुपये की वसूली की गयी है। इसी प्रकार 203 किसान क्रेडिट धारकों के बीच एक करोड़ 42 लाख 10 हजार रुपये से अधिक की राशि वितरित की गयी। इस मौके पर विभाग के अपर सचिव अभय कुमार सिंह, अपर निबंधक प्रभात कुमार, बिहार स्टेट को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

चार बच्चों के साथ मां ने खाया जहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। पूर्व मध्य रेल के गया-डीडीयू रेलखंड पर अवस्थित रफीगंज स्टेशन के डाउन प्लेटफार्म पर बुधवार को एक निर्दयी मां ने पहले अपने चार बच्चों को जहर खिला दिया। इसके बाद खुद भी जहर खा ली। जहर खाने के कारण तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि मां की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पातल में हो गयी। मृतकों में तीन बेटियां शामिल है। बताया जा रहा है कि महिला समेत पांचों को रेलवे प्लेटफॉर्म पर छटपटाते देखकर रेल सुरक्षा बल के जवानों और स्थानीय लोगों ने सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां इलाज के दौरान सूर्यमणि कुमारी (5), राधा कुमारी (3) एवं शिवानी कुमारी (1) की मौत हो गई। वहीं डॉक्टरों ने रितेश कुमार (6) और उसकी मां सोनिया देवी (40) को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सोनिया देवी की भी मौत हो गयी। सोनिया देवी गोह प्रखंड में बंदेया थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव निवासी रवि बिंद की पत्नी थी। जानकारी मिलने पर मृत बच्चों के चाचा राम सूरज बिंद और मौसी बेबी देवी रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अस्पताल में सोनिया के देवर राम सूरज बिंद ने बताया कि मंगलवार की रात भाभी का भईया से झगड़ा हुआ था। बुधवार की सुबह भईया रवि बिंद कहीं काम करने चले गए। भईया के काम पर जाने के बाद जानकारी मिली कि भाभी सोनिया देवी अपने चारों बच्चों को साथ लेकर अपने मायके नालंदा जाने के लिए रफीगंज स्टेशन चली गई है। भाभी के घर से स्टेशन जाने के कुछ ही घंटे बाद हमें वहां से सूचना मिली कि भाभी ने अपने चारों बच्चों के साथ जहर खाकर जान देने की कोशिश की है। जानकारी मिलने पर जब हमलोग अस्पताल आए तो तीन बच्ची को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। वहीं भाभी और एक भतीजा की हालत नाजुक देखकर दंग रह गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद रफीगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने मां एवं तीनों बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में जुटी है। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि जवानों ने उन्हे सूचना दी कि रफीगंज स्टेशन के डाउन प्लेटफार्म पर एक महिला सहित चार बच्चे छटपटा रहे हैं। सूचना मिलते ही फौरन मौके पर पहुंचे और पांचो को टेम्पो से इलाज के लिए रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां इलाज के दौरान तीन बच्चों की मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मामला मां द्वारा चार बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाकर खुद भी जहर खा लेने का है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

गोलीबारी में नालंदा का लाल शहीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के उतरथु गांव निवासी सिकंदर राउत बिंद बुधवार को पाकिस्तान की तरफ से की गई गोलीबारी में शहीद हो गए। उनकी शहादत की खबर जैसे ही घर के लोगों को मिली, सभी सन्न रह गए। किसी में भी यह हिम्मत नहीं हुई को वह शहीद के पिता प्रताप राउत बिंद को यह जानकारी दे कि उनके प्राण से प्यारा बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा। उसने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया है। हालांकि जब इस बात की जानकारी बूढ़े पिता को मिली तो उनकी आंखों में पानी से ज्यादा चेहरे पर गर्व का भाव था। उनका कहना है कि बेटा देश के काम आया, इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है। परिवार वाले सिकंदर का शव लेने के लिए रवाना हो गए हैं। गांव में पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शहीद सिकंदर के पिता प्रताप राउत ने कहा कि बुढ़ापे में भगवान ने तीसरी लाठी छीन ली है, लेकिन गर्व है कि वह लाठी देश के काम आई। मेरे बेटे ने भारत मां के लिए जान दी है, इससे बड़ा सौभाग्य किसी पिता के लिए क्या हो सकता है। शहीद के घर इकट्ठा लोगों ने बताया कि सिकंदर दो भाइयों में छोटे थे और उनके दो छोटे बेटे हैं। हर कोई शहीद सिकंदर की बहादुरी और देशभक्ति की बातें कर रहा है। गांव के लोगों ने कहा कि सिकंदर राउत का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उनकी शहादत हमेशा लोगों को प्रेरणा देती रहेगी। वे हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। सिकंदर जैसे वीर सपूतों के कारण ही हमारा देश सुरक्षित है। हमें उनकी शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए। सिकंदर का पार्थिव शरीर जल्द ही गांव पहुंचेगा। इसके बाद पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

यूपी के जेवर में बनेगी भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई

केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेवर में एक 3,706 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी दे दी है। यह प्लांट एचसीएल और फॉक्सकॉन की साझेदारी में लगाया जाएगा और इसमें मोबाइल, लैपटॉप और गाड़ियों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनाए जाएंगे। मामले में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह देश का छठा सेमीकंडक्टर प्लांट होगा और इसकी उत्पादन क्षमता 20,000 वेफर्स प्रति माह होगी, जिससे हर महीने 3.6 करोड़ चिप्स तैयार की जाएंगी। केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। यह इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। केंद्र सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पांच सेमीकंडक्टर इकाइयां पहले से ही निर्माण के उन्नत चरणों में हैं। इस छठी इकाई को मंजूरी मिलने के बाद भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ गया है। आज स्वीकृत इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। विज्ञप्ति नें कहा गया है कि एचसीएल का हार्डवेयर विकसित करने और निर्माण करने का लंबा इतिहास रहा है।

अवैध वसूली में दारोगा सहित चार गिरफ्तार

पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)। नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले पुलिसकर्मी ही जब कानून तोड़ने लगें तो व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जिले के हाट थाना क्षेत्र में इसी तरह की एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां अवैध वसूली के आरोप में एक दरोगा सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो बीएमपी जवान और एक प्राइवेट चालक भी शामिल हैं। आरोप है कि ये चारों पुलिसकर्मी गश्त के दौरान एक वाहन सवार युवक को रोककर जबरन पैसे वसूल रहे थे। जैसे ही यह मामला सामने आया, पुलिस विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर दारोगा समेत सभी आरोपितों को निलंबित करने के साथ उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

वीर सैनिकों के सम्मान में जगमगाए देश भर के रेलवे स्टेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम के सम्मान में देश भर के रेलवे स्टेशन जगमगा उठे। भारतीय रेल ने वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह अनूठा आयोजन किया। इस मौके पर कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से असम तक के रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रभक्ति का अलग जोश देखने को मिला। इस दौरान तिरंगे की रोशनी में नहाए रेलवे परिसर देशभक्ति के गीतों से गूंज उठे। वहीं स्टेशनों पर लगी स्क्रीनों पर राष्ट्रभक्ति से जुड़े विजुअल्स ने यात्रियों को राष्ट्र प्रेम की भावनाओं से भर दिया। इस ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय रेल ने देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसने देशवासियों के मन मस्तिष्क में राष्ट्रप्रेम और सेना

के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया। इसके अलावा भारतीय रेल ने तिरंगा यात्रा के साथ तमाम स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जनमानस तक पहुंचाया। भारतीय रेल की इस पहल ने ना केवल सेना के रणबांकुरों का अभिनंदन किया, बल्कि आम जनता को भी ऑपरेशन सिंदूर की गौरव गाथा से जोड़ा। यह आयोजन दर्शाता है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने वीर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद न्याय की अखंड प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए शुरू हुआ ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वह गौरव गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

सरकार करेगी 21 कृषि बाजारों का कायाकल्प

किसानों को मिलेगा उनकी उपज का उचित मूल्य : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री, बिहार विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आर्थिक समृद्धि और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में कृषि विपणन निदेशालय के अंतर्गत राज्य के कृषि बाजार प्रांगणों का आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना, बाजार की सुलभ व्यवस्था उपलब्ध कराना तथा कृषि उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन की बेहतर सुविधा देना है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि किसानों को उनकी फसल का सर्वोत्तम मूल्य दिलाने, उन्हें सुरक्षित और आधुनिक बाजार व्यवस्था प्रदान करने, कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने तथा खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए कृषि विपणन निदेशालय का गठन किया गया है। यह निदेशालय किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों और निर्यातकों के लिए एक मजबूत बाजार प्लेटफॉर्म तैयार करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में 12 प्रमुख कृषि उत्पादन बाजार प्रांगणों- गुलाबबाग (पूर्णिया), मुसल्लहपुर (पटना), आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मोतिहारी, गया, बेतिया, दाउदनगर एवं मोहनियाँ के समुचित विकास और आधुनिकीकरण हेतु 748.46 करोड़ रुपये की लागत से योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 9 अन्य बाजार प्रांगण सासाराम, बेगूसराय, कटिहार, फारबिसगंज, जहानाबाद, दरभंगा, किशनगंज, छपरा और बिहटा के विकास हेतु 540.61 करोड़ रुपये की लागत से योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

इन बाजार प्रांगणों में आधुनिक आधारभूत संरचना का विकास किया जा रहा है, जिसमें वेंडिंग प्लेटफॉर्म, दुकानों का निर्माण, वे-ब्रिज, जल निकासी प्रणाली, प्रशासनिक भवन, श्रमिक विश्राम गृह, अतिथि गृह, मछली बाजार, केला मंडी, आंतरिक सड़कों का निर्माण, सोलर पैनल, कर्मचारी कैंटीन और अपशिष्ट निपटान संयंत्र (कम्पोस्टिंग प्लांट) शामिल हैं। इन सुविधाओं से न केवल किसानों को अपनी उपज बेचने में आसानी होगी, बल्कि व्यापारियों और उद्यमियों को भी एक संगठित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण मिलेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि बाजारों के आधुनिकीकरण से खरीद-बिक्री की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। इसके अलावा, केन्द्र सरकार की ई-नाम (e-NAM) योजना के माध्यम से किसान अपने कृषि उत्पादों को राज्य और देश के अन्य हिस्सों में ऑनलाइन बेच सकते हैं, जिससे बाजारों की सीमाएं टूट रही हैं और किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से राज्य में कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण और निर्यात में भी तेजी आएगी। इससे बिहार खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित उद्योगों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

इस साल 15 जून के बाद भी जारी रहेगी बालू की आपूर्त्ति : विजय कुमार सिन्हा

खनन विभाग को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3569 करोड़ रुपये का प्राप्त हुआ राजस्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। उपमुख्यमंत्री और खनन विभाग के प्रभारी विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि हर साल 15 जून से मानसून के चलते बालू घाट बंद कर दिए जाते हैं। लेकिन राज्य सरकार ने समय पर विकास योजनाओं को पूरा करने के लिए पहले से ही बालू के भंडारण की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि सरकार की परियोजनाएं बाधित न हों, इसके लिए 15 जून के बाद भी 180 बालू घाटों से बालू की आपूर्ति जारी रहेगी। इनमें 18 घाट सफ़ेद बालू के हैं। शेड्यूल रेट पर बालू की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है ताकि समय पर निर्माण कार्य हो सके। विजय सिन्हा ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3569 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो लक्ष्य से अधिक है। जिन 37 बालू घाटों को सरेंडर किया गया था, उनमें से 29 की नीलामी प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है और 14 घाटों की नीलामी पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जिन विभागों को बालू की आवश्यकता होगी, उन्हें खनन पट्टा भी दिया जाएगा।

विजय सिन्हा ने बताया कि 37 बालू घाटों को सरेंडर किया गया था, जिनमें 29 की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई है और 14 घाटों की नीलामी हो चुकी है। इसके अलावा, पीला बालू के 457 घाटों में से फिलहाल 161 घाट चालू हैं। उन्होंने बताया कि जो घाट सरेंडर किए गए हैं, उनकी अग्रिम संपत्ति जब्त की जाएगी और संबंधित लोगों पर अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को चेताया कि बालू, पत्थर और मिट्टी को लेकर कोई भी विभाग अपनी जिम्मेदारी से पीछे न हटे। उन्होंने दावा किया कि खनन विभाग इन सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में पूरी तरह सक्षम है।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आरोपों पर पलटवार करते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि देश की सेना के साथ केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार मजबूती के साथ खड़ा है। उपलब्धता और सूचना के आभाव के कारण हम वहां नहीं पहुंच सके इसका ये अर्थ नहीं हुआ कि तेजस्वी यादव कुछ भी बोलेंगे। दरअसल, शहीद रामबाबू सिंह का पार्थिव शरीर पटना जब एयरपोर्ट पहुंचा तो वहां उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए तेजस्वी यादव के अलावा कोई और नेता नहीं था। जिसको लेकर तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया था।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए. निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 08 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस/ सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा, में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें, साथ ही उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को यह आश्वासन भी दिया गया कि उनकी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम कार्यवायी कर रहा है। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार केसरी, राज्य चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ. तनुजा कुमारी, चिकित्सा निर्देशी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, डॉ. मुकेश कुमार मोदी, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा, मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक (हितलाभ) सह सदस्य सचिव, कर्मचारी राज्य बीमा निगम भी मौजूद थे।

विधान सभा चुनाव से पहले हम को बनाया जाएगा मजबूत : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सशक्त करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन की उपस्थिति में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष सुमन ने कहा कि आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में एनडीए की जीत पक्की है। इसमें हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। बिहार का आवाम पूरी तरह से एनडीए के साथ है। यहां के लोग सुशासन व विकास के साथ है। बिहार की जनता किसी भी कीमत पर 'जंगल राज' की वापसी नहीं होने देंगी। आज भी बिहार के लोग राजद-कांग्रेस के 15 वर्षों के कुशासन, भ्रष्टाचार, अराजकता व लूट-खसोट को याद कर सिहर जाते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता को गरीब-गुरबों, वंचित-पिछड़ों के बीच जा कर केंद्र और प्रदेश की एनडीए सरकार की उपलब्धियों को बताने की जरूरत है। हम की यह कोशिश होनी चाहिए कि बिहार को दशकों तक लूटने वाले कांग्रेस व राजद के फरेब व झांसे में बिहार की जनता नहीं फंसे। बैठक में जिला में मजबूत कमिटी एवं प्रखंड तथा पंचायत में भी कमिटी यथाशीघ्र गठित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही बूथ स्तर पर मजबूती से काम करने की सलाह देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जहां से हम चुनाव लड़े वहां तो हमें मदद मिले ही, बाकी अन्य सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने में भी पार्टी को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए निर्देश दिया कि विधान सभावार यथा शीघ्र प्रभारियों का चयन करे ताकि पार्टी की गतिविधियों को और मजबूती मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिलों से 100-100 सक्रिय सदस्यों को पटना के किसी बड़े हॉल में प्रशिक्षण देने का भी सुझाव दिया। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तर पर प्रकोष्ठों की कमिटी गठित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक का प्रारंभ द्वीप प्रज्वलन व राष्ट्र गान से हुआ। प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़े माला से राष्ट्रीय अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारियों व अन्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में सिकंदरा विधायक प्रफुल मांझी, प्रधान महासचिव राजेश पांडेय, अविनाश कुमार, मोहम्मद कमालुद्दीन, स्मिता शर्मा, शकील हाशमी, कुमार शुभम, रविंद्र शास्त्री, श्रवण कुमार, गिरधारी सिंह, पिंटू रजक, प्रशांत भूषण श्रीवास्तव, अनिल रजक, संजर आलम, आकाश कुमार लव कुश कुमार, अभिषेक कुमार, शलिम सिद्दीकी, इम्फारुल हक़, राकेश कुमार, मो सैफुद्दीन आदि प्रमुख पार्टीजन उपस्थित रहें। बैठक का संचालन प्रदेश संगठन प्रभारी राजेश रंजन ने किया।

बिहार में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रकोष्ठों के संयोजक नवीन आर्य चंद्रवंशी और प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित थे। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि चूँकि यह चुनावी वर्ष है, इसलिए राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता बिहार का दौरा कर रहे हैं लेकिन यह भी उतना ही सच है कि चुनाव समाप्त होते ही ये लोग बिहार में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आने से बिहार की राजनीति पर कोई खास असर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब विपक्ष की राजनीति और उनकी मंशा को भलीभांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन आगामी विधानसभा चुनाव में 225 से अधिक सीटों के साथ प्रचंड जीत हासिल करेगा। प्रदेश की जनता का समर्थन पूरी तरह से एनडीए के पक्ष में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

आज दरभंगा से होगी कांग्रेस की शिक्षा न्याय यात्रा की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दलित और अति पिछड़ी जातियों के वोटों को कांग्रेस के पाले में लाने केलिए दरभंगा और पटना में छात्रों के साथ 'शिक्षा न्याय संवाद' में हिस्सा लेंगे। दरअसल, बिहार में इस बार कांग्रेस पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में है और राहुल गांधी का यह बिहार दौरा उसी रणनीति का एक अहम हिस्सा माना जा रहा है। अपने बिहार दौरे के दौरान राहुल गांधी गुरुवार को कांग्रेस की शिक्षा न्याय यात्रा की दरभंगा से शुरुआत करेंगे। इसी दिन यानी आज ही कांग्रेस के बड़े नेता बिहार में 60 अलग-अलग जगहों पर छात्रावासों में जाकर छात्रों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। राहुल गांधी पटना में दलित समाज के विचारक ज्योतिराव फुले पर बनी फिल्म 'फुले' देखेंगे। कार्यक्रम में सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों और दलित वर्ग के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेगी। कांग्रेस के इस पहल को दलित वोट बैंक को साधने की रणनीति मानी जा रही है।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के 'शिक्षा न्याय संवाद' के तहत कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता भी बिहार में 60 जगहों पर छात्रों से संवाद करेंगे। कांग्रेस के इस कार्यक्रम के तहत राहुल समेत कांग्रेस के 62 राष्ट्रीय नेता राज्य के विभिन्न स्थानों पर एससी, एसटी, ओबीसी छात्रावासों और सामुदायिक भवनों में छात्रों से उनकी समस्याओं पर सीधे संवाद करेंगे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था विफल हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार 20 साल से मुख्यमंत्री हैं और नरेंद्र मोदी 12 साल से पीएम हैं, लेकिन राज्य की हालत बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि 358 प्रखंडों में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं खोला गया है, जबकि स्थायी शिक्षकों की भारी कमी है और तीन साल की डिग्री छह साल में पूरी हो रही है। बिहार की एनडीए सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के एससी-एसटी छात्रों के लिए आवंटित पैसों का इस्तेमाल पुल और सड़क बनाने के लिए कर रही है। बिहार सरकार छात्रों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के मकड़जाल में फंसाकर परेशान करती है। कन्हैया कुमार ने कहा कि सरकार छात्रों को पढ़ाई के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड देकर लोन के मकड़जाल में फंसाकर नौकरी लगने से पहले ही लोन रिकवरी एजेंट भेजने लगती है। सीएजी की रिपोर्ट बताती है कि एससी/एसटी छात्रवृत्ति का पैसा सड़कों और पुलों के निर्माण पर खर्च किया गया, यहां तक कि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति भी बंद कर दी गई। कन्हैया कुमार ने कहा कि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक छात्रों के छात्रावास या तो बंद हो गए हैं या बर्बाद होने के कगार पर हैं। बिहार में शिक्षा, उद्योग और बुनियादी ढांचे में निवेश करने के बजाय मोदी-नीतीश की डबल इंजन सरकार गुजरात की ओर धन भेज रही है।

प्रस्तावित रेलवे लाइन निर्माण को लेकर महाप्रबंधक ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में दामोदर वैली कॉरपोरेशन के चेयरमैन एस.सुरेश कुमार के साथ डिस्पैच आपरेशन एवं बनहरडीह से कोयला खदानों तक प्रस्तावित नई रेल लाइन के निर्माण सहित कोयला खदानों से कोयले के सुगम परिवहन हेतु उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में पूर्व मध्य रेल की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण/ दक्षिण) रामाश्रय पाण्डेय, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मनोज सिंह तथा प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक इंदू रानी दूबे सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। बैठक में थर्मल पावर स्टेशनों को कोयले की सुगम आपूर्ति हेतु आरओबी के निर्माण से जुड़े मुद्दे, साइडिंग से रेल लाईनों की कनेक्टिविटी तथा गति शक्ति पालिसी के तहत कोयला के सुगम परिवहन हेतु कोडरमा स्टेशन पर वाई कनेक्शन का निर्माण तथा बनहरडीह से कोयला खदानों तक प्रस्तावित नई रेल लाइन के निर्माण जैसे मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी ।

शिविर में सौ लोगों ने किया रक्तदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्रथमा ब्लड सेंटर, पटना के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार हमारे वीर सैनिक सीमाओं की रक्षा करते हैं, उसी तरह हम सभी नागरिकों का भी कर्तव्य है कि समाज और देशहित में योगदान दें। रक्तदान उसी सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। भीषण गर्मी के बावजूद विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि विगत तीन वर्षों से विश्वविद्यालय रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है और यह क्रम भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि सभी लोग नियमित रूप से रक्तदान कर कैंसर, थैलेसीमिया और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को जीवनदान दें। वहीं, डॉ. अजय कुमार शर्मा, छात्र कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि रक्तदान न केवल दूसरों की जिंदगी बचाता है, बल्कि स्वयं रक्तदाता के शरीर के लिए भी लाभदायक होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. मनोज कुमार सिंह ने 'राष्ट्र प्रथम' के अंतर्गत इस शिविर की शुरुआत करते हुए प्रथमा ब्लड सेंटर की टीम का आभार प्रकट किया। उन्होंने युवाओं से रक्तदान के प्रति जागरूक रहने की अपील की। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया।

बिहार प्रदेश भू संपदा कांग्रेस कमिटी की पहली राज्यस्तरीय बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार कांग्रेस के मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश भू संपदा कांग्रेस कमिटी की पहली राज्य स्तरीय बैठक आहुत की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार और सह प्रभारी देवेंद्र यादव के साथ बिहार कांग्रेस के कोषाध्यक्ष सह प्रदेश भू संपदा कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने सभी जिला के भू संपदा प्रभारियों की बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आपके ऊपर राज्य कांग्रेस के विभिन्न भू संपदाओं की देख रेख की अत्यंत जिम्मेदार कर्तव्य दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी आपके हर कदम पर साथ देगी और जिला में आप बेहतर काम कर सकें इसके लिए समय समय पर आपके साथ बैठकों का आयोजन किया जाता रहेगा। बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि भू संपदा कांग्रेस बिहार कांग्रेस कमिटी की एक अहम हिस्सा है। इसके सफल और सरल संचालन से कांग्रेस पार्टी की संपत्तियों का संरक्षण बेहतर तरीके से हो सकेगा। बैठक में प्रदेश भू संपदा कांग्रेस के अध्यक्ष सह बिहार कांग्रेस के कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि सभी जिला प्रभारी अपने जिला कांग्रेस के अध्यक्षों के साथ उचित तालमेल और समन्वय से काम करेंगे। अपने कार्यों से संबंधित मासिक रिपोर्ट बिहार प्रदेश भू संपदा कांग्रेस कमिटी के प्रदेश कार्यालय में जमा करते रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के इस बेहद सशक्त और मजबूत आनुषंगिक संगठन में आपकी जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन उचित तरीके से करना होगा। बैठक में प्रदेश प्रभारी सचिव देवेन्द्र यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष सह चेयरमैन भू-सम्पदा कमिटी जितेन्द्र गुप्ता के अलावे जमाल अहमद भल्लू, मोतिलाल शर्मा, वैद्यनाथ शर्मा, संजय पाण्डेय, ज्योति गुप्ता, मो0 अफाक खां, संजय कुमार भारती, चैधरी राशीद हुसैन, कृष्ण कांत शाही, रौशन कुमार सिंह, राम सागर पाण्डेय, सुनील कुमार सिंह, प्रो0 सुनील कुमार, वसी अख्तर, अजित कुमार शुक्ला, डा0 अमित कुमार द्विवेदी, मनोज शर्मा, सूर्य नारायण यादव, हरि नारायण द्विवेदी, ओम प्रकाश मिश्र, प्रमोद राय, पंचदेव राम, नवेन्दु झा, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, रवीन्द्र कुमार शर्मा आदि थे।

शहीद हुए जवान को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन हमले में शहीद हुए बिहार के सीवान जिले के वीर सपूत रामबाबू प्रसाद (27) का पार्थिव शरीर बुधवार को पटना एयरपोर्ट पहुंचा। एयरपोर्ट पर सेना के जवानों ने गमगीन माहौल में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी रामबाबू को श्रद्धांजलि देने एयरपोर्ट पहुंचे थे। जम्मू-कश्मीर सीमा पर तैनात जवान रामबाबू प्रसाद 9 मई को पाकिस्तानी ड्रोन अटैक में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान सोमवार-मंगलवार की रात करीब 1 बजे उनका निधन हो गया। वे देश की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम में अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। शहीद रामबाबू का घर सीवान जिले के गौतम बुद्ध नगर थाना क्षेत्र के वसिलपुर गांव में है। उनके पिता स्व. रामविचार सिंह बड़हरिया प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत के पूर्व उप मुखिया थे। रामबाबू की शादी 14 दिसंबर 2024 को हुई थी। अप्रैल में वे छुट्टी पर सीवान आए थे और वहां से वापस ड्यूटी पर लौटे थे। उनका ट्रांसफर उदयपुर हो गया था, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उन्हें फिलहाल जम्मू-कश्मीर में ही ड्यूटी पर रोक लिया गया था। शहीद के पार्थिव शरीर को पटना से उनके पैतृक गांव ले जाया गया, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शहीद के भाई अखिलेश सिंह से वीडियो कॉल पर बातचीत कर संवेदना जताई और हर संभव सहायता का भरोसा दिया। रामबाबू की शहादत ने न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे बिहार को गर्व और शोक से भर दिया है। पटना एयरपोर्ट पर शहीद रामबाबू को श्रद्धांजलि देने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि वह गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मांग करेंगे कि सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, या सीआईएसएफ जैसे सभी सैन्य बलों के जवानों को शहीद का दर्ज़ा मिले। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान कई जवान शहीद हुए, लेकिन उन्हें शहीद का दर्ज़ा नहीं मिलता। तेजस्वी ने जोर देकर कहा कि सभी सैन्य बलों के जवानों को यह सम्मान मिलना चाहिए क्योंकि वे देश के लिए अपनी जान दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह आतंकवाद को जड़ से खत्म करने और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत सरकार से बात करेंगे।

दादीजी मंदिर में 1 जून से शुरू होगा समर कैंप, अपने हुनर को उड़ान देंगे बच्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक रंग और बच्चों के व्यक्तित्व को नई उड़ान देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन इस वर्ष भी आठ दिवसीय समर कैंप का आयोजन कर रहा है। यह कैंप एक से आठ जून तक बैंक रोड स्थित शक्तिधाम दादीजी मंदिर परिसर में होगा। सम्मेलन के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि पिछले 11 वर्षों से यह समर कैंप लगातार आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को मंच देना है, जो महंगे समर कैंप में भाग नहीं ले पाते हैं। यहां न केवल हुनर को तराशा जाता है, बल्कि आत्मविश्वास की नींव भी मजबूत की जाती है। इसकी खास बात यह है कि बच्चों को रंगमंच की बारीकियों से परिचित कराने के लिए राज्य के प्रतिष्ठित रंगकर्मी सुमन कुमार और कुशल कोरियोग्राफर राजस्थानी लोकनृत्य, लघु नाटिकाएं और थिएटर की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण देंगे। अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ. गीता जैन ने बताया कि यह आयोजन केवल कला का प्रशिक्षण नहीं है, बल्कि एक संपूर्ण व्यक्तित्व विकास की कार्यशाला है। इसमें योग, ध्यान, एरोबिक्स, मेमोरी एक्सरसाइज, फायरलेस कुकिंग, क्राफ्ट, मेकअप टिप्स और मधुबनी पेंटिंग जैसी रचनात्मक विधाओं को भी शामिल किया गया है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। कला जागरण के सुमन कुमार का मानना है कि बचपन में मिला सही दिशा-निर्देश बच्चों के भविष्य को निखारता है और यह समर कैंप इसी उद्देश्य की पूर्ति का एक सशक्त माध्यम है। सम्मेलन के महासचिव अक्षय अग्रवाल ने बताया कि कैंप में सीमित संख्या में ही बच्चों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समर कैंप केवल एक प्रशिक्षण शिविर नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को जगाने और उन्हें आत्मविश्वास से भरने का एक जीवंत प्रयास है, जहां वे सीखेंगे, खिलेंगे और खुद को पहचानेंगे।

करगहर में विस चुनाव की तैयारी तेज

बीएलओ के प्रशिक्षण के बाद इवीएम की होगी मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी शुरू कर दी है। करगहर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। करगहर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार और बुधवार को बीएलओ का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें पहले दिन मंगलवार को मतदान केंद्र संख्या 1-71 तक के बीएलओ का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, दूसरे दिन बुधवार को 72-143 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। करगहर विधानसभा पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्र है। इसमें कोई बड़ा शहरी केंद्र नहीं है। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चन्द्रभूषण गुप्ता ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम रोहतास के आदेश के अलोक में भारत निर्वाचन आयोग नयी दिल्ली के निर्देश पर करगहर विधानसभा के कोचस प्रखंड अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्र संख्या एक से लेकर 71 तक के मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों यानि बीएलओ का प्रशिक्षण मंगलवार के सुबह दस बजे से पांच बजे तक और 72 से 143 तक के बीएलओ का प्रशिक्षण बुधवार को दिया गया। बीडीओ ने बताया कि गुणवतापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए विधानसभा प्रशिक्षक के रूप में हटना पटना मध्य विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार सिंह, जो पिछले दिन दिल्ली से मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे हैं, उन्हीं को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण में रंजन ओझा, संजय कुमार राम, मृत्युंजय पाण्डेय, संजय सिंह, रासिद हसन, पूनम कुमारी, धनंजय कुमार, फुलकुमारी, बुद्धिसागर चौबे समेत अन्य बीएलओ शामिल थे।

सामुदायिक भवन मरम्मति में अनियमितता पंचायत सचिव के खिलाफ हुई कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढीगोला (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत वरुणा पंचायत के करकटपुर वार्ड नंबर दो स्थित सामुदायिक भवन की मरम्मति कार्य में अनियमितता पाए जाने पर पंचायत सचिव पर जहां कार्रवाई हुई है वहीं पंचायत प्रतिनिधि पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। बताते चलें कि बीते दिनों वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण जनता द्वारा आरोप लगाया गया कि पंचायत प्रतिनिधि एवं पंचायत सचिव की मिली भगत से पैसे की निकासी की गई है तथा उक्त योजना के अंतर्गत इस सामुदायिक भवन में कुछ भी कार्य नहीं हुआ है और पैसे की गबन कर ली गई है। प्रखंड स्तर पर जांच के दौरान यह पाया गया कि पैसे की निकासी के बावजूद भी इस सामुदायिक भवन की मरम्मति का कार्य नहीं हुआ है। मामला उजागर होने के बाद भी संबंधित प्रतिनिधि एवं पंचायत सचिव ने इस सामुदायिक भवन में मरम्मति का कार्य नहीं किया। मामले के संज्ञान में आते ही डिहरी अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन कुमार के द्वारा उक्त स्थल की जांच की गई जिसमें पाया गया कि 2022-23 में ही साठ हजार रूपये की निकासी की गयी है परंतु सामुदायिक भवन में मरम्मति का कार्य नहीं किया गया है। इस मामले में तत्कालीन पंचायत सचिव को निलंबित करने का जहां दिशा निर्देश दिया गया है वहीं संबंधित जन प्रतिनिधियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

चयनित अभ्यर्थियों को जिला पार्षद ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज परिसर में वीरूद्दीन आर्मी फिजिकल एकेडमी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सह बसपा के प्रदेश महासचिव विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल मौजूद रहे। इस क्रम में बिहार पुलिस में चयनित 57 अभ्यर्थियों को मेडल एवं फूलमाला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। लल्लू पटेल ने कहा कि शिक्षा शेरनी रूपी दूध है जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षित होने पर परिवर्तन आता है शिक्षा के बल पर आप देश के योगदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां सभी अभ्यर्थियों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि बीरूद्दीन आर्मी फिजिकल एकेडमी द्वारा जो प्रशिक्षण दिया गया उनका भविष्य उज्जवल दिख रहा है। वहीं ट्रेनर बीरूद्दीन द्वारा गरीब, शोषित एं वंचित बच्चों को बिहार पुलिस एवं आर्मी में फिजिकल देकर मजबूती प्रदान कर रहे हैं और अपने जिले के बच्चों को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। लगातार जिन 110 बच्चों को ट्रेनिंग दिया गया जिसमें 28 लड़का और 29 लड़कियों का चयन बिहार पुलिस में हुआ है। यह गर्व की बात है कि कैमूर जिले से भी बच्चों ने मेहनत करके अपने जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। सभी को मेडल एवं मोमेंटम देकर सम्मानित करके हौसला को बुलंद किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में फिजिकल ट्रेनर मुलायम यादव, रितेश कुमार, अजय राहुल ने भूमिका निभायी। चयनित अभ्यर्थियों में सोनम कुमारी, पिंकी कुमारी, ज्योति कुमारी आदि शामिल हैं।

सीबीएसई में वेदान्त राज़ त्रिवेदी ने लाए 98 प्रतिशत अंक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी में प्रखंड विकास पदाधिकारी रहे पुरुषोत्तम त्रिवेदी के पुत्र वेदान्त राज़ त्रिवेदी ने सीबीएसई में 98% अंक लाने में सफलता हासिल की है। उसकी इस सफलता पर डिहरी के विनय पंडित सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। पुरूषोत्तम त्रिवेदी ने कहा कि उनका बेटा बिना किसी ट्यूशन के अपने मेहनत के बदौलत यह अंक हासिल किया है। यह सफलता सभी बड़ों का आशीर्वाद, इसकी लगनशीलता और मेहनत के बदौलत हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि मैं अपने पुत्र की सफलता का श्रेय इसके नाना-नानी को देता हूं। वहीं मेरी धर्मपत्नी प्रियंका तिवारी का अमूल्य योगदान है जो हमेशा उसे मार्गदर्शन करते रहतीं हैं। वेदान्त की सफलता पर डिहरी अनुमंडल संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, पत्रकार उपेन्द्र मिश्रा, मदन कुमार ने मधेपुरा में पदस्थापित पुरुषोत्तम त्रिवेदी को बधाई दी है।

शिविर में 23 आवेदनों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर। (कैमूर)। प्रखंड क्षेत्र में चलाए जा रहे अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत बुधवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति टोला में विशेष विकास शिविर लगाया गया। यह शिविर कुडारी पंचायत के धवपोखर, खरेंदा पंचायत के उचिनर, पसाई पंचायत के निरबिसपुर तथा अमाव, सबार गाव में लगाया गया। पंचायतों में 'हर टोला-हर परिवार-हर सेवा की भावना के साथ सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस शिविर में 23 आवेदन का निष्पादन किया गया। शिविर में नल-जल, नली-गली योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, विद्यालय नामांकन, पोषण कार्यक्रम, चापाकल मरम्मत सहित विभिन्न विभागों की समस्याओं का निदान किया गया। कई लाभार्थियों के बीच आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार, कल्याण पदाधिकारी अखिलेश कुमार, बीपीएम अनिल कुमार चौबे, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तेजस्वी आनंद सहित विकास मित्र उपस्थित रहे।

प्रलेस की बैठक 18 को

सासाराम(नबिटा ब्यूरो)। जिले में प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) को फिर से सक्रिय करने की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए आगामी 18 मई को सासाराम में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी है। बैठक का आयोजन रौजा रोड स्थित एक निजी होटल के सभागार में होगा। इसमें सदस्यता नवीकरण और संगठन के पुनर्गठन पर चर्चा होगी। प्रलेस के राज्य कार्यसमिति के सदस्य कुमार बिंदु ने बताया कि जिले में प्रलेस की एक गौरवशाली साहित्यिक परंपरा रही है। 15 अप्रैल 1982 को डेहरी में आयोजित पहले सम्मेलन में मशहूर शायर कैफी आजमी, रामेश्वर सिंह कश्यप उर्फ लोहा सिंह, डॉ सुरेंद्र चौधरी, डॉ खगेंद्र ठाकुर, अरुण कमल सहित हिंदी, उर्दू, भोजपुरी और मगही के कई नामचीन साहित्यकार शामिल हुए थे। इसके बाद के वर्षों में बाबा नागार्जुन, भीष्म साहनी, डॉ काशीनाथ सिंह, अब्दुल बिस्मिल्लाह जैसे कई बड़े साहित्यकार भी यहां के आयोजनों से जुड़े रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से प्रलेस की गतिविधियां ठप पड़ी थीं। अब एक नई पहल की जा रही है ताकि जिले में साहित्यिक माहौल फिर से जीवंत हो सके। बैठक में जिले के सभी पुराने और नए साहित्यकारों से भाग लेने की अपील की गयी है।

तीन लोगों से दस लाख की ठगी, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। जिला साइबर थाना में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के तीन लोगों ने 10 लाख नौ हजार रुपए की साइबर ठगी की प्राथमिक बुधवार को दर्ज करायी है। पुलिस के अनुसार नासरीगंज थाना के तराव गांव के अब्दुल मजीद से काम करने का ऑफर देकर चार लाख 78 हजार की साइबर ठगी कर ली गई। वहीं नौहट्टा थाना क्षेत्र के उली गांव निवासी नारद कुमार से ग्राम पंचायत सेवक के पद पर चयन होने के बाद पोस्टिंग के नाम पर पांच लाख 45 हजार की साइबर ठगी कर ली। इसी प्रकार रोहतास थाना क्षेत्र के समहुता निवासी छोटू कुमार से पार्ट टाइम जॉब दिलाने के नाम पर एक लाख 46 हजार की ठगी कर ली गयी। पुलिस प्राथमिका दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पेंशनर समाज ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री और सेना के जवानों को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढ़ीगोला(रोहतास)। पेंशनर समाज की अकोढ़ी गोला शाखा की मासिक बैठक आज स्थानीय गांधी सेवा आश्रम में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा के वरिष्ठ सभापति व्रज मोहन पाण्डेय ने की जबकि संचालन सचिव दामोदर मिश्रा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। बैठक में शाखा के सभी प्रमुख सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, सेवानिवृत्त शिक्षक, कर्मचारी एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य विषय देश की सुरक्षा और वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य से संबंधित रहा। सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित ऑपरेशन सिंदूर की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह सैन्य अभियान भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को करारा जवाब देने के उद्देश्य से चलाया गया, जिसमें हमारी सेना ने अत्यंत पराक्रम, रणनीतिक बुद्धिमत्ता और अद्भुत साहस का परिचय दिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य सफलता नहीं है बल्कि यह भारत की रणनीतिक दृढ़ता, आत्मनिर्भरता और वैश्विक मंच पर बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है। पेंशनर समाज ने प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना के उन वीर जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं और साधुवाद प्रेषित किया जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बैठक में सामाजिक और स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक का समापन देश की एकता, अखंडता और शांति की कामना के साथ हुआ। इस अवसर पर देश की रक्षा में शहीद हुए वीर जवानों को भी नमन किया गया। वहीं शाखा की अगली बैठक 15 जून को आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसमें आगामी योजनाओं और सामाजिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

नौ आरोपित गिरफ्तार

डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)। अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के नौ आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट, आर्म्स एक्ट, वारंटी व शराब तस्कर शामिल है। गिरफ्तार आरोपितों से एक देशी कट्टा, सात जीवित कारतूस, ट्रैक्टर जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर वाहन जांच अभियान में तीन लाख 83 हजार रुपए की वसूली की गई है।

डॉ अनिल व डॉ संतोष बने राधा शांता कॉलेज में एनएसएस पदाधिकारी

- प्राचार्य द्वारा अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ साधना रावत द्वारा जारी पत्र संख्या एनएसएस 590 तथा 591 दिनांक 9 मई 2025 को राधा शांता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह को भेजा गया है। इस संबंध में प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में स्वीकृत दो एनएसएस इकाई में प्रथम इकाई के लिए एनएसएस पदाधिकारी के रूप में प्रो डॉ अनिल कुमार सिंह तथा दूसरे इकाई के लिए प्रो डॉ संतोष कुमार सिंह की नियुक्ति विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अगले तीन वर्षों के लिए की गई है। बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा नव नियुक्त दोनों पदाधिकारियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। दोनों नव नियुक्त एनएसएस पदाधिकारियों डॉ अनिल कुमार सिंह तथा डॉ संतोष कुमार सिंह को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह, सचिव रणजीत सिन्हा, अध्यक्ष यशवीर सिन्हा, तिलौथू हाउस के मोहित सिन्हा, रत्ना सिन्हा, कॉलेज के प्रॉक्टर प्रो अखिलेश कुमार पांडे, बर्सर प्रो वीरेंद्र कुमार, प्रो शिवजी सिंह, प्रो विजय बहादुर प्रजापति, प्रो महेंद्र गुप्ता, प्रो राजकिशोर सिंह, प्रो गुलाम हैदर, प्रो वीरेंद्र मिश्रा, प्रो कमलेश्वर सिंह, प्रो राजकिशोर सिंह, प्रो किरण बाला, प्रो विद्या कुमारी, प्रो सुनील कुमार सिन्हा, प्रो प्रदीप दुबे, प्रो महेंद्र सिंह, प्रो ए पी सिंह, प्रो गोपाल कुमार, प्रो सच्चिदानंद सिन्हा, प्रो. श्रीकांत प्रसाद, प्रधान सहायक रविंद्र प्रसाद सिंह, लेखपाल गीता सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष मुरलीधर सिंह, अक्षय सिंह, प्रदीप सिंह, हृदयानंद सिंह, देवंती कुमारी, नागेश्वर ठाकुर सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने बधाई दी है।

दसवीं में धेनुका इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी में संचालित धेनुका इंटरनेशनल स्कूल के शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं की परीक्षा में सफलता लहराया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्य शिवी पोद्दार ने बताया कि स्कूल के छात्रों ने अपनी परम्परा निभाते हुए दसवीं कक्षा की परीक्षा में एक बार फिर से स्कूल का झंडा लहराया है। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल के दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि निक्की कुमारी, शुभम कुमार, शम्मी राजा, शालू कुमारी, अंजलि कुमारी, प्रतीक्षा कुमारी, रिया सिंह, ख़ुशी कुमारी, विशाल कुमार, कृष कुमार, मंतशा वकील तथा आयुष कुमार ने 80 से लेकर 92.8 प्रतिशत तक अंक प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने विभिन्न विषयो में अधिकतम अंक प्राप्त किये हैं। विद्यालय की छात्रा निक्की कुमारी ने सामाजिक विज्ञान में 96%, विज्ञान में 91%, अंग्रेजी में 93%, हिंदी में 94%, कंप्यूटर में 90% तो वहीं शुभम कुमार ने गणित में अधिकतम 90% अंक प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव विनोद सिंह, निदेशक अनिश सिंह तथा शिवी पोद्दार ने छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को बच्चों की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे शिक्षकों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुसाशन का परिणाम बताया है।

शराब सहित धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नासरीगंज (रोहतास)। कछवां थाना अंतर्गत इब्राहिमपुर बाजार से पुलिस ने 180 एमएल का फ्रूटी अंग्रेजी शराब व पैशन प्रो बाइक के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज भोजपुर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी इंग्लिश गांव का निवासी धनंजय कुमार बताया जाता है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक धंधेबाज बाइक से शराब लेकर आ रहा है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु घेराबंदी की गयी। इस दौरान एक धंधेबाज को 180 एमएल का फ्रूटी अंग्रेजी शराब व पैशन प्रो बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है।

मजदूरी मांगने पर पिटाई

डिहरी ऑन-सोन/नबिटा ब्यूरो। एससी-एसटी थाना में दरिगांव थाना क्षेत्र के बड़ुई गांव निवासी संजीत कुमार ने गांव के अनिल यादव व मुन्ना यादव पर मजदूरी मांगने पर मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अवैध देशी कट्टा बरामद, प्राथमिकी

नासरीगंज(रोहतास)/नबिटा संवाददाता। स्थानीय थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तराव गांव में पीएसआई राहुल कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाकर मंटू सिंह का एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही उक्त युवक फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तराव गांव के ललन सिंह का पुत्र मंटू सिंह अवैध हथियार रखा है और रात्रि के समय हथियार का भय दिखाकर राहगीरों का पैसा एवं मोबाइल छीन लेता है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान मंटू सिंह के घर में रखे ड्रम के ऊपर कपड़ा से ढका हुआ लोहे का बना हुआ देशी कट्टा बरामद किया। हालांकि इसकी खबर मिलते ही मंटू सिंह फरार होने में सफल रहा। उक्त युवक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
प्राचार्य का कार्यालय-LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
विनिया गढ़वा 822114
Email:- principal.itichiniya@gmail.com

नामाकंन सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त गढ़वा जिला के सरकारी LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चिनिया गढ़वा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्यों के स्थायी/ स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti. Jharkhand.gov.in- Admission Tab) आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।
सरकारी LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चिनिया गढ़वा में निम्न व्यवसायों की प्रशिक्षण दी जा रही है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–

क्रं0 सं0	व्यवसाय	कोर्स अवधि	योग्यता
01	Wireman	दो वर्षीय कोर्स	8 वीं/10 वीं कक्षा उर्त्तीण
02	Fitter	दो वर्षीय कोर्स	दसवीं(10वीं) कक्षा उर्त्तीण

3.महत्वपूर्ण तिथियाँः–

क्रं0 सं0	विवरणी	तिथि
01	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	20.05.2025
02	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	13.06.2025 (5:00 PM)
03	औपबंधिक मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन	16.06.2025 (5:00 PM)
04	औपबंधिक मेघा राज्य सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिशत कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि में सुधार की अवधि	17.06.2025 से 19.06. 2025
05	अंतिम मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन	21.06.2025

4.डी0 जी0 टी0 के पत्रांक–DGT-Aff011/01/2025-00 DIR (TC) Part(2)[63756], दिनांक–03/05/2025 के आलोक में **LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चिनिया गढ़वा** में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैद्य मोबाईल नं0,ई–मेल आई0 डी0, एवं आधार नं0 आवश्यक है तथा NTC उर्त्तीणता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिर्वतन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0 जी0 टी0 का पत्र https://iti. **Jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab** में देखा जा सकता है।
5.नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड आई0टी0आई0 **Web Portal (https://iti. Jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download** किया जा सकता है।
6.किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु आई0टी0 आई0 मो0 नं0–**8688571633 एवं 8210227291**. से सर्म्पक किया जा सकता है।

प्राचार्य,
LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
चिनिया गढ़वा

PR 352426 Labour Employment and Traning(25-26).D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम–(1) राजेन्द्र भुईयां, पे0–सोहराई भुईयां, सा0–कंचनपुर, टोला–बेलवादामर, थाना–रंका, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रंका थाना कांड सं0–180/21, दिनांक–20.07.21 धारा–498(ए), 494, 34, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय श्री हर्षित तिवारी, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया था। दिनांक–28.11.23 को आपके के स्थायी पते सा0–कंचनपुर के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला चुका है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। वर्तमान में यह कांड माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गढ़वा में चल रहा है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 352312 Police(25-26)#D

कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू।
(विधि शाखा)

अभिरूचि की अभिव्यक्ति
(Expression of Interest)

प्रधान सचिव–सह–विधि परामर्शी, विधि विभाग, झारखण्ड सरकार रॉची का पत्र संख्या 6/बी/जी0पी0 (नियुक्ति)– 29/2021 (खण्ड)–339/जे0, द्वारा Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018 में वर्णित प्रावधानों के तहत् पलामू जिला के लिए सुयोग्य व अनुभवी Government Pleader के एकल (01) पद हेतु झारखण्ड सरकार, विधि विभाग के Notification No.-C/AGO/Niyukti-25/2016-439/j, दिनांक 16 फरवरी, 2018 द्वारा जारी Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018 द्वारा निर्धारित योग्यताधारी सुयोग्य एवं अनुभवी अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

नियुक्ति झारखण्ड सरकार, विधि विभाग के Notification No.-C/AGO/Niyukti-25/2016-439/j, dt-16th February, 2018 [Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018] के आलोक में की जायेगी। उक्त नोटिफिकेशन को पलामू जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक अपना आवेदन पत्र, अपने जीवन वृत, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, विगत तीन वित्तीय वर्षो का आय विवरणी, ठंत वबपंजपवद द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र तथा अधिवक्ता पंजीयन की प्रति के साथ दिनांक 31.05.2025 तक कार्यालय अवधि में जिला विधि शाखा पलामू में जमा कर सकते हैं।

Government Pleader के एकल (01) पद हेतु अहर्त्ता निम्नवत् हैः–

1. A citizen of India and registered with a Bar Council constitued under the Advocate Act, 1961.
2. A designated senior Advocate or and Advocate, who has been practicing in the Jharkhand High Court or Supreme Court of India or an Advocate who has been praciticing in the Civil Courts of Jharkhand.
3. Possesses the following standing in number of years of practice against the respective categories and being an income tax assesses for at least three financial years for the financial year in which engagement is to be made.
4. For a Government Pleader for the Jharkhand High Court or for the Civil Courts of Jharkhand he has been in practice as an Advocate for not less than 10 years in the Civil Courts of Jharkhand respectively for that court for with the engagement is to be made.

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
पलामू

PR.NO.352343 District(25-26):D

नवादा : भीषण गर्मी को देखते हुए दोपहर बाद की कक्षाएं स्थगित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले में लगातार बढ़ते तापमान और दोपहर के समय पड़ रही झुलसा देने वाली गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन एक अहम निर्णय लिया है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी स्कूलों–प्री-स्कूल, सरकारी, गैर-सरकारी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों–में पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद की सभी शैक्षणिक गतिविधियों को आगामी 20 मई 2025 तक स्थगित करने का निर्देश दिया है।

यह निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना को देखते हुए लिया गया है। जिलाधिकारी के आदेश में कहा गया है कि विद्यालय प्रबंधन समय-सारणी में आवश्यक संशोधन कर यह सुनिश्चित करें कि बच्चे दोपहर की तीव्र गर्मी से सुरक्षित रहें।

गर्मी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने आमजन से सावधानी बरतने की अपील की है। प्रशासन ने कहा है कि दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें, अधिक से अधिक पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन करें, हल्के सूती कपड़े पहनें और बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों को विशेष देखभाल में रखें। यदि लू लगने के लक्षण जैसे चक्कर आना, अत्यधिक पसीना या बुखार दिखाई दें तो तत्काल चिकित्सकीय सलाह लें। जिला प्रशासन ने पुनः जनता से अनुरोध किया है कि गर्मी से संबंधित सुरक्षा उपायों का पालन करें और सतर्क रहते हुए स्वयं व अपनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

कौआकोल में बीएलओ का प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर कौआकोल प्रखंड में चुनावी तैयारियां तेज़ हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि बुधवार को बूथ संख्या 208 से 268 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि गुरुवार को बूथ संख्या 269 से 328 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

दत्तक ग्रहण से सजीव हुई ममता दंपत्ति का सपना साकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा जमशेदपुर (झारखंड) के दंपति अजय शंकर त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी कंचन त्रिपाठी को दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण हेतु शिशु विजेता कुमारी को गोद दिया गया। शिशु को प्राप्त करते ही दंपति ने अत्यंत भावुकता एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज से हमारा परिवार पूर्ण हो गया है। हम पिछले तीन वर्षों से इस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे।

यह दत्तक ग्रहण, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, नई दिल्ली, भारत सरकार के बेंटपदहे पोर्टल के माध्यम से दत्तक ग्रहण विनियमन, 2022 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अंतर्गत सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर विधिवत रूप से संपन्न किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजकुमार सिंहा, प्रभारी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा ने बताया कि 14 मई 2025 तक विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, नवादा से कुल 58 शिशुओं का दत्तक ग्रहण किया गया है, जिनमें 45 शिशु देश के भीतर एवं 13 शिशु विदेशों में दत्तक लिए गए हैं। वर्तमान में भी संस्थान में कुछ शिशु आवासित हैं जिनकी दत्तक प्रक्रिया प्रगति में है। इस भावनात्मक अवसर पर बाल कल्याण समिति, नवादा के सदस्यगण, संस्थान के प्रबंधक आदर्श निगम एवं अन्य कर्मीगण भी उपस्थित थे। जिला प्रशासन नवादा इस पुनीत कार्य में सहयोग करने वाले सभी संबंधित विभागों, संस्थाओं एवं भावी पालकों का आभार प्रकट करता है तथा इच्छुक दंपतियों से अपील करता है कि वे विधिक एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से दत्तक ग्रहण कर समाज में सकारात्मक योगदान दें और एक नन्हे जीवन को स्नेह एवं सुरक्षा प्रदान करें।

कौआकोल में दूसरे दिन 29 शिक्षकों को मिले नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कौआकोल। राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देश पर कौआकोल प्रखंड अंतर्गत बापू इंटर विद्यालय, पाण्डेयगंगौट में बुधवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बीपीएससी टीआरई-3 के तहत चयनित 29 शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति सह पदस्थापना पत्र प्रदान किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) सुशील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कौआकोल प्रखंड में टीआरई-3 परीक्षा के माध्यम से कुल 107 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इनमें से 63 अभ्यर्थियों को मंगलवार को आयोजित पहले विशेष शिविर में नियुक्ति पत्र सौंपा जा चुका है, जबकि शेष 29 अभ्यर्थियों ने बुधवार को अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त किया। बीइओ सुशील कुमार ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए उन्हें ईमानदारी एवं निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी होती है। इस अवसर पर एमडीएम प्रभारी संजय पासवान, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार, शिक्षक अरुण कुमार, रतन कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

12वीं बोर्ड की वाणिज्य परीक्षा में जिला टॉपर बना निखिल राज

नारदीगंज,नवादा। सीबीएसई का परिणाम मंगलवार को प्रकाशित हुआ है। जिसमें मॉर्डन इंग्लिश स्कूल, नवादा छात्र निखिल राज 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके 12वीं बोर्ड की वाणिज्य विषय में जिला टॉपर बना। उसे 12वीं की बोर्ड में अकाउंट में 94 प्रतिशत अंक व पेंटिंग में 95 प्राप्त कर स्वजन के साथ सभी को गौरान्वित कर दिया है। नारदीगंज प्रखंड के नारदीगंज बाजार निवासी संजय कुमार गुप्ता (पूर्व पत्रकार) व उनकी धर्मपत्नी ज्योति किरण गुप्ता (शिक्षिका) का पुत्र निखिल राज है।

भारत बोध को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत : नालंदा में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

डॉ. पंकज कुमार सिन्हा

नालंदा में आयोजित भारत बोध : एक परिचर्या विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सोमवार को सफलता के साथ संपन्न हो गई। संगोष्ठी का आयोजन भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा इतिहास संकलन समिति, बिहार के माध्यम से किया गया, जिसमें नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी और नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ का विशेष सहयोग रहा। समापन समारोह में मुख्य वक्ता प्रो. आनंद शंकर सिंह, सदस्य, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, ने कहा कि भारत बोध की परंपरा हमारे धार्मिक ग्रंथों और सांस्कृतिक परंपराओं में गहराई से निहित है, लेकिन आज आम जनमानस इससे अनभिज्ञ है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रमों में सम्मिलित कर भारत बोध को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता है। समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह के प्रो. राजेश रंजन ने की। वहीं कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रामाकांत शर्मा ने किया। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन इतिहास संकलन समिति, बिहार के अध्यक्ष एवं संगोष्ठी समन्वयक डॉ. राजीव कुमार ने किया।

इस अवसर पर नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ के प्राचार्य डॉ. रामकृष्ण परमहंस विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अंग्रेजी साहित्य में भी भारत बोध की झलक मिलती है। उन्होंने टी.एस. एलियट जैसे लेखकों के उदाहरणों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक उपस्थिति को रेखांकित किया।

इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव और संगोष्ठी आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. राजीव रंजन ने बताया कि तीन दिवसीय इस संगोष्ठी में देशभर से आए लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान 249 शोध सारांशों का प्रकाशन किया गया, 16 तकनीकी सत्र और 3 विशेष अकादमिक सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में सुरेश पांडेय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, इतिहास संकलन योजना, ने 'इतिहास और इतिहास बोध' की व्याख्या करते हुए रिसर्च की प्रक्रिया, उद्देश्य और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में संगोष्ठी को सफल बनाने में योगदान देने वाले लोगों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और नालंदा की ऐतिहासिक सील प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मीता, डॉ. नृपेंद्र कुमार, डॉ. अशोक कुमार प्रियदर्शी, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. सूर्यनारायण, डॉ. हे. गोयल, डॉ. निगम भारद्वाज, डॉ. आभा समेत अनेक विद्वानों की सहभागिता रही। समापन समारोह में नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. समीर कुमार शर्मा ने घोषणा की कि संगोष्ठी की प्रोसिडिंग विश्वविद्यालय के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी। इस संगोष्ठी ने न सिर्फ भारत बोध की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक व्याख्या को रेखांकित किया, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी समसामयिक विमर्श की धुरी बन सकती है।

सिद्धचक्र विधान में जैन श्रद्धालुओं के उत्साह को लगो पंख

महामंडल विधान का चतुर्थ पूजन कर सिद्ध प्रभु के चरणों में अर्पित किए 64 अर्घ्य

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। स्थानीय जैन धर्मावलंबियों द्वारा आयोजित नव दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं के उत्साह को पंख लग गए हैं। आयोजन के चौथे दिन बुधवार को श्री सिद्धचक्र विधान के चतुर्थ पूजन का परंपरागत धार्मिक माहौल में मंत्रोच्चार के साथ आयोजन किया गया। नवादा जैन समाज के प्रतिनिधि दीपक जैन ने बताया कि चतुर्थ दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में विश्व शांति एवं प्राणिमात्र के कल्याणार्थ आयोजित इस परम पावन अनुष्ठान का शुभारंभ यंत्राभिषेक, जिनाभिषेक एवं महाशांति धारा के बाद अष्ट द्रव्य से देव शास्त्र गुरू की पूजा से हुई। तदुपरांत जैन धर्मावलंबियों ने पूरे भक्तिभाव के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का चतुर्थ पूजन कर सिद्ध प्रभु के चरणों में 64 अर्घ्य समर्पित किए। प्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत श्रमण मुनि 108 विशल्य सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से आयोजित इस सर्व मंगलकारी अनुष्ठान में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। सर्व मंगलकारी मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा है। अम्बाह (मध्य प्रदेश) निवासी पं. महेंद्र जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में यह अनुष्ठान हो रहा है। संध्या समय मंगल महाआरती एवं भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। धार्मिक संगीत मंडली की भक्तिमय प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने भक्तिगंगा में खूब डुबकी लगाई।

आज के इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय जैन समाज के दीपक जैन, अभय बड़जात्या, उदय बड़जात्या, जय कुमार छाबड़ा, अशोक कुमार जैन, मनोज काला, प्रदीप सेठी, महेश जैन, सुरेश काला, विकास काला, भीमराज गंगवाल, लक्ष्मी जैन, सुनीता बड़जात्या, चंदा बड़जात्या, मंजू बड़जात्या, संतोष पांड्या, सुषमा जैन, प्रेमलता काला, शीला जैन, संतोष छाबड़ा, श्रुति जैन, श्रेया जैन, गहना बड़जात्या, राशि जैन, नैंसी जैन, अनिता जैन, रिया काला एवं टुनकी बड़जात्या सहित भारी संख्या में स्थानीय जैन समाज से जुड़े महिला-पुरूषों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

बालिकाओं में मुनिश्री को आहार देने को लेकर दिखा भारी उत्साह

श्री दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में विराजमान श्रमण मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज को आहार देने को लेकर स्थानीय जैन बालिकाओं में भारी उत्साह दिखा।

संतानों को कार नहीं, संस्कार देने की जरूरतः विशल्य सागर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। श्रमण मुनि श्री 108 विशल्य सागर महाराज ने कहा कि वर्तमान में लोग भगवान की भक्ति भावना से नहीं, बल्कि कामना की पूर्ति के लिए कर रहे हैं। यही कामना मानव को सांसारिक दुःखों से ग्रसित करती है और मानव इन्हीं सांसारिक दुःखों के भंवर में फंसकर अपना बेड़ा गर्क कर लेता है। मुनिश्री नवादा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में स्थानीय जैन धर्मावलंबियों द्वारा आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ये बात कही।

मुनिश्री ने कहा कि भगवान की भक्ति निष्काम भाव से करनी चाहिए। कामनारहित हो निष्काम भाव से की गई भगवान की भक्ति भक्त को भगवत्व के पथ पर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बच्चे अपने संस्कार को ताख पर रख कर अपने जीवन में कुसंगतियों को उतार रहे हैं। वजह यह है कि आज कल के अभिभावक अपनी संतानों को 'संस्कार' नहीं, बल्कि 'कार' थमाते हैं। संस्कार के आभाव में बच्चों के चरित्र का निर्माण नहीं हो रहा, जिसकी वजह से वे अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्कार के आभाव में संस्कृति को सुरक्षित रखने की परिकल्पना करना बेमानी है। उन्होंने आह्वान किया कि अपनी संतान को कार नहीं, संस्कार दें एवं अपनी संस्कृति को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया में अपना सक्रिय योगदान दें। अपने उद्बोधन के दौरान मुनिश्री विशल्य सागर जी महाराज ने ब्रह्मचर्य आश्रम,गृहस्थ आश्रम व सन्यास आश्रम का सारगर्भित विश्लेषण के साथ ही श्री सिद्ध चक्र विधान एवं णमोकार महामंत्र की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूज्य माता जी क्षुल्लकश्री एवं ब्रह्मचारिणी भारती बहन व अलका बहन के साथ ही भारी संख्या में स्थानीय जैन धर्मावलम्बी उपस्थित थे।

लद्दाख में नवादा के लाल मनीष कुमार शहीद, दो माह पहले ही हुई थी शादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। जम्मू-कश्मीर के लद्दाख में तैनात नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत पाण्डेय गंगौट गांव निवासी सेना के जवान मनीष कुमार (उम्र 26 वर्ष) वीरगति को प्राप्त हो गए। वह भारतीय सेना में नर्सिंग असिस्टेंट के पद पर तैनात थे। शहीद मनीष के शौर्य की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के होनहार, अनुशासित और मिलनसार स्वभाव के मनीष कुमार की शादी महज दो माह पूर्व उनके पैतृक गांव में धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद वे ड्यूटी पर लद्दाख लौट गए थे। मंगलवार को उनके परिजनों को सेना के अधिकारियों से सूचना मिली कि मनीष कुमार ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए हैं। इस खबर के फैलते ही पाण्डेय गंगौट गांव मातम में डूब गया। परिजनों का करुण क्रंदन पूरे क्षेत्र को भावविभोर कर गया। पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर लोगों में शोक की लहर है। मनीष को जानने वाले हर व्यक्ति उनकी सहजता, अनुशासन और सेवाभाव के लिए उन्हें याद कर रहे हैं। जवान की शहादत की सूचना मिलते ही प्रशासनिक, राजनीतिक, सामाजिक और पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने गहरी संवेदना जताई है। हर कोई इस असहनीय क्षति से मर्माहत है और शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। शहीद मनीष कुमार का पार्थिव शरीर उनके गांव लाए जाने की प्रतीक्षा जिलेभर में की जा रही है। अंतिम विदाई में हजारों लोगों के उमड़ने की संभावना है। देश के लिए बलिदान देने वाले इस सपूत को पूरा नवादा नमन कर रहा है।

शादी के छह दिन बाद प्रेमी संग फरार हुई युवती, थाने में जुटे दोनों पक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। थाना क्षेत्र के चमरबिगहा गांव में एक अनोखी और विवादास्पद घटना सामने आई है, जहां विवाह के महज छह दिन बाद ही एक नवविवाहिता अपने प्रेमी संग फरार हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों के सैकड़ों परिजन न्याय की गुहार लगाने रजौली थाना पहुंचे, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चमरबिगहा गांव निवासी युवती का विवाह 6 मई को फतेहपुर के समीप एक गांव के युवक से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद ही युवती ससुराल से गायब हो गई और प्रेमी के साथ भागने की बात सामने आई। यह खबर मिलते ही ससुराल पक्ष ने लड़की के मायके वालों को सूचित किया।

परिजनों द्वारा लगातार दबाव बनाए जाने पर प्रेमी ने युवती को उसके घर भेज दिया। हालांकि, लड़की अब भी प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी हुई है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने पूरे हर्षोल्लास के साथ बेटी की शादी की थी, लेकिन उसकी इस हरकत ने पूरे परिवार को समाज में शर्मसार कर दिया है। लड़के पक्ष का कहना है कि यदि लड़की इस विवाह को स्वीकार नहीं कर रही है, तो उसका विवाह उसके प्रेमी से ही करवा दिया जाए, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सके।

इस पूरे मामले पर प्रभारी थानाध्यक्ष सह अपर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि लड़की के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है और विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

मुख्यमंत्री ने धर्मपत्नी स्व. मंजू कुमारी सिन्हा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी धर्मपत्नी स्व. मंजू कुमारी सिन्हा की पुण्य तिथि के अवसर पर मंजू कुमारी सिन्हा स्मृति पार्क, कंकड़बाग जाकर स्व. मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री मंजू कुमारी सिन्हा स्मृति पार्क कंकड़बाग से अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा, हरनौत स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका पहुंचकर अपनी धर्मपत्नी स्व. मंजू कुमारी सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अपनी माता स्व. परमेश्वरी देवी एवं अपने पिता कविराज स्व. रामलखन सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के सुपुत्र निशांत कुमार, बड़े भाई सतीश कुमार सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी स्व. मंजू कुमारी सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल्याणबिगहा स्थित अपने पुश्तैनी गांव के देवी मंदिर में राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं उनके त्वरित निष्पादन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

भारोत्तोलन में केरल की अमृता पिसूनी के नाम रहा स्वर्ण पदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। खेलो इंडिया युथ गेम्स 2025 राजगीर स्पोर्ट एकेडमी में फाइनल भारोत्तोलन प्रतियोगिता में महिलाओं की प्लस 81 किलोग्राम वेट कैटेगरी में मुकाबले हुए, जिसमें स्वर्ण पदक केरल की अमृता पिसूनी के नाम रहा। उन्होंने स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 102 किलोग्राम यानी कुल 181 किलोग्राम भार उठाया। रजत पदक आंध्र प्रदेश की करनाती नागा रामालक्ष्मी के नाम रहा। उन्होंने स्नैच में 75 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 101 किलोग्राम यानी कुल 176 किलोग्राम का भार उठाया। कांस्य पदक पंजाब की गगनदीप कौर के नाम रहा। उन्होंने स्नैच में 77 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 90 किलोग्राम यानी कुल 167 किलोग्राम भार उठाया। अब बालकों की 102 किलोग्राम हेवीवेट कैटेगरी के मुकाबले शुरू हुए। इस कैटेगरी में स्वर्ण पदक हरियाणा के सन्नी भाटी के नाम रहा। उन्होंने स्नैच में 117 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 151 किलोग्राम यानी कुल 268 किलोग्राम भार उठाया। रजत पदक जम्मू और कश्मीर के सात्विक लूथरा के नाम रहा। उन्होंने कुल 263 किलोग्राम का भार उठाया। कांस्य पदक बिहार के उज्जवल सिंह के नाम रहा। उन्होंने कुल 241 किलोग्राम भार उठाकर बिहार के लिए पदक जीता। खेलो इंडिया यूथ गेम्स भारत की एक प्रमुख खेल पहल है जिसका उद्देश्य देश में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करना है। इस कार्यक्रम ने भारत को वैश्विक प्रतियोगिताओं में सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की मेजबानी दिल्ली कर रही है, जिसमें पहली बार 27 खेलों को शामिल किया गया है।

आपसी विवाद में भाई ने भाई को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। इसलामपुर प्रखंड के एक गांव मे एक स्टील के कटोरे को लेकर अपने ही सहोदर भाई ने भाई को गोली मारकर हत्या कर दिया। बताया जाता है कि खुदागंज थाना क्षेत्र के शोभा विगहा गांव मे घर मे स्टील का कटोरा को लेकर महिलाओं के बीच हुए विवाद के बाद अपने ही सगे भाई ने भाई को गोली मार दी। घटना के बाद परिजनों के द्वारा जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए इसलामपुर लाया जा रहा था की रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक व्यक्ति इसलामपुर थाना क्षेत्र के शोभाबिगहा गांव निवासी रामाधीन यादव का पुत्र अजीत कुमार बताया जाता है। घटना के सूचना मिलते ही खुदागंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहाशरीफ भेज दिया। आरोपी भाई सुजीत कुमार की पत्नी का कहना था। घर से कटोरा मृतक अजीत कुमार का पुत्र ने चोरी कर लिया है। इसी बात के लेकर दोनों भाइयों के पत्नियों के बीच जमकर झगड़ा हुआ। विवाद इतना बढ़ गया की बड़े भाई सुजीत कुमार ने अपने पत्नी के सहयोग से घर से पिस्तौल निकालकर अपने ही छोटे भाई अजीत कुमार को गोली मारकर हत्या कर दिया।

हरियाणा ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में हॉकी खिताब जीता, अब लक्ष्य है जूनियर नेशनल लीग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। हरियाणा ने मंगलवार देर रात राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 1-0 से हराकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के लड़कों के हॉकी वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया। यह मुकाबला दोनों टीमों के बीच बेहद कड़ा और संघर्षपूर्ण रहा, जहां हरियाणा के कप्तान पंकज शर्मा के नेतृत्व में टीम ने अंतिम क्षणों तक संतुलन बनाए रखा और जीत दर्ज की। पंकज शर्मा ने कहा, ह्हम जीतने के लिए ही आए थे और हमने अपने लक्ष्य को पूरा किया। हमारे कोच गुरबाज सिंह ने हमें बेहतरीन ट्रेनिंग दी और हमें हमेशा ट्रैक पर बनाए रखा। हम उन्हें गौरवान्वित करना चाहते थे। मुख्य कोच गुरबाज सिंह ने कहा, हमने खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रशिक्षण दिया और पूरे आत्मविश्वास से खेले। हमारी टीम किसी भी परिस्थिति में मुकाबला करना जानती है और इस जीत ने साबित कर दिया कि हम जूनियर नेशनल्स के लिए तैयार हैं। पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाली हरियाणा की टीम ने इस बार खिताब अपने नाम किया है और अब उनकी नजरें जूनियर नेशनल टीम का हिस्सा बनने पर हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के परफॉर्मेंस निदेशक पीयूष कुमार दुबे ने कहा, खेलो इंडिया गेम्स ने कई होनहार खिलाड़ियों को सामने लाया है। शारदानंद तिवारी जैसे खिलाड़ी, जो अब जूनियर भारतीय टीम के कप्तान हैं, खेलो इंडिया से ही निकले हैं। इस वर्ष 15 केआईए (खेलो इंडिया एथलीट्स) और लगभग 80 एनसीओई (नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो वर्षों में इन खिलाड़ियों को यूरोप में ट्रेनिंग और मुकाबले खेलने का अवसर मिला है और इनमें से कई को जूनियर भारतीय टीम के लिए चुना गया है। हरियाणा की टीम आगे नेहरू कप, शास्त्री कप और एमसीसी गोल्ड कप (चेन्नई) जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जूनियर नेशनल्स की तैयारी करेगी।

मोक्षभूमि गया में पहली बार खेलों का भव्य संगम, खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का ऐतिहासिक आयोजन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया/पटना। अध्यात्म और मोक्ष की भूमि गया ने इस बार एक नया इतिहास रच दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में खेलों को प्रोत्साहन देने की दिशा में चल रहे प्रयासों के तहत गया में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का सफल आयोजन हुआ। यह ऐतिहासिक आयोजन बोधगया स्थित आईआईएम परिसर और बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ट) के अत्याधुनिक खेल परिसर में किया गया। दो दिवसीय आयोजन में तैराकी, खो-खो, थानगाटा, योग,



गतका, मलखम और कलारीपट्टु जैसे पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

गया में पहली बार इतने बड़े स्तर पर खेल आयोजन

बिहार के डेढ़ दर्जन से अधिक

जिलों सहित देशभर के विभिन्न राज्यों से आए युवा खिलाड़ियों ने इन खेलों में हिस्सा लिया। आमतौर पर बौद्ध धर्म, पिंडदान और तीर्थाटन के लिए चर्चित गया अब खेलों की दृष्टि से भी राष्ट्रीय पहचान की ओर अग्रसर है। 14 मई को सभी प्रतियोगिताओं का भव्य समापन हुआ। गया के स्थानीय नागरिकों और व्यवसायियों ने भी इस आयोजन का स्वागत करते हुए इसे शहर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। एक स्थानीय होटल व्यवसायी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि खेलो इंडिया जैसे आयोजनों से पर्यटन के अलावा खेल पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। होटल व्यवसायी सुरेंद्र कुमार के अनुसार, इस आयोजन ने गया को नई पहचान दी है, जिससे शहर की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

बिपार्ट बना गया का खेल महाकेंद्र

गया में स्थायी खेल अवसंरचना की अब तक कमी रही है, लेकिन बिपार्ट संस्थान का आधुनिक खेल परिसर अब राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की क्षमता रखता है। यहां स्थित 30 मीटर लंबा ओलंपिक साइज स्वीमिंग पुल अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उद्घाटित इस स्वीमिंग पुल में तैराकी प्रतियोगिताएं कराई गईं। बिपार्ट परिसर में 10.5 एकड़ क्षेत्रफल में फैले मैदान को विशेष रूप से खेलों के अनुकूल तैयार किया गया है, जहां फुटबॉल, वॉलीबॉल, लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, साइक्लिंग ट्रैक, दौड़ ट्रैक जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, मेजर ध्यानचंद इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्नूकर और 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग रेंज भी मौजूद हैं। जल्द ही यहां घुड़सवारी की सुविधा भी शुरू होने वाली है। बोधगया स्थित आईआईएम के विशाल परिसर में जर्मन हैंगर लगाकर मलखम और योगासन जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। ठोस आधारभूत संरचना की अनुपस्थिति के बावजूद आयोजन बेहद सफल रहा। खिलाड़ियों के रहने के लिए होटलों और सरकारी विश्रामगृहों में उत्तम व्यवस्था की गई थी, जबकि खेल स्थलों तक एसी बसों की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

बिपार्ट में आयोजित गतका प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने 9 पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसके अलावा योग और अन्य खेलों में भी राज्य के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए।

शहीद बैकुंठ शुक्ल पार्क का होगा सौंदर्यीकरण : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को गया के चाणक्यपुरी कॉलोनी स्थित शहीद बैकुंठ शुक्ल पार्क में आयोजित शहादत समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी बैकुंठ शुक्ल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को युगों तक प्रेरणास्रोत बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ल्ल14 मई 1934 को गया केंद्रीय कारा में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करने पर बैकुंठ शुक्ल जी को फांसी दे दी गई थी। यह दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक अमर तिथि के रूप में दर्ज है।ङ्क उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत 17 लाख रुपये की लागत से शहीद पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पार्क में चेकर टाइल्स युक्त पाथवे, वाल पेंटिंग, पेयजल के लिए बोरिंग, वृक्षारोपण

तथा मंच का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि उन्होंने पूर्व में 11 सितंबर 2024 को पत्राचार के माध्यम से मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि गया केंद्रीय कारा का नाम बैकुंठ शुक्ल जी के नाम पर किया जाए। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही एक शिष्टमंडल के साथ पुनः मुख्यमंत्री से मिलकर इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाएंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा, देश कभी बैकुंठ शुक्ल जी के बलिदान को नहीं भूल सकता। आज़ादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमने वाले ऐसे वीर सपूत को मैं सादर नमन करता हूं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. शांति सिंह ने की, जबकि मंच संचालन रणजीत कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथियों में बिहार विधान परिषद सदस्य अफाक अहमद खां, प्रो. अरुण कुमार प्रसाद, डॉ. अजय सिंह, लालजी प्रसाद, डॉ. रविंद्र कुमार, इकबाल जी, राम लखन स्वर्णकार, रूपेश वर्मा, संजीत कुमार, अरविंद कुमार, मकसूद मंजर, संजय रविदास, गौतम जी, प्रो. किशोर, गजेंद्र जी, गोपाल पटवा, मुकेश शर्मा, सुधीर शर्मा, सुमन जी, बृजनंदन पाठक और मनोज चंद्रवंशी उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने बैकुंठ शुक्ल जी के राष्ट्रप्रेम और बलिदान को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

मगध विश्वविद्यालय में भारत-थाईलैंड संबंधों पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय वैश्विक संगोष्ठी मगध-थाईलैंडः साझी सामाजिक-सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक, भाषाई और कला परंपराएं का भव्य समापन बुधवार को हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता कुलानुशासक प्रो. उपेन्द्र कुमार ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के उच्च स्तरीय शैक्षणिक आयोजन विश्वविद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता और दूरदृष्टि का प्रमाण हैं। साथ ही उन्होंने कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने की आवश्यकता बताई। समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व वित्तीय सलाहकार जयंत मिश्रा ने आसियान और बिम्सटेक देशों के विद्वानों की भागीदारी को ऐतिहासिक बताया।

उन्होंने कहा कि मगध की धरती से वैश्विक बौद्ध संवाद का यह मंच गर्व और गौरव का विषय है।

वर्ल्ड बुद्धिस्ट कल्चरल फाउंडेशन के अध्यक्ष भंते दीपांकर सुमेधो ने बौद्ध विचारों की कलात्मक और पुरातार्त्विक प्रस्तुति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बुद्ध के संदेशों को वैश्विक जनमानस तक पहुंचाने की यह एक सशक्त माध्यम है। समापन सत्र के मुख्य वक्ता दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद सिंह रहे। उन्होंने अपने शोधपूर्ण व्याख्यान में भारत और थाईलैंड के बीच सभ्यतागत निरंतरता, बौद्ध धर्म के संचरण, समुद्री व्यापार तथा सांस्कृतिक प्रतीकों के साझा इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से थेरवाद बौद्ध धर्म में मगध की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया। पूर्वाह्न सत्र में कुल 12 विद्वानों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए, जिनमें डॉ. बच्चन कुमार (आईजीएनसीए, नई दिल्ली), डॉ. कराबी मित्रा (कलकत्ता विश्वविद्यालय), शंकर शर्मा, डॉ. कुणाल किशोर, डॉ. जनमेजय सिंह और लोलिम्ब राज मिश्रा प्रमुख रहे। इन शोधपत्रों ने मगध और थाईलैंड के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और स्थापत्य संबंधों पर गहन चर्चा को दिशा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मीनाक्षी और डॉ. दिव्या मिश्रा ने किया। संगोष्ठी के संयोजक एवं सचिव डॉ. विनोद कुमार यादवेंदु ने सभी सहभागियों, वक्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे विभाग की बड़ी उपलब्धि बताया। इस आयोजन में विभाग के शिक्षक डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. जन्मेजय सिंह, डॉ. अनूप भारद्वाज, डॉ. विजयकांत यादव, डॉ. चंद्र प्रकाश और आलोक रंजन सहित विद्यार्थियों की भी अहम भूमिका रही।

स्वास्थ्य मंत्री ने तीन स्वास्थ्यकर्मियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। सामुदायिक स्तर पर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला के बेहतर स्वास्थ्यकर्मियों को फ्लोरेंस नाइटेंगल नर्स अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम तथा नर्स शामिल हैं। उत्कृष्ट एवं सराहनीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने को लेकर राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को चिन्हित करते हुए फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 मई को अधिवेशन भवन सचिवालय परिसर पटना में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग के मंत्री मंगल पांडेय द्वारा प्रशस्ति पत्र, एक मेडल और निर्धारित सहयोग राशि 10 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में प्रभावती अस्पताल की नर्स जुही गौरव, इमामगंज प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत एएनएम पिंकी कुमारी, इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत बीकोपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत कुमार शर्मा शामिल हैं।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स थांग-टा में मेजबान बिहार ने रचा इतिहास, मणिपुर का दबदबा बरकरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। मणिपुर की पारंपरिक मार्शल आर्ट थांग-टा, जो खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 (केआईवाईजी) में शामिल पांच स्वदेशी खेलों में से एक है, बुधवार को गया के बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रूरल डेवलपमेंट (बिपार्ड) में समाप्त हुई। मेजबान बिहार ने इतिहास रचते हुए पहली बार दो स्वर्ण पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया, जबकि मणिपुर ने सबसे ज़्यादा तीन स्वर्ण पदकों के साथ अपना दबदबा बनाए रखा। बिहार की ओर से प्रिय प्रेरणा और माहिका कुमारी ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया। कुल आठ स्वर्ण पदकों में से मणिपुर ने तीन, बिहार और असम ने दो-दो, जबकि मध्य प्रदेश ने एक स्वर्ण पदक जीता। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए प्रयासरत है और अगर ऐसा हुआ तो इन खेलों को ओलंपिक में जगह बनाने का प्रयास किया जाएगा। 70 वर्षीय हुइद्रोम प्रेमकुमार, जो थांग-टा के पुनरुत्थान के मुख्य स्तंभ रहे हैं, ने खेल की यात्रा पर प्रकाश डाला। प्रेम कुमार ने कहा कि मैंने अपनी पूरी ज़िंदगी थांग-टा को समर्पित कर दी है। हम जहां हैं, उस पर गर्व है, लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। स्थानीय मार्शल आर्ट्स को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। प्रतियोगिता और प्रतिभागिता में थांग-टा में दो वर्ग शामिल थे। जिसमें फुनबा अमा में पारंपरिक संस्करण जिसमें तलवार (चैबी) और ढाल (चुंगोई) का उपयोग होता है। फुनबा अनीशुबा में प्रेमकुमार द्वारा विकसित संस्करण, जिसमें ढाल नहीं होती, लेकिन किकिंग की अनुमति होती है।25 राज्यों के 128 खिलाड़ियों ने चार भार वर्गों (-52 केजी, -56 केजी लड़कियाँ; 56 केजी, 60 केजी लड़के) में भाग लिया।12 से 14 मई तक चले इस तीन दिवसीय आयोजन में प्री-क्वार्टरफाइनल से लेकर फाइनल तक रोमांचक मुकाबले हुए। बिहार के कोच सारंगथेम टीकेन सिंह, जो मूल रूप से मणिपुर से हैं, ने बिहार की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

कारपेट कारीगरों को मिला नया सहारा, टूलकिट का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। जिले के कारपेट कारीगरों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा मंगलवार को टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना के अंतर्गत डिजाइन एवं प्रौद्योगिकी विकास कार्यशाला के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र, गया के महाप्रबंधक ने स्वयं कारीगरों को टूलकिट वितरित किए। उन्होंने कहा, यह पहल हमारे पारंपरिक कारीगरों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। इससे उन्हें तकनीकी मजबूती मिलेगी और उनके उत्पादों की गुणवत्ता में भी सुधार होगा, जो अंततः उनकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाएगा। कार्यक्रम के तहत करीब 30 लाभुक कारीगरों को कारपेट लूम टूलकिट प्रदान की गई, जिनमें उनके काम के लिए आवश्यक तमाम उपकरण शामिल हैं। इन टूलकिट्स के माध्यम से कारीगर अब अधिक कुशलता और दक्षता से अपना कार्य कर सकेंगे। इस योजना का मूल उद्देश्य पारंपरिक हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्षेत्र से जुड़े कारीगरों को तकनीकी सहायता प्रदान कर उनकी आय में वृद्धि करना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना है।

विश्व प्रसिद्ध स्थल की गरिमा एवं महत्व को ध्यान में रखते हुए गैर कानूनी कार्य में न हो शामिल : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। बीटीएमसी एक्ट को लेकर 12 फरवरी से अब तक आंदोलन चल रहा है।जिला प्रशासन द्वारा इनके साथ कई बार वार्ता किया गया। आखिरी वार्ता 10 मई को भी किया गया है।जिले के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम को आंदोलनकर्ता द्वारा 10 मई के वार्ता में आंदोलन समाप्त करने का आश्वासन भी दिया गया था लेकिन आंदोलन समाप्त नहीं किया गया। आंदोलनकर्ताओं को गृह विभाग पटना, मुख्यमंत्री सचिवालय में उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ मुलाकात भी करवाई गई है तथा राज्यपाल ने स्वयं आंदोलनकर्ताओं के साथ मुलाकात का इच्छा व्यक्त कर, भेंट भी किया है। इस प्रकार हर स्तर पर उनके बात रखने में प्रशासन द्वारा मदद की जा रही है, लेकिन कुछ बाहर के लोग द्वारा भी आंदोलन के नाम पर गैर कानूनी कार्य मे शामिल हो रहे हैं। ऐसे लोगों को सीसीटीवी, वीडियोग्राफी के माध्यम से चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने लोगो से अनुरोध किया है कि इस विश्व प्रसिद्ध स्थल के गरिमा एवं महत्व को ध्यान में रखते हुए गैर कानूनी कार्य में नहीं शामिल हो। कुछ प्रमुख आंदोलनकर्ता जो गैर कानूनी कार्य मे जुड़े थे, उन्हें गिरफ्तार भी किया गया है।

147 शिक्षकों को बीईओ ने दिया नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गया)। बीइओ रेणु कुमारी ने बुधवार को संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय वज़ीरगंज में बीपीएससी टीआरई-3 में सफल 147 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया मजिसमें प्राथमिक विद्यालय में 49, उच्च प्राथमिक विद्यालय में 48, माध्यमिक विद्यालय में 31 एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 19 शिक्षकों नियुक्ति पत्र दिया गया। समारोह में मौजूद नवनियुक्त शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए बीइओ रेणु कुमारी ने कहा कि शिकक राष्ट्र निर्माता होता है, अतः आप सभी शिक्षको का परम कर्तब्य है कि आप राष्ट्र के भावी भविष्य के निर्माण में समर्पित होकर अपना कर्तव्य निभाएंगे। इस मौके पर डीडीओ प्रधानाध्यापक शम्भू शरण सिंह, लेखपाल मुकेश कुमार सहित नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी नवनियुक्त शिक्षक मौजूद थे।

बीपीएससी शिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। प्रखण्ड संसाधन केन्द्र के प्रांगण में टीआरई 3 के तहत बीपीएससी शिक्षकों की नियुक्ति पत्र का वितरण प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमण के द्वारा बुधवार को किया गया। वितरण समारोह को संबोधित करते हुए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमण ने कहा कि आप लोग जिस विद्यालय में योगदान करेंगे। उसमें ईमानदारी पूर्वक पठन पाठन का कार्य करेंगे। आप लोग बिहार में शिक्षा का अलख जगायेंगे। वितरण समारोह के तहत 1- 5 वर्ग में 26 शिक्षक, वर्ग 6- 8 में 46 व 9-12 में 41 शिक्षकों को विभिन्न विद्यालयों में योगदान हेतु नियुक्ति पत्र दिया गया है। कार्यक्रम में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमण, संसाधन शिक्षक बसंत शर्मा, देवदत्त तिवारी, माधवेंद्र कुमार व सभी बीपीएससी शिक्षक शामिल थे।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सं. एलआरसी-3_एलएचबी-इंस्पेक्शन-सीएआर, दिनांक 12.05.2025, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय एवं तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "ड्रॉइंग के अनुसार आरए इंस्पेक्शन कोच (सैलून कार) के लिए ईआर 052110 एलडब्ल्यूएसीसीएन और ईआर 052117 एलडब्ल्यूएसीसीएन का रूपांतरण"। **निविदा कागजात का मूल्य :** रु. 0.00, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 1,67,66,476.66, **बयाना राशि:** रु. 2,33,800/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 02.06.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: www. ireps.gov.in**

MISC-60/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

नगर आयुक्त ने सफाई करने वाली एजेंसी पर लगाया दंडात्मक शुल्क, 25 से 35 प्रतिशत जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। नगर आयुक्त कुमार अनुराग के द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों पर साफ सफाई एवं नाला सफाई का जायजा बुधवार को लिया गया। जिसमें गेवल बीघा मोड़ से लेकर चांदचौरा मोड़ से लेकर विष्णुपद मंदिर। विष्णुपद मंदिर से बंगाली आश्रम होते हुए गोदावरी रोड स्थित मां मंगला गौरी मंदिर रोड तक का पैदल भ्रमण किया गया।वार्ड 36, वार्ड 39, वार्ड 41, वार्ड 42 एवं वार्ड 34 की प्रमुख सड़कों का निरक्षण किया गया। जिस एजेंसी के माध्यम से शहर की प्रमुख सड़कों का मैकेनिकल स्वीपिंग एवं मैनुअल स्वीपिंग कराया जा रहा है। इसमें कुल 50 किमी की लंबाई की सड़क को चिन्हित कर निगम बोर्ड के द्वारा एजेंसी को कार्य करने हेतु सुपुर्द किया गया है।

शर्तों के हिसाब से अप्रैल माह के अंत से एजेंसी को तीन वाहनों के माध्यम से सड़कों की साफ सफाई करवानी थी। मार्च माह में एजेंसी की केवल एक गाड़ी से हीं सफाई का कार्य कराया गया है। एजेंसी के द्वारा अब तीनों वाहन का इस्तेमाल कर कार्य कराया जा रहा है। एजेंसी के द्वारा माह मार्च से कार्य संपादित किया जा रहा है। जिस पर नगर आयुक्त द्वारा संतोषजनक नहीं पाया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि एजेंसी नई है एवं नए कार्य को सुचारू रूप से क्रियान्वयन करने में थोड़ा वक्त लग सकता है। उपरोक्त के आलोक में पर्याप्त समय एजेंसी को दिया गया है पर उसके बावजूद भी एजेंसी के कार्य में पूर्ण रूप से सुधार नहीं आया है। उपरोक्त प्रमुख मार्ग में कई जगह गंदगी पाई गई जिसको स्वयं नगर आयुक्त ने मोबाइल के माध्यम से स्वच्छ गया एप पे अपलोड किया। नगर आयुक्त द्वारा स्वयं मोबाइल ऐप के माध्यम से कुल 21 स्थानों पर जाकर जहां कचरा गिरा हुआ था, उसे ऐप पे अपलोड किया गया।साथ में एजेंसी को कड़ी चेतावनी दी गई कि अगर कार्य प्रणाली में दो से तीन दिन में सुधार नहीं आता है तो इकरारनामा रद्द करते हुए करवाई की जाएगी। फिलहाल के लिए पेनल्टी एजेंसी पे लगाई जा रही है। नगर आयुक्त द्वारा एजेंसी के समर्पित मैनुअल स्वीपिंग के विपत्र में पहले पंद्रह दिन का 100 प्रतिशत एवं माह के अंतिम पंद्रह दिनों के विपत्र में 35 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाते हुए कटौती की गई साथ में हीं, मैकेनिकल स्वीपिंग के विपत्र में 25 प्रतिशत राशि की कटौती की गई। एजेंसी के द्वारा सभी मैकेनिकल स्वीपिंग की गाड़ियों में दो जीपीएस सिस्टम लगाया गया है, जिसमें एक निगम के द्वारा लगाया गया है एवं एक एजेंसी के द्वारा खुद लगाया गया है। दोनों जीपीएस के तुलनात्मक विवरणी के बाद हीं भुगतान की प्रक्रिया की जाती है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि भले हीं जीपीएस डाटा के हिसाब से गाड़ी ने दूरी तय की परन्तु स्थल निरीक्षण में कई बार सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई थी। इसी के आलोक में एजेंसी पर दंड अधिरोपित किया गया है। एजेंसी द्वारा गारंटी दी गयी है कि कार्य प्रणाली में सुधार लाया जाएगा एवं कई सारे सुधार मई माह से लागू कर भी दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि कोई भी व्यक्ति gayaswm.in पर लॉगिन कर अपनी सफाई से संबंधित शिकायत लोकेशन के साथ पोर्टल पर दर्ज कर सकता है साथ ही, एंड्रॉयड एप वाले यूजर्स स्वच्छ गया ऐप भी डाउनलोड कर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया काफी सरल है एवं मोबाइल से इसे आसानी से दर्ज किया जा सकता है। एजेंसी एवं निगम के साफ सफाई की निगरानी इसी ऐप के माध्यम से की जा रही है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन कर अपना सफाई से संबंधित शिकायत दर्ज कर सकता है और इसपे निगम अपने स्तर से समय सीमा निर्धारित करते हुए करवाई करता है।कई लोग इसका लाभ भी ले रहे हैं और यही लोगों से अपेक्षा भी है साथ हीं, लोगों से अपील भी की गई कि सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कहीं भी कचरा न फेंके। निगम एक निर्धारित समय में हीं सफाई का कार्य करता है। नगर आयुक्त ने नाला सफाई के कार्यों की समीक्षा की।

सीयूएसबी के छात्रों ने एसआइआर यूजीसी नेट परीक्षा में बाजी मारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी (गया)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने राष्ट्रस्तरीय सीएसआईआर यूजीसी नेट - जेआरएफ 2024 परीक्षा में बाज़ी मारी है। विद्यार्थियों को मिली सफलता पर सीयूएसबी के कुलपति प्रोफ़ेसर कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा के साथ विभिन्न स्कूलों के डीन, विभागों के अध्यक्षों एवं प्राध्यापकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) द्वारा आयोजित परीक्षा में विवि के विभिन्न विभागों के छात्र - छात्राओं ने सफलता हासिल की है।उन्होंने बताया कि बायोटेक्नोलॉजी विभाग चार छात्रों को सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता मिली है। एमएससी बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम की छात्रा सानिया हक ने 91वां रैंक प्राप्त किया है और उन्होंने सहायक प्रोफ़ेसर के साथ-साथ पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त की है। वहीं विभाग के अन्य छात्र सौरव सिंघा, वैदेही राज और प्राची प्रभा ने पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त की।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सोन बराज प्रमण्डल, इन्द्रपुरी, (रोहतास)
अतिअल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सं0-01/2025-26
(केवल ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्य का विवरण –

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय)	परिमाण-विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय) रू0	बेलट्रॉन को देय "बीड प्रोसेसिंग फी" (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	सोन नदी के दायें किनारे अवस्थित औरंगाबाद जिला अन्तर्गत ओबरा प्रखंड के नवनेर ग्राम में कटाव निरोधक कार्य । (एजेण्डा सं0-220/605/2025)	165.49680	3.30994	10,000.00	3,540.00	15.06.2025

2 विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, सोन बराज प्रमण्डल, इन्द्रपुरी, (रोहतास)
3 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 13.05.2025
4 निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक 21.05.2025 के 10.00 बजे पूर्वाह्न से 23.05.2025 के 03.00 बजे अपराह्न तक (केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5 प्री-बीड मीटिंग का समय स्थान एवं तिथि : दिनांक 22.05.2025 को 02.30 बजे अपराहन में मुख्य अभियंता सिचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, डिहरी कार्यालय।
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.05.2025 के अपराह्न 03.30 बजे (केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)।
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर घोषित की जायेगी।
8 निविदा खोलने का स्थान : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
9 निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन।
10 विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु : वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in /www.wrd.bih.nic.in / www:state.bihar.nic.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
सोन बराज प्रमंडल, इन्द्रपुरी

PR. No. 003352 (WRD) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

संपादकीय

अब उठने लगे सवाल

अपने फुल स्विंग में जारी 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अचानक भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर जहां एक वर्ग ने राहत की सांस ली है, वहीं आम जनता के बीच सवाल पूछा जा रहा है कि आखिर यह सीजफायर किसकी मांग पर हुआ? पाकिस्तान की या फिर भारत की? पहलगाम आंतकी हमले के बाद जब इस पूरे मामले में भारत का अपर हैंड दिख रहा था तो ऐसा कौन सा दबाव बना कि भारत ने सीजफायर स्वीकार कर लिया? क्या यह संघर्ष को और नहीं बढ़ने देने का विवेकपूर्ण फैसला था या फिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव के आगे समर्पण था? क्या इस समूचे प्रकरण में पाकिस्तान को खुद को विक्टिम के रूप में पेश करने की रणनीति काम कर गई या फिर भारत की हेठी अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र का शिकार हो गई? सवाल यह भी है कि जब हमारी सेना ने अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया था तो कूटनीतिक मोर्चे पर हमे कदम पीछे क्यों खींचने पड़े? हमने अपनी तरफ से सिंधु जल समझौता स्थगित कर मास्टर स्ट्रोक खेला था, लेकिन दूसरी तरफ पाकिस्तान ने जवाब में शिमला समझौता रद्दकर कश्मीर विवाद में तीसरे देश की एंट्री का रास्ता खोलकर उसी भाषा में जवाब दिया, जिसकी मार हमें हमारी आत्ममुग्धता के कारण समझ नहीं आई। वरना कल तक जो अमेरिका कश्मीर मामले में बोलने से बच रहा था, वही अब कश्मीर विवाद में भारत-पाक के बीच मध्यस्थता करने का दावा सीना ठोक कर कर रहा है। उधर अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ समझौते ने भारत की स्थिति और उलझा दी है। अगर विश्व की दोनों महाशक्तियां एक हो गईं तो भारत क्या करेगा? ये ऐसे गंभीर सवाल हैं, जिनका उत्तर देश जानना चाहता है। यूं ऑपरेशन सिंदूर और उसका श्रेय सेना को दिया जा रहा है, वह ठीक भी है, लेकिन जो राजनीतिक और कूटनीतिक प्रश्न हर भारतीय के मन को मथ रहे हैं, उनका जवाब तो सरकार को ही देना होगा। जहां तक सीजफायर किसके गिड़गिड़ाने पर हुआ, इस बारे में कई थ्योरियां चल रही हैं। एक थ्योरी, जिसे भारतीय सूत्र भी बता रहे हैं, वो ये है कि भारतीय सेना की मार खाने के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका, सउदी अरब, तुर्की आदि से बचाने की गुहार की। जिसके परिणामस्वरूप में शुरू में तटस्थ दिख रहे अमेरिका ने अपना खेल शुरू कर दिया। इसमें चीन का भी हाथ हो सकता है। जबकि पाकिस्तानी सूत्रों का कहना है कि सीजफायर भारत ने मांगा था, हमने स्वीकार कर उस पर उपकार किया है। यह झूठ भी हो सकता है, लेकिन सीजफायर पर पाकिस्तान में जिस तरह जश्न मनाया गया है, उसके कई अर्थ हैं। सीजफायर किसी के कहने पर भी हुआ हो, लेकिन इस विवाद में अमेरिका को घुसने का सुनहरा अवसर मिल गया है। वैसे भारत सरकार के सूत्रों का अभी भी कहना है कि यह कोई सीजफायर नहीं है बल्कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच युद्ध न करने का परस्पर समझौता है। जिसे तोड़ने पर भारत ईंट का जवाब पत्थर से देगा। कहा यह भी जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। लेकिन सीजफायर के कारण पाकिस्तान में वहां की सेना और जेहादियों को नए सिरे से तैयारी करने का जो मौका दे दिया गया है, उसका क्या? यह आशंका तो पहले ही थी कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत को मिला अंतरराष्ट्रीय समर्थन क्या हमारे पलटवार के बाद भी जारी रहेगा? वो आशंका काफी हद तक सच साबित हुई है। बहरहाल हमें हमारी सरकार और सेना की बात पर भरोसा करना चाहिए, लेकिन सच भी सामने तो लाना ही होगा।

दिखाई दिया मोदी की युद्ध योजना का कमाल

भारत और पाकिस्तान के बीच बीते दिनों में सैन्य तनाव अपने चरम पर पहुंच गया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंक के अड्डों पर सटीक और जबरदस्त प्रहार किए। यह ऑपरेशन 7 मई की सुबह प्रारंभ हुआ और 10 मई तक भारतीय वायुसेना और थलसेना ने पाकिस्तान में कई रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाकर व्यापक नुकसान पहुंचाया। अमेरिका की मध्यस्थता से संघर्षविराम लागू किया गया, जिसने फिलहाल दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच टकराव को टाल दिया है।

अशोक भाटिया

प्रधानमंत्री मोदी की युद्ध योजना सटीक थी कि चार दिन में ही घुटने टेक दिए पाकिस्तान ने । हालाँकि भारत ने पाकिस्तान के नागरिकों पर हमला नहीं किया। यह एक युद्ध था और पाकिस्तान युद्ध हार गया। ऐसा पहले भी साढ़े तीन बार हो चुका है, लेकिन अब कहना होगा कि यह ज्यादा प्रभावी और सटीक हमला था। मोदी की सटीक भविष्यवाणियां हैं जिसने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया । वास्तव में, यह युद्ध पारंपरिक अर्थों में नहीं था, बल्कि यह भारत द्वारा पाकिस्तान को पाकिस्तान के नापाक इरादों को नष्ट करने के इरादे से सिखाया गया एक सबक था। पहलगाम में, पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पर्यटकों पर क्रूर हमले किए और उनमें से कई को उनके कपड़े उतारकर मार डाला। वे नहीं आए और उन्हें गोली मार दी गई। मोदी ने ठान लिया था कि इन आतंकियों को सबक सिखाएंगे और इसे लागू करेंगे। अगर इस जगह नेहरू या कांग्रेस की सरकार होती, तो वह विरोध प्रदर्शनों की एक श्रृंखला भेज रही होती। लेकिन यह मोदी और नेहरू या कांग्रेस के बीच एक गुणात्मक अंतर है। मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार जानती है कि उसे क्या चाहिए और वह जानती भी है कि उसे क्या चाहिए। नतीजतन मोदी की लोकप्रियता काफी बढ़ गई है। लेकिन यहां मोदी की लोकप्रियता का कोई सवाल ही नहीं था। भारत की निर्दोष बहनों की हत्या का बदला लेना जरूरी था, जिन्होंने अपनी कुंवारी उम्र खो दी थी और मोदी ने यही किया। इसलिए, यह मोदी ही थे जिन्होंने इस ऑपरेशन को सही नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' दिया।

विपक्ष अब भारत को ज्ञान सिखा रहा है कि भारत ने युद्ध क्यों नहीं किया और उसे पाकिस्तान को पूरी तरह से नष्ट कर देना चाहिए था। अगर ऐसा होता, तो वही विपक्ष कहता कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान के लोगों को मार दिया। इसलिए मोदी चुप रहे और उन्होंने अपना बदला भी दिया और महिलाओं को न्याय भी दिया। यह जानते हुए कि पाकिस्तान को पाकिस्तान की किसी भी गलती का शिकार नहीं होना चाहिए, मोदी ने अब पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। अगर लोग मारे गए होते, तो पाकिस्तान ने गंभीर शपथ ली होती। यह भौंरा होता। लेकिन अब उसके पास वह मौका नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें तबाह किया है। इस बीच मसूद अजहर के परिवार की हत्या कर दी गई है। यह मसूद अजहर वही है जिसने कंधार में विमान अपहरण मामले में भारतीयों को बंधक बनाकर रखा और उनकी सहिष्णुता का अंत देखा। उनके परिवार के नौ सदस्य मारे गए हैं, जबकि एक अन्य आतंकवादी अब्दुल रऊफ भी ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया है। यह युद्ध नहीं था, बल्कि पाकिस्तान को उसकी जबरदस्त आक्रामकता की सजा थी। आतंकवादी शायद यह सबक भूल गए होंगे। अब, यह भारत में कांग्रेस सरकार नहीं है, बल्कि मोदी की भाजपा की सरकार है और यह हमें थोड़ी सी गलती के लिए प्रायश्चित देती है। भारत को पाकिस्तान के युद्धविराम पर भरोसा नहीं है। पाकिस्तान को चेतावनी दी गई है कि अगर पाकिस्तान ने अब से कुछ भी गलत किया तो इसका मतलब होगा कि उसने भारत के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया है।

इससे सिंधु जल संधि के निलंबन की व्यवस्था पहले से ही हो चुकी है। मोदी ने सिंधु जल संधि के निलंबन की व्यवस्था की है। इससे पाकिस्तान के नाक और मुंह में पानी चला गया है, जो पानी की कमी के कारण उसकी खेती को सुखा देगा। और कई आर्थिक उपाय किए गए हैं जो पाकिस्तान के जीवन को मुश्किल बना देंगे। गलत का एहसास करना जरूरी था और मोदी ने यह किया है। भारत ने इस ऑपरेशन में आतंकी कैंपों पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया था। यह सफलता बहुत बड़ी है। भारत ने कहीं भी लोगों की रक्षा नहीं की है। इसके विपरीत, पाकिस्तान ने अपने ही लोगों को बचाकर भारतीय सेना पर हमला किया। लेकिन ये सभी हमले विफल रहे। अब पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखा दिया गया है कि वह कुछ सालों तक उससे मुंह नहीं मोड़ पाएगा। न सिर्फ पाकिस्तान की गतिविधियों पर रोक लगेगी, बल्कि भारत अब पहलगाम नरसंहार को अंजाम देने वाले आतंकियों को मारने पर ध्यान देगा। क्योंकि यह भारत का घाव है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी भाग गए हैं। जब तक उन्हें दंडित नहीं किया जाता तब तक भारत का बदला अपर्याप्त होगा। अब पाकिस्तान शांति की शिक्षाओं को याद कर रहा है।

पाकिस्तान के दैनिक 'द डॉन' ने सलाह की खुराक दी है कि युद्ध कैसे गलत है। लेकिन किसने पहले शुरू किया और पाकिस्तान इतने लंबे समय से ऐसा ही कर रहा है। अब पाकिस्तान को भारत से वैसी ही या उससे भी कठोर प्रतिक्रिया मिल रही है। यदि आप शांति चाहते हैं, तो आपको मजबूत होना होगा। कमजोरों की पुकार पर कोई जवाब नहीं देता। भारत ने इसे साबित कर दिया है। हालांकि, पाकिस्तान ने बार-बार साबित किया है कि वह अभी भी नहीं सुधर रहा है। उसने संघर्ष विराम के बाद भी गोलीबारी जारी रखी है। पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय क्षेत्र में आ रहा है और कई घरों को नुकसान पहुंचा है। कुछ जगहों पर लोगों की मौत भी हुई है। पाकिस्तान किसी भी सूरत में सुलह की बात नहीं समझता। वह बर्बादी की भाषा समझता है। अगर ऐसा होता है तो भारत अब उसी तरह से जवाब देगा। मोदी ने पाकिस्तान को सबक सिखाया है, लेकिन अगर पाकिस्तान इसे नहीं समझता है तो पाकिस्तान को व्यापक हमले की बात करनी पड़ेगी। पाकिस्तान का खनन कार्य अभी भी जारी है। अगर वो नहीं रुके तो भारत को आखिरी झटका भुगतना पड़ेगा। ये सच है कि दुनिया का कोई भी देश पाकिस्तान को नहीं बचा सकता। वैसे, डोनाल्ड ट्रम्प संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे निस्वार्थ राष्ट्रपति हो सकते हैं जब यह अंतरराष्ट्रीय संघर्षों की बात आती है। 'उन्हें देखना चाहिए' उनके पसंदीदा शब्द हैं। फिर भी उन्होंने रूस और यूक्रेन के साथ-साथ इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम लाने के लिए पर्दे के सामने या पीछे से काम किया। उन्होंने शुरू में कहा था कि दोनों देश संघर्ष विराम की घोषणा से लगभग 48 घंटे पहले 'इसे जल्द से जल्द हल करेंगे'। संघर्ष विराम की घोषणा सबसे पहले शनिवार शाम को की गई थी। असली अर्थ यह है कि वह पहली जगह में यह घोषणा कर रहा है। ट्रम्प के सभी कार्यों में नाटक है, जो यहां भी स्पष्ट था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति वेंस युद्धविराम के लिए दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों, राज्य सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ निकट संपर्क में थे। सीएनएन और कई चैनलों ने बताया है कि उन्होंने अभी तक इनकार नहीं किया है कि उन्हें ऐसा करने की अनुमति दी गई है। ट्रंप परिणाम का श्रेय लेना चाहते थे। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि हमने उन्हें इसे लेने क्यों दिया। इजरायल-हमास, रूस-यूक्रेन संघर्ष अभी भी उग्र है। कम से कम भारत-पाकिस्तान के पहले कुछ घंटों में, संघर्ष विराम शाम 5 बजे से लागू हो गया, हमने शाम 6 बजे एक घोषणा की, लेकिन 7 बजे से हमारे पास जम्मू-काशीर और फिर पंजाब, राजस्थान, गुजरात के आसमान में पाकिस्तानी ड्रोन फिर से दिखाई दिए। जम्मू-कश्मीर बॉर्डर से भी पाकिस्तानी फायरिंग शुरू हो गई। हमें इस बात पर संदेह है कि क्या पाकिस्तान युद्धविराम के बारे में वास्तव में गंभीर है, और इस सभी भ्रम की व्याख्या करने से पहले, युद्धविराम पर भारत और पाकिस्तान की स्थिति की जांच करना आवश्यक है। भारत ने इसे उस तरह से नहीं किया है जिस तरह से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रशंसा की है। शनिवार दोपहर, पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने भारत के सैन्य संचालन महानिदेशक से संपर्क किया और संघर्ष विराम की पेशकश स्वीकार कर ली। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी स्पष्ट कर दिया गया था कि युद्धविराम पर अगली चर्चा हो रही है । जब तक कोई ठोस फैसला नहीं होता तब तक हमारे सशस्त्र बल संघर्ष की स्थिति में जितना आवश्यक होगा उतना तैयार होंगे। भारत के लिए ऐसा कहना महत्वपूर्ण है। घोषणा के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान से जो हुआ उससे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह कितना प्रासंगिक था। भारत ने 7 मई को भोर से पहले ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 8 और 9 मई की दरम्यानी रात को पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और मिसाइल हमले किए जा रहे थे। भारत के साथ संघर्ष विराम पर सहमत होने के बावजूद संघर्ष विराम का उल्लंघन पाकिस्तान के लिए कोई नई बात नहीं है।

अध्यात्म

जो लोग परिवार से प्रेम करते हैं, धैर्य और संतोष बनाए रखते हैं

घर-परिवार में परेशानियां बनी रहती हैं, इनकी वजह से निराश नहीं होना चाहिए। हालात पक्ष में नहीं है तो हमें धैर्य के साथ आग बढ़ते रहना चाहिए। जो हमारे पास हैं, उसी में संतोष बनाए रखना चाहिए। मन शांत रहेगा, तब ही हम भक्ति कर सकते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। जानिए ये कथा...

कथा के अनुसार एक व्यक्ति के परिवार लगातार समस्याएं चल रही थीं। माता-पिता और पत्नी से भी उसका झगड़ा होता था। वह मेहनत कर रहा था, लेकिन उसे पर्याप्त धन नहीं मिल पा रहा था। निराश होकर एक दिन उसने घर-संसार छोड़कर संन्यास लेने का निर्णय कर लिया।

दुखी व्यक्ति एक संत के पास पहुंचा और संत से बोला कि गुरुजी मुझे आपका शिष्य बना लें। मुझे संन्यास लेना है। मैं मेरा घर-परिवार और काम-धंधा सब कुछ छोड़कर अब सिर्फ भगवान की भक्ति करना चाहता हूं। संत ने उससे पूछा कि क्या तुम्हें अपने घर में किसी से प्रेम है? व्यक्ति ने कहा कि नहीं, मैं अपने परिवार में किसी से प्रेम नहीं करता। संत ने कहा कि क्या तुम्हें अपने माता-पिता, भाई-बहन, पत्नी और बच्चों में से किसी से भी लगाव नहीं है।

व्यक्ति ने कहा कि गुरुजी पूरी दुनिया स्वार्थी है। मैं अपने घर-परिवार में किसी से भी प्रेम नहीं करता। मुझे किसी से लगाव नहीं है, इसीलिए मैं सब कुछ छोड़कर संन्यास लेना चाहता हूं।

संत ने कहा कि मैं तुम्हें शिष्य नहीं बना सकता, मैं तुम्हारे अशांत मन को शांत नहीं कर सकता हूं। अगर तुम्हें अपने परिवार से थोड़ा भी स्नेह होता तो मैं उसे और बढ़ा सकता था, अगर तुम अपने माता-पिता से प्रेम करते तो मैं इस प्रेम को बढ़ाकर तुम्हें भगवान की भक्ति में लगा सकता था, लेकिन तुम्हारा मन बहुत कठोर है। एक बीज ही विशाल वृक्ष बनता है, लेकिन तुम्हारे मन में कोई भाव ही नहीं है।

सीख

परिवार के साथ रहकर भी भक्ति की जा सकती है। जो लोग धैर्य और संतोष के साथ रहते हैं, वे ही भक्ति कर पाते हैं। अगर किसी के मन में प्रेम, धैर्य और संतोष नहीं है तो वह व्यक्ति अशांत ही रहेगा। शांति और भक्ति के लिए ये चीजें होना जरूरी हैं।

ऑपरेशन सिंदूर : आधुनिक युद्ध में एक निर्णायक जीत

जॉन स्पेंसर

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह से समाप्त घोषित नहीं किया है। अभी जो मौजूद है, वह ऑपरेशन में एक संवेदनशील ठहराव है - कुछ लोग इसे युद्ध विराम कह सकते हैं, लेकिन सैन्य नेतृत्व ने जानबूझकर इस शब्द से परहेज किया है। युद्ध लड़ने के दृष्टिकोण से, यह केवल एक विराम नहीं है; यह एक दुर्लभ और स्पष्ट सैन्य जीत के बाद एक रणनीतिक पकड़ है। केवल चार दिनों की सुविचारित सैन्य कार्रवाई के बाद, यह वस्तुनिष्ट रूप से निर्णायक है: भारत ने एक बड़ी जीत हासिल की। ऑपरेशन सिंदूर ने अपने रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में सफल रहा है-आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना, सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन करना, निवारक क्षमता बहाल करना और एक नए राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत का सामने आना। यह प्रतीकात्मक शक्ति नहीं थी। यह निर्णायक शक्ति थी, जिसे स्पष्ट रूप से प्रयोग में लाया गया था। भारत पर हमला हुआ। 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 26 भारतीय नागरिक, जिनमें ज़्यादातर हिंदू पर्यटक थे का नरसंहार कर दिया गया। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इसकी जिम्मेदारी ली। जैसा कि दशकों से होता आया है, इस समूह को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का समर्थन प्राप्त है। लेकिन पिछले हमलों के विपरीत, इस बार भारत ने इंतज़ार नहीं किया। उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की अपील नहीं की या राजनयिक विरोध पत्र जारी नहीं किया। इसने युद्धक विमान लॉच किए। 7 मई को, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरु किया, जो एक त्वरिक और सटीक रूप से सुविचारित सैन्य अभियान था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय और ऑपरेशन हब शामिल थे। संदेश स्पष्ट था पाकिस्तानी धरती से शुरु होने वाले आतंकवादी हमलों को अब युद्ध के कृत्यो के रूप में माना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये सिद्धांत को स्पष्ट कर दिया ''भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में विकसित हो रहे आतंकवादी ठिकानों पर सटीक और निर्णायक हमला करेगा।'' यह केवल एक जवाबी कार्रवाई से कही अधिक, एक रणनीतिक सिद्धांत का अनावरण था। जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।''

ऑपरेशन सिंदूर को जान बूझकर निम्नलिखित चरणों में क्रियान्वित किया गया :

7 मईः पाकिस्तानी क्षेत्र में गहराई नौ सटीक हमले किए। लक्ष्यों में बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद और अन्य स्थानों पर स्थित प्रमुख आतंकी प्रशिक्षण शिविर और लॉजिस्टिक्स नॉड शामिल थे।

स्र 8 मईः पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी राज्यों में बड़े पैमाने पर बहुत सारे ड्रोनों से जवाबी हमला किया। भारत के बहुस्तरीय वायु रक्षा नेटवर्क- स्वदेशी रूप से निर्मित तथा इजरायली और रूसी प्रणालियों द्वारा संवर्धित ने उनमें से लगभग सभी को निष्प्रभावी कर दिया।

9 मईः भारत ने छह पाकिस्तानी सैन्य हवाई अड्डों और यूएवी समन्वय केंद्रों पर अतिरिक्त हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की।

10 मईः गोलीबारी पर अस्थायी रोक लग गई। भारत ने इसे युद्धविराम नहीं कहा। भारतीय सेना ने इसे ''गोलीबारी का ठहराव'' कहा - एक अर्थपूर्ण लेकिन

जवाब दिया जाएगा। यह कोई धमकी नहीं है। यह एक मिसाल है।

2. सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन

भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर इच्छानुसार हमला करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया- आतंकवादी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र, यहां तक कि एयरबेस भी। इस बीच, पाकिस्तान भारत के अंदर एक भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसपैठ करने में असमर्थ रहा। यह समानता नहीं है। यह भारी श्रेष्ठता है। और इसी तरह वास्तविक निवारक क्षमता स्थापित होती है।

3. बहाल की गई निवारक क्षमता

भारत ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की, लेकिन पूर्ण युद्ध से पहले ही रुक गया। नियंत्रित वृद्धि ने एक स्पष्ट निवारक संकेत भेजाः भारत जवाब देगा, और वह गति को नियंत्रित करता है।

4. प्रतिपादित रणनीतिक स्वायत्तता

भारत ने इस संकट को अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की मांग किए बगोर इस संकट को संभाला। इसने संप्रभु साधनों का उपयोग करते हुए संप्रभु शर्तों पर सिद्धांत लागू किया।

ऑपरेशन सिंदूर का कब्ज़े या शासन परिवर्तन के बारे में नहीं था। यह विशिष्ट उद्देश्यों के लिए किया गया सीमित युद्ध था। जो आलोचक तर्क देते हैं कि भारत को और आगे जाना चाहिए था, वे मुद्दे को समझ नहीं पाए। रणनीतिक सफलता विनाश के पैमाने के बारे में नहीं है-यह वांछित राजनीतिक प्रभाव प्राप्त करने के बारे में है। भारत बदला लेने के लिए नहीं लड़ रहा था। वो प्रतिरोध के लिए लड़ रहा था। और यह काम कर गया। भारत का संयम कमजोरी नहीं है - यह परिपक्वता है। इसने लागत लगाई, सीमाओं को फिर से परिभाषित किया, और वृद्धि प्रभुत्व बनाए रखा। भारत ने सिर्फ़ हमले का जवाब नहीं दिया। इसने रणनीतिक समीकरण बदल दिया। एक ऐसे युग में जहां कई आधुनिक युद्ध खुलेआम कब्ज़े या राजनीतिक भ्रम में बदल जाते हैं, ऑपरेशन सिंदूर इससे अलग है। यह अनुशासित सैन्य रणनीति का प्रदर्शन थाः स्पष्ट लक्ष्य, सँरेखित तरीके और साधन, और अप्रत्याशित वृद्धि के सामने अनुकूल निष्पादन। भारत ने एक झटके को झेला, अपने उद्देश्य को परिभाषित किया, और उसे प्राप्त किया- यह सब एक सीमित समय सीमा के भीतर। ऑपरेशन सिंदूर में बल का प्रयोग भारी, लेकिन नियंत्रित था-सटीक, निर्णायक और बिना किसी हिचकिचाहट के आधुनिक युद्ध में इस तरह की स्पष्टता दुर्लभ है। ''हमेशा के लिए युद्धों'' और रणनीतिक दिशा के बिना हिंसा के चक्रों से परिभाषित एक युग में, सिंदूर अलग है। यह स्पष्ट रूप से परिभाषित लक्ष्यों, मेल खाते तरीकों और साधनों और एक ऐसे देश के साथ सीमित युद्ध का एक मॉडल प्रस्तुत करता है जिसने कभी इनेशेटिव नहीं त्यागा। 2008 के भारत ने हमलों को झेला और इंतजार किया। यह भारत तुरंत, सटीक और स्पष्टता के साथ जवाबी हमला करता है। मोदी का सिद्धांत, भारत का बढ़ता घरेलू रक्षा उद्योग और उसके सशस्त्र बलों का पेशेवराना तरीका सभी संकेत इस ओर इशारा करते है कि देश अब युद्ध की तैयारी नहीं कर रहा है। वो अगले युद्ध की तैयारी कर रहा है। ऑपरेशन में रुकावट ऑपरेशन सिंदूर का अंत नहीं है। यह एक विराम है। भारत इनिशिएटिव रखता है। यदि फिर से उकसाया गया, तो वह फिर से प्रहार करेगा। यह निवारण की बहाली है। यह एक नया सिद्धांत सामने आया है। और राज्य-प्रायोजित आतंकवाद के खतरे का सामना कर रहे सभी देशों को इसका अध्ययन करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक युद्ध था-जो, परमाणु एसक्लेशन के साय में, पूरी दुनिया की नजर इस पर थी, और एक सीमित उद्देश्य के फ़्रेमवर्क के तहत लड़ा गया था। और हर महत्वपूर्ण पैमाने पर यह एक रणनीतिक सफलता थी - और एक निर्णायक भारतीय जीत थी।

(लेखक अर्बन वारफ़ेयर इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक हैं। वे अंडरस्टैंडिंग अर्बन वारफ़ेयर के सह-लेखक हैं।)

आज का कार्टून

राशिफल

मेष

आपके सभी कार्य सुगमता से पूर्ण हो जायेंगे। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। किसी पुराने निवेश से धन लाभ मिल सकता है।

वृषभ

जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत अवश्य करनी चाहिये। सोशल मीडिया पर अफवाहों को अधिक महत्व न दें। घरेलू कलह होने की सम्भावना है।

मिथुन

दैनिक दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। शान्ति और धैर्य का परिचय दें। कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं। लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

कर्क

आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। घरेलू जीवन में सुख-शान्ति रहेगी। बड़े अधिकारियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

सिंह

पुराने रोगों के उभरने की सम्भावना है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित रहेंगे।

कन्या

कार्यक्षेत्र का वातावरण ऊर्जावान रहेगा। परिस्थितियाँ पूरी तरह से आपके लिये अनुकूल रहने वाली हैं। लम्बे समय से रुका हुआ काम आज पुनः प्रारम्भ हो सकता है।

तुला

कार्यक्षेत्र में आपको अनावश्यक काम करना पड़ेगा। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। गूढ़ विषयों का अध्ययन कर सकते हैं।

वृश्चिक

आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। नयी नौकरी शुरू करने के अवसर मिलेंगे।

धनु

सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आज नये कार्यों को आरम्भ करना उचित नहीं है। वाहन धीमी गति से चलायें। राजनीति से जुड़े लोगों को उत्तम परिणाम मिलेंगे।

मकर

धर्म-कर्म के प्रति आप काफी रुचि लेने वाले हैं। व्यापार में आप नये प्रयोग कर सकते हैं। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। मित्र आपसे सहायता की अपेक्षा रख सकते हैं।

कुंभ

परिवार के सदस्य प्रसन्न रहेंगे। जॉब में सहकर्मियों से कुछ सहायता मिलेगी। आत्मविश्वास में कमी होने की सम्भावना है। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

मीन

कार्यक्षेत्र में मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने में देरी होगी। बैंकिंग से जुड़े मामलों में परेशानी उठानी पड़ सकती है। बच्चों के साथ आप समय व्यतीत करेंगे।

स्वास्थ्य जागरुकता में एनटीपीसी को मिला गोल्ड मेडल

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा में पकड़ हुई है मजबूत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। एनटीपीसी बरौनी को देहरादून में आयोजित एपेक्स इंडिया नेशनल कान्फ्रेंस ऑन ईएसजी एंड सस्टेनेबिलिटी के दौरान स्वास्थ्य जागरुकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सेवानिवृत्त मेजर जनरल पीके सहगल एवं सेवानिवृत्त महानिदेशक डा अवनीश सिंह के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर एनटीपीसी बरौनी की ओर से पृथ्वी राज (कार्यपालक, सीएसआर) ने पुरस्कार ग्रह्ण किया। पुरस्कार मिलने की मुख्य वजह मोबाइल मेडिकल यूनिट जैसी सशक्त और सतत पहलों के माध्यम से एनटीपीसी द्वारा

स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर की जा रही सेवाभावी प्रतिबद्धता है। इस पहल ने ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा पहुंच को मजबूत किया है। यह उल्लेखनीय है कि एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस 9वें वार्षिक सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक उत्तरदायित्व और सुशासन) को कर्पोरेट संरचना में एकीकृत करना था। सम्मेलन में देशभर से आए अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, कर्पोरेट प्रतिनिधियों, पर्यावरणविदों एवं नीति निर्माताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा, कारपोरेट सामाजिक दायित्व, हरित प्रौद्योगिकी, और सामुदायिक भागीदारी जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा किए। साथ ही, कारपोरेट क्षेत्रों द्वारा पर्यावरणीय उत्तरदायित्व निभाने की आवश्यकता, स्थानीय समुदायों के साथ सतत भागीदारी और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की रणनीतियों पर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बरौनी परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने इस प्रतिष्ठित उपलब्धि पर एनटीपीसी बरौनी की टीम को हार्दिक बधाई दी और कहा कि समाज के कल्याण हेतु हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग के छात्रों ने भरी कामयाबी की ऊंची उड़ान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। दानापुर कैंट स्थित स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग ने एक बार फिर से अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में इस स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। स्कूल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 100 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 13 छात्र ऐसे रहे जिन्होंने 89% से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 12वीं में यहां के आदित्य कुमार ने 94.6 प्रतिशत, स्नेहल राज ने 94.4 प्रतिशत सुशांत ने 93.6 प्रतिशत श्रेया झा ने 93.2 प्रतिशत सत्यम कुमार ने 93.2 प्रतिशत सत्यम कुमार ने 92.8 प्रतिशत आबिद निखत ने 92% रिशांत राजित ने 91% सत्य कीर्ति कुमारी ने 90.8 प्रतिशत शिविका ने 89.4% रक्षित अनुपम ने 88.8 प्रतिशत रोशन कुमार ने 88.6% और सलोनी कुमारी ने 88.6 प्रतिशत अंक परीक्षा में हासिल किए हैं। कक्षा 10वीं के नतीजों में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुल 100 परीक्षार्थियों में से आठ छात्रों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए। दसवीं के परीक्षा परिणाम के अनुसार आदित्य राज सोनी ने 93.2 प्रतिशत आदित्य कुमार ने 91.8 प्रतिशत आयुष राज ने 89.2% शौर्य जायसवाल ने 88.6% श्रुति कुमारी ने 86.8 प्रतिशत परी जायसवाल ने 86.2% तेजस्वी राज ने 85.4% तथा प्रेम राज ने 85% अंक हासिल किया. स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग लंबे समय से अपने अभिनव शिक्षण प्रयोगों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। संस्थान के प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोगों और गुणवत्ता पर केंद्रित इस स्कूल की कामयाबी को लेकर शिक्षा जगत में एक बार फिर सकारात्मक चर्चा शुरू हो गई है।

सीबीएसई परीक्षा में आरसी एकेडमी अव्वल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में आर सी एकेडमी पोखरिया का शत प्रतिशत परीक्षाफल रहा। आयुष कुमार ने 95.4 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं रचना कुमारी ने 94.4 प्रतिशत लाकर द्वितीय एवं सन्नी भारद्वाज तथा रमेश कुमार ने (92.4 प्रतिशत) लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बात की जानकारी विद्यालय के निर्देशक मुकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों के सकारात्मक मार्गदर्शन के वजह से छात्र-छात्राओं ने बेहतर अंक प्राप्त किया। प्राचार्या सोनी कुमारी ने सफल छात्र छात्राओं के

उज्वल भविष्य की कामना की। सन्नी भारद्वाज ने गणित में सर्वाधिक 98 अंक लाकर विद्यालय तथा जिला का नाम रौशन किया। बताते चले कि अन्य छात्रों में प्रताप आनन्द (89 प्रतिशत), प्रियांशु राज (89 प्रतिशत), निधि कुमारी (87 प्रतिशत), आर्यन राज (83 प्रतिशत), सुहानी (81 प्रतिशत), हम्माद अली(81 प्रतिशत), स्पांजलि (80 प्रतिशत) ने अंक प्राप्त किए।

18 से 23 मई के बीच जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सेना के सम्मान में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। बीस दिनों पूर्व गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश कर गये बीएसएफ के जवान पूर्णम साहू की सकुशल स्वदेश वापसी का भाजपा ने स्वागत किया है। पार्टी के जिला प्रवक्ता पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि पूर्णम की रिहाई यह साबित करती है कि यह नया भारत है। जो देश की सुरक्षा और उसे सुरक्षित रखने वाले सीमा प्रहरियों की चिंता करने में जरा भी कसर नहीं छोड़ता है। जो अपने जवानों को विपत्ति में कभी भी अकेला नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा कि हम भारतवासियों के लिए आज भी यह पीड़ादायक है कि 71के युद्ध में परास्त हो चुके पाकिस्तान के 93 हजार युद्ध बंदियों को वापस करने के बावजूद कांग्रेस की तत्कालीन सरकार अपने ही देश के 54 सैनिकों को वापस लाने में विफल रही थी। नरेन्द्र मोदी की सरकार अभिनंदन को भी वापस लाती है और पूर्णम को भी। यह भारत की बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत है। जिला मुख्यालय सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। 18 से 23 मई के बीच जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रखंड एवं मंडल के गांव व प्रमुख बाजारों में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा में समान विचारधारा वाले संगठनों सहित मातृ शक्ति व आम नागरिकों की भागीदारी रहेगी। मौके पर नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन, ग्रामीण अध्यक्ष मनोज महतो, कृष्ण मोहन चौधरी, समीर श्रवण, संजय सिंह राठौड़, प्रियांशु रघुवंशी, शिम्पी गांधी, रूचि अग्रवाल आदि मौजूद थे।

94 फीसद अंक हासिल कर निहिर बने स्कूल टॉपर

सीबीएसई के 10वीं व 12वीं का रिजल्ट जारी होते ही जश्न में डूबा दिल्ली पब्लिक स्कूल मुक्तापुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल मुक्तापुर के छात्रों ने सीबीएसई की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। बाबत जानकारी देते हुए स्कूल के मीडिया प्रबंधक मो सर्फे ने बताया कि इस वर्ष कुल 59 छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया था। जिनमे से 47 छात्रों ने प्रथम तथा 12 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्णता हासिल की है। इस तरह विद्यालय का समग्र परिणाम 100 रहा, जो उत्कृष्टता प्रतीक है। विद्यालय के टॉपर्स में शामिल एक छात्र, निहीर कुमार, जिन्होंने 94 अंक प्राप्त किए हैं। निहित ने अपने सफलता का श्रेय स्कूल के मार्गदर्शन, शिक्षकों स्नेहिल सहयोग और अपने परिवार

के समर्थन को दिया है। इस अवसर पर बच्चों ने कहा कि हमारे शिक्षकों ने हमें हर कदम पर प्रोत्साहित किया और पढ़ाई को रोचक बनाया। मैं इस परिणाम से बहुत खुश हूं। परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद आयोजित एक विशेष सभा में प्राचार्य जी. एन. झा ने कहा, हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विद्यालय के शिक्षकों की विद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण, प्रतिबद्धता और उनके मेहनत ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से यह शानदार परिणाम हासिल किया है। यह न केवल उनके प्रतिभा की उपलब्धि है, बल्कि हमारे श्रमशील व विशेषज्ञ शिक्षकों और सम्मानित अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का भी परिणाम है। उन्होंने बताया कि स्कूल ने इस वर्ष डिजिटल लर्निंग और प्रैक्टिकल आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया, जिसका सकारात्मक प्रभाव परीक्षा परिणामों में देखने को मिला। मैनेजिंग डायरेक्टर मोव. राशिद ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, हमारे स्कूल का प्रत्येक छात्र और शिक्षक इस सफलता का भागीदार है। वहीं डायरेक्टर मो. अनवर ने इस अवसर पर कहा, हमारा उद्देश्य न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, बल्कि छात्रों को समग्र विकास के लिए प्रेरित करना भी है। यह परीक्षा परिणाम हमारी इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सीबीएसई की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा के बाद, स्कूल परिसर में उत्साह का माहौल है।

संत जोसेफ के बच्चों ने दिखाया जलवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। सीबीएसई का परिणाम निकलते ही सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल काली नगर बेगूसराय में बच्चों के बीच खुशी की लहर दौड़ उठी। बच्चों ने जिले में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

विद्यालय के चेयरमैन ने बताया कि साइंस निकाय में आदित्य राज ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं हर्षित वर्मा 93.8प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा और सोनम कुमारी 92.4 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावक का नाम रौशन किया। वही कमर्स निकाय में आलोक भारद्वाज ने 83.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहा, आन्या सिंह 82 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान पर तथा अभिराज भारद्वाज 81.6 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहा। वही दूसरी ओर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं की परीक्षा फल भी मंगलवार को घोषित हुई। दसवीं की परीक्षा में श्रेयांश ने 97 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, शुभम कुमार ने 96.4 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा कृष्ण झा ने 94.6 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन अभिषेक सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद और बधाई देते हुए कहा कि सफलता के लिए मार्क्स से ज्यादा आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। विद्यालय की प्राचार्या अनीता तलवार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

संत पॉल के बच्चों ने सीबीएसई में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तेघरा। सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में संत पल पब्लिक स्कूल तेघड़ा ने इस बार फिर पूरे जिला में शीर्ष स्थान पर रहा। दसवीं में कुल 254 छात्र- छात्राओं ने परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें कुल 37 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। जिसमें तेजस टिकमानी ने 97.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रहा। इन्होंने न सिर्फ परिवार बल्कि विद्यालय और अपने जिले का नाम रोशन किया। इसके बाद कुल 144 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये एवं शेष सभी बच्चे अच्छे नंबर से पास किया। विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार सिंह ने विद्यालय के प्राचार्या की दक्षता एवम शिक्षकों की कार्य-कुशलता के साथ-साथ छात्रों की कर्मठता को ही सफलता का श्रेय दिया। संत पॉल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव रामबली सिंह ने परीक्षार्थियो की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं संत पल पब्लिक स्कूल के प्रेसिडेंट लक्ष्मी कुमारी ने सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सफल बच्चो तेजस टिकमानी, अंतरा, शिवानी प्रिया, तुषार कांति, शिवानी कुमारी, आदित्य धनराज, सुहानी कुमारी, चांदनी कुमारी, सर्वेश कुमार, मोना कुमारी, प्रिया कुमारी, आदित्य राज, सोनम कुमारी आदि शामिल है। इस अवसर पर शिक्षक संजीव कुमार मिश्रा, रंजीत कुमार, राम कुमार मिश्रा, संजीव कुमार सिंह, भीम कुमार, रंजन कुमार, त्रिपुरारी सिंह, राजकिशोर, सुरेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार, एस. रामचंद्रन, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, शिव शंकर मिश्रा, राम पुनीत राय, संजीत कुमार, कुमार विकास, अविनाश कुमार, सुजीत कुमार मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी व वह अभिभावक मौजुद रहे।

समय से पहले आ सकता है मानसून, अगले पांच दिनों में उमस और गरज वाले बादलों के साथ हल्की बारिश के आसार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। देशभर में मौसम का मिजाज तेजी से करवट ले रहा है। भीषण गर्मी के बीच अब राहत की खबर सामने आ रही है। जिसके मुताबिक अगामी 18 मई तक पूरवा हवा के कारण उमस और आसमान में गरज वाले बादलों के साथ बारिश की संभावना है। इस बाबत जिले के डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी 14-18 मई, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वानुमानित अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाये रह सकते है। इस अवधि में उत्तर बिहार के जिलों के अनेक स्थानों पर गरज वाले बादलों के बनने के साथ हल्की वर्षा होने का अनुमान है। बारिश के समय हवा की गति थोड़ा तेज रह सकती है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 35 से 39 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 24-27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 10 से 20 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने का अनुमान है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 25 से 35 प्रतिशत रहने की संभावना है। वहीं भारतीय मौसम विभाग ने मंगलवार को जानकारी दी कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से, अंडमान सागर के दक्षिण और उत्तर क्षेत्र, तथा निकोबार द्वीप समूह में दस्तक दे दी है।

जीरोमाइल में टेम्पो व ई रिक्शा स्टैंड का टेंडर

एक करोड़ 15 लाख 20 हजार का हुआ टेंडर, तीन सार्वजनिक शौचालयों का भी हुआ टेंडर

कुल 18 लोगों ने किया था आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी। नगर परिषद बीहट कार्यालय में वाहन पड़ाव एवं सैरात शौचालय की बंदोबस्ती को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप ने किया। सैरात के वाहन पड़ाव में सैरात में कुल 18 लोगों ने आवेदन किया। जिनमें से 6 लोग डाक बोली में उपस्थित हुए। 6 लोगों में शुरुआत में ही 3 लोग पहले राउंड में बोली से बाहर निकल गए। शेष दीपक कुमार सुजीत कुमार, दिलीप कुमार में बोली चलती रही। जिसमें से दिलीप कुमार गुरदासपुर जीरोमाइल बीहट ने 90 लाख में वाहन पड़ाव का टेंडर अपने नाम किया। वहीं18 जीएसटी पांच प्रतिशत स्टाम्प शुल्क मिलाकर वाहन पडाव का टेंडर राशि एक करोड़, पन्द्रह लाख, बीस हजार रुपया हुआ।जो एक जून से आगामी मई 2026 तक प्रभावी रहेगा। हालांकि वाहन पडाव का टेंडर इतनी अधिक राशि आपसी वर्चस्व को लेकर हो गया। वहीं नप बीहट कार्यालय में इतनी अधिक राशि की बढ़ोतरी आंतरिक राजस्व के रूप में हो गया। जबकि 9 शौचालय का बोली लगा संजय कुमार सिंह के द्वारा 6 लाख 30 हजार रुपए के साथ टैक्स लगाकर आठ लाख, छह हजार, चार सौ रुपया हो गया है। उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार ने बताया की नगर परिषद् बीहट में पहली बार लगभग एक करोड़ रुपये की राशि का लाभ हुआ। जिससे विभिन्न विकास योजनाओं को बढ़ावा मिल सकेगा।इस अवसर पर मजिस्ट्रेट ड्यूटी में पंचायती राज अधिकारी रिमझिम गुड़िया, सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी प्रदीप कुमार, प्रधान लिपिक राजकुमार,स्वच्छता निरीक्षक मो नदीम, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जीरोमाइल थाना के पदाधिकारी व पुलिस बल तैनात थे।विदित हो कि नगर परिषद बीहट द्वारा सार्वजनिक शौचालय का दो लाख रुपया एवं टेम्पु एवं ई रिक्शा स्टैंड के डेढ़ लाख रुपया रखा गया था।वाहन पड़ाव एक करोड़, पन्द्रह लाख, बीस हजार रुपया हो गया।

संजीव सूर्यवंशी जिला क्रिकेट संघ बने अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दलसिंहसराय (समस्तीपुर)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन का आम सभा सह चुनाव निजी होटल में आयोजित की गई, जिसमें समस्तीपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व के सारे पदाधिकारी गण, समस्तीपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन से निबंधित सभी क्लबो के पदाधिकारीगण, मौजूद रहे। समस्तीपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2025-28 के लिए चुनाव संपन्न कराए गए, जिसमें सभी पदो पर एकल नामांकन होने के कारण सभी लोग निर्विरोध निर्वाचित किए गए। जिसमें अध्यक्ष पद पर संजीव सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष पद पर सत्यवंत कुमार चैधरी निर्विरोध निर्वाचित किए गये। वही सचिव सोनू कुमार झा, सयुक्त सचिव प्रवीन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह और क्लब प्रतिनिधि पद पर कृष्ण गोपाल निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने कहा कि अब समस्तीपुर जिला क्रिकेट से अनेको वैभव सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ी निकलेगे। वहीं संघ के सचिव सोनू कुमार झा ने कहा कि समस्तीपुर जिला में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, खिलाड़ियों को केवल निखारने और उचित प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने की जरूरत है। जबकि संघ के कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने आने वाले समय में समस्तीपुर में एक भव्य टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट कराने का निर्णय लिया। समस्तीपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव संपन्न करने के लिए, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा सुरेंद्र कुमार झा (अधिवक्ता समस्तीपुर सिविल कोर्ट) को निर्वाचन अधिकारी एवं मनोज कुमार (ओएसडी बिहार क्रिकेट एसोसिएशन) पर्यवेक्षक के नियुक्त किया गया था। मौके पर गिरधर कुमार, अश्विनी वर्मा, राकेश कुमार, राजीव सूर्यवंशी, मोहम्मद नवाब आबिद जिलानी, हरिओम कुमार, प्रतीक कुमार आदि मौजूद थे।

एक नजर

'फैंटेसी जरूरी है' की शुरूआत

पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने अपनी नई ब्रांड पहल 'फैंटेसी ज़रूरी है' की शुरुआत की है। इस अभियान के केंद्र में एक प्रेरणादायक हिंदी कविता है, जिसे एक फिल्म के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह कविता फैंटेसी के कई पहलुओं को खूबसूरती से दर्शाती है। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित गीतकार और पार्श्वगायक स्वानंद किरकिरे द्वारा लिखी गई और बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख़ ख़ान द्वारा सुनाई गई यह कविता श्रोताओं को रोजमर्रा की जिंदगी की एकरसता से निकालकर कल्पना की असीम दुनिया में ले जाती है। आईटीसी लिमिटेड के बिस्किट्स और केक क्लस्टर, फूड्स डिवीजन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अली हैरिस शेर ने कहा 'फैंटेसी ज़रूरी है' के साथ हम लोगों को उनके रोजमर्रा की जिंदगी से बाहर निकल कुछ ऐसी फैंटसी को बढ़ावा दे रहे हैं, जो उनके जीवन को बदल कर रख दे।

सिविल्स फोड़ो ने बोरिंग रोड में किया दूसरे ब्रांच का शुभारंभ

पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। सिविल सर्विसेज की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्थान सिविल्स फोड़ो ने बोरिंग रोड में अपने दूसरे ब्रांच का शुभारंभ किया। जगदम्बा टावर, सहदेव महतो मार्ग स्थित इस ब्रांच का उद्घाटन मुख्य अतिथि रिटायर्ड चीफ पोस्ट मास्टर जनरल ऑफ बिहार अनिल कुमार सिंह, सिविल्स फोड़ो के संस्थापक मनोज कुमार रंजन एवं मुख्य कार्यकारी निदेशक दीपक प्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रिटायर्ड चीफ पोस्ट मास्टर जनरल ऑफ बिहार अनिल कुमार सिंह ने संस्थान के पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह संस्थान अपने बेहतर मार्गदर्शन से बच्चों का भविष्य निखारेगा। इस अवसर पर सिविल्स फोड़ो के संस्थापक मनोज कुमार रंजन ने कहा कि सिविल्स फोड़ो बिहार की उत्कृष्ट संस्थान है जो विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज (यूपीएससी / बीपीएससी) की तैयारी करवाएगी। अब बिहार के बच्चों को सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए बिहार से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं सिविल्स फोड़ो के मुख्य कार्यकारी निदेशक दीपक प्रकाश ने बताया कि आज के कार्यक्रम के साथ ही बच्चों के लिए कैरियर मार्गदर्शन का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले महीने 1 जून 2025 को यूपीएससी / बीपीएससी एवं पॉलिटिकल साइंस एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स का बैच 19 जुलाई 2025 को छात्रों के लिए बैच की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि 21 मई 2025 को एक स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन होना है जिसके रिजल्ट के आधार पर बच्चों को 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। सभी यूपीएससी / बीपीएससी के छात्रों के लिए डेली करंट अफ़ेयर्स की क्लास ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रत्येक दिन मुफ्त में दी जायेगी।

मतदाता सूची का प्रकाशन

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के तीन पंचायतों में रिक्त सरपंच, ग्राम कचहरी सदस्य के पदों पर चुनाव हेतु अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन बुधवार को किया गया।मतदाता सूची प्रकाशनके साथ ही चुनावी सुगबुगाहट प्रारंभ हो गई है।निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने बताया कि हसनपुर बागर पंचायत में सरपंच तथा वार्ड संख्या 04 में ग्राम कचहरी सदस्य, रजाकपुर ग्राम पंचायत में वार्ड संख्या 10, समसा ग्राम पंचायत में वार्ड संख्या 15 में ग्राम कचहरी सदस्य के पद रिक्त हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इन ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों पर मतदान हेतु वार्ड वाइज मतदाता सूची का प्रकाशन के बाद सार्वजनिक स्थलों पर चिपका दिया गया है।इसके साथ ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

नावकोठी। अपग्रेडेड मिडिल स्कूल पूर्वी डफरपुर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। उद्घाटन शिक्षाविद् जवाहर प्रसाद सिंह, हेडमास्टर हर्षवर्धन कुमार शिक्षक अजय कुमार एवं प्रीति कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। हेडमास्टर श्री कुमार ने कहा कि बच्चों को समग्र व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह परीक्षा का आयोजन किया गया है। यह परीक्षा 22 राज्य में 14 भाषाओं में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। परीक्षा का मूल उद्देश्य बच्चों का सांस्कृतिक और बौद्धिक विकास है। इस परीक्षा में कुछ इस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं जिसके जवाब देने से बच्चों का आइक्यू एवं इक्यू का विकास होता है। उन्होंने कहा बच्चों को कम से कम 5 मिनट मेडिटेशन जरूर करना चाहिए।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/545, दिनांक 13.05.2025, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **'ई'-निविदा सं. एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/10/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल में उम्र सह स्थिति के आधार पर सिग्नलिंग एवं पावर केबल का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु.2,50,06,710.39, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,75,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 26.05.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 09.06.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 09.06.2025 को 14.30 बजे। **विवरण यहां उपलब्ध है: www.ireps.gov.in, तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित किया जाना है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** सिग्नल या टेलीकम केबलों की ट्रेंचिंग, बिछाये जाने और परीक्षण से संबंधित सिग्नल या टेलीकम का कोई भी कार्य या कोई अन्य विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/ प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे। SDAH-53/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

उर्वरक आपूर्ति और निगरानी पर मंथन, नैनो यूरिया पर बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश के आलोक में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति के बैठक का आयोजन राधाकृष्णन भवन में किया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती ममता राय, विधायक ढ़ाका पवन कुमार जायसवाल, बेतिया के सांसद प्रतिनिधि, विधान पार्षद प्रतिनिधि, अपर समाहर्त्ता आपदा, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिले के सभी थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे। बैठक में उर्वरक की उपलब्धता, वितरण, कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर चर्चा की गई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्षा ममता राय द्वारा बताया गया कि नैनो यूरिया का व्यापक प्रचार - प्रसार कृषि कर्मियों के माध्यम से किसानों के बीच कराया जाय ताकि आमजनों तक नैनो यूरिया का लाभ पहुंच सके वहीं उन्होंने कहा कि किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयक पंचायत कृषि कार्यालय में ससमय नहीं बैठते हैं वैसे कर्मियों को निदेशित किया जाय ताकि विभागीय योजना का लाभ किसानों तक सुगमतापूर्वक पहुंच सके। सांसद प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि फार्मर आई.डी. हेतु व्यापक प्रचार - प्रसार सुनिश्चित किया जाय ताकि किसानों को इस आश्य की जानकारी प्राप्त हो सके एवं सभी किसान इस महत्वकांक्षी योजना से आच्छादित हों। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर कृषि यांत्रिकरण मेला का आयोजन कराया जाय ताकि प्रखंड स्तर के किसान भी उक्त मेला में सुगमता पूर्वक जा सके। विधान पार्षद के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि आगामी खरीफ योजना में किसानों को ससमय बीज की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय ताकि किसान समय से बुआई कर सके। विधायक पवन जायसवाल द्वारा बताया गया कि ससमय उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय ताकि किसानों को आसानी से उर्वरक की प्राप्ति हो सके। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि किसानों को उर्वरक ससमय एवं सुगमता पूर्वक प्राप्त हो उसके लिए विभाग प्रतिबद्ध है तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। अंत में धन्वयाद ज्ञापन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रभात कुमार द्वारा किया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बेतिया सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ, विधान पार्षद प्रतिनिधि, अपर समाहर्त्ता आपदा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि समन्वयक दीपक कुमार, अहमद रजा सहित जिले के सभी थोक उर्वरक विक्रेता मौजूद थे।

198 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आदापुर (पूर्वी चंपारण)। हरैया थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में पुलिस को एक अहम सफलता मिली है। डंकन अस्पताल के पास स्मैक की डिलीवरी की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए।

गिरफ्तार युवक की पहचान जोकियारी गांव निवासी रविन्द्र कुशवाहा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 198 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, यह तस्करी एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का हिस्सा हो सकती है। फरार आरोपितों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी गांव में किराना दुकान की आड़ में नशे का कारोबार करता था। जांच में यह भी सामने आया है कि उसका नेटवर्क स्थानीय युवाओं तक फैला हुआ था और रक्सौल समेत आसपास के इलाकों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति करता था।

इस कार्रवाई के बाद मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और उनके नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

एक नजर

मोटरसाइकिल चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आदापुर (पूर्वी चंपारण)। दरपा थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना अध्यक्ष के अनुसार, गश्त के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को बिना वैध कागजात के मोटरसाइकिल पर घूमते हुए पकड़ा। पूछताछ के बाद पता चला कि वे चोरी की बाइक चला रहे थे। गिरफ्तार युवकों की पहचान चैनपुर, छौड़ादानो निवासी उमाशंकर प्रसाद यादव के पुत्र सचिन कुमार और उमेश यादव के पुत्र नितीश कुमार के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बनकटवा (पूर्वी चंपारण)। एसएसबी की 71वीं वाहिनी, आथमोहान के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार शाम अगरवा बॉर्डर पर कार्रवाई करते हुए 298 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर बाइक पर सवार होकर भारत की ओर प्रवेश कर रहे थे। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बीजबनी, जितना थाना क्षेत्र निवासी सनी देव ठाकुर (पिता किशोरी ठाकुर) और परमजीत कुमार (पिता जोखू महतो) के रूप में हुई है। एसएसबी ने दोनों आरोपितों को जब्त शराब और बाइक के साथ जितना थाना पुलिस को सौंप दिया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की पुष्टि जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने की है।

घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। थाना क्षेत्र के निमोईया पश्चिम पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 15 स्थित गम्हरिया गांव में बुधवार की सुबह अचानक आग लगने से एक घर की संपत्ति जलकर खाक हो गई। घटना मदन राम के घर में घटी, जहां खाना बनाने के कुछ ही देर बाद आग भड़क उठी। ग्रामीणों और अग्निशमन दल की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर में रखा गेहूं, चावल, कपड़े, फर्नीचर समेत अन्य जरूरी सामान जल चुका था। पीड़ित परिवार ने घटना को लेकर घोड़ासहन थाना एवं बनकटवा अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपा है।

हंगामे की भेंट चढ़ा सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। राष्ट्रीय जनता दल द्वारा बुधवार को रक्सौल के एक रिसॉर्ट में आयोजित विधानसभा स्तरीय सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम गुटबाजी और मंच पर हुई हाथापाई की वजह से हंगामे की भेंट चढ़ गया। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले ही मंच संचालन और अध्यक्षता को लेकर नेताओं में तीखी नोकझोंक हुई। राजद नेता रामबाबू यादव और सुरेश यादव के बीच विवाद बढ़ गया। जिलाध्यक्ष मोहम्मद नूर आलम बार-बार दोनों पक्षों को समझाते दिखे, लेकिन कार्यकर्ताओं की नाराज़गी मंच से लेकर दीर्घा तक गूंजती रही। रवि मस्करा के नाम की मंच संचालन के लिए घोषणा होते ही विरोध शुरू हो गया। सुरेश यादव ने मंच पर आपत्ति दर्ज कराते हुए पार्टी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की मांग की। अंततः नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार को मंच संचालन का दायित्व सौंपा गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, पूर्व मंत्री इजरायल मंसूरी, पूर्व विधायक रियाजुल हक राजू समेत कई वरिष्ठ नेता मंच पर पहुंचे। लेकिन इसी दौरान रवि मस्करा अपने समर्थकों के साथ मंच से नीचे फर्श पर बैठ गए और विरोध जताया। कार्यक्रम के दौरान यह चर्चा भी गर्म रही कि नब्बे के दशक में राजनंदन राय के टिकट कटने के बाद रक्सौल विधानसभा में राजद लगातार क्यों पिछड़ रही है। कई कार्यकर्ता समीक्षा की मांग करते दिखे, तो कुछ विवादों के बीच कार्यक्रम स्थल से लौट भी गए।

शस्त्र सत्यापन की अंतिम तिथि 17 मई तक बढ़ी

बनकटवा (पूर्वी चंपारण)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शस्त्र लाइसेंसधारियों का सत्यापन अनिवार्य किया गया है। थाना क्षेत्र के जितने भी शस्त्रधारी अब तक सत्यापन नहीं करवा सके हैं, उन्हें 13 से 17 मई तक का अंतिम मौका दिया गया है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि यह सत्यापन संबंधित पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी की उपस्थिति में ही किया जाएगा। निर्धारित अवधि के भीतर सत्यापन नहीं कराने पर शस्त्र लाइसेंस निलंबित किया जाएगा और बाद में रद्द कर जब्ती की कार्रवाई भी होगी।

एसपी ने किया हरसिद्धि थाना का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हरसिद्धि (पूर्वी चंपारण)। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मंगलवार को हरसिद्धि थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र चार्जशीट दाखिल कर मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाना अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आगंतुक पंजी की भी जांच की और निर्देश दिया कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम व विवरण दर्ज किया जाए।

एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर डीएसपी रंजन कुमार सिंह, इंस्पेक्टर पूर्णकाम सामर्थ, थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा समेत सभी पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार उपस्थित थे।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

मोतिहारी। अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज अरुण कुमार ने आज अरेराज स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यहां विद्यालय एवं आवासीय परिसर में साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था पाई गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने वहां छात्राओं से मिलकर उनसे उनके आवासन, भोजन एवं पठन पाठन की जानकारी प्राप्त की जो सन्तोष जनक पाया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में 75 छात्राएं उपस्थित थी।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रयास जुविनाइल एट सेंटर के प्रयास ने चार लड़कियों को कराया विमुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। भारत नेपाल सीमा से प्रयास जुवेनाइल एंड सेन्टर हेल्प लाइन नम्बर पर विश्वसनीय स्रोत से सूचना मिली थी कि सत्याग्रह ट्रेन से एक नेपाली व्यक्ति कुछ नेपाली लड़कियो को रक्सौल से दूसरे राज्य में गलत उद्देश्य के लिए ले जाने वाला है। सूचना के आधार पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, प्रयास जुवेनाइल एंड सेंटर पूर्वी चंपारण, रेलवे चाइल्ड लाइन, रक्सौल, रेलवे सुरक्षा बल रक्सौल, और राजकीय रेल पुलिस के सहयोग से एक संयुक्त टीम बनाकर सत्याग्रह ट्रेन के सभी कोच को गहनता से चेकिंग की और कोच संख्या एस-07 से एक व्यक्ति और चार लड़कियों को हिरासत में ले कर जब पीड़िताओं की काउंसलिंग और तस्कर से पूछताछ की गई तो पता चला कि नाबालिग लड़कियों के गरीबी और मासूमियत का फायदा उठाते हुए, मोहम्मद सिराज मियां (काल्पनिक नाम) थाना वीरता बड़ा, जिला परसा नेपाल के रहने वाला था, उसने सभी लड़कियों को काम और उसके बदले अच्छी रकम दिलवाने का प्रलोभन देकर अपने साथ गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) ले जा रहा था। व्यक्ति कुछ ही दिन पहले सभी लड़कियों के संपर्क में आया सभी नेपाली नाबालिग लड़कियां परसा जिला, बारा जिला की रहने वाली हैं। तस्कर द्वारा बिछाए गए जाल में फंस गईं और उस पर विश्वास करके अपने परिवारों को बताए बिना भाग कर व्यक्ति के साथ गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) जाने के लिए तैयार हो गईं। लोगों की नजरों से बचने के लिए उसने सभी का अलग अलग टिकट बनवाया था और उसने प्रलोभन दिया कि तुम सब का पूरा खर्च वह खुद उठाएगा । बचाई गई चार नेपाली नाबालिग लड़कियों और एक नेपाली तस्कर को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी, रक्सौल, (बिहार) को सौंप दिया गया है। मानव तस्कर के खिलाफ प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण के सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार शर्मा द्वारा राजकीय रेल थाना, रक्सौल में प्राथमिकी दर्ज की गई है और इन्वेस्टिगेशन चल रहा है और नाबालिग लड़कियों को सीडब्ल्यूसी मोतिहारी बिहार के आदेश पर रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बालिका गृह मोतिहारी में आवासित किया गया है। इस प्रकार संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन कर मानव तस्करी ट्रैफिकिंग एवं बाल श्रम होने एवं अवैध स्थानांतरण के जाल में फंसने से नाबालिग लड़कियों को बचाया गया।

वर्षों पुराने रैयती विवाद का शांतिपूर्ण निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)। प्रखण्ड क्षेत्र के श्रीपुर पंचायत स्थित जगिराहा गांव मौजा बरवा खुर्द में वर्षों से चली आ रही रैयती भूमि का विवाद को आखिरकार सीओ आनंद कुमार की पहल पर सुलझा लिया गया। मामले में पंचायत प्रतिनिधियों की मध्यस्थता एवं गांव के पंचों की उपस्थिति में सीओ श्री कुमार के द्वारा यह समझौता संभव हो पाया है। यहां बताते चले कि पन्द्रह वर्षो से यह मामला न्यायालय के साथ साथ जनता दरबार में भी चल रहा था लेकिन लेकिन विवाद का निपटारा नही हो पा रहा था। सीओ श्री कुमार ने बताया कि विवाद का जड़ उस समय शुरू हुआ जब वर्षों पूर्व एक व्यक्ति ने अपने हिस्से की जमीन से अधिक भूमि पर दखल कब्जा जताते हुए उसे

तीन अलग-अलग क्रेताओं को बेच दिया। जिसके कारण चार पक्षों के बीच दस्तावेजी रकवा को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रत्येक पक्ष अपने क्रय किए गए रकवा से कम भूमि लेने को तैयार नहीं था। जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी और खूनी संघर्ष की आशंका तक जताई जा रही थी। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए श्रीपुर पंचायत समिति प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव ने मामले में पहल कर सभी पक्षो को बुलाया। मंगलवार को सभी पक्षकारों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में पंचायत एक बुलाई गई। पंचों की मौजूदगी में उन्होंने दस्तावेजों की जांच,स्थलीय निरीक्षण तथा सभी पक्षों की बातों को सुनते हुए निष्पक्ष निर्णय सुनाया है। उक्त फैसले पर सभी पक्षकारों ने अपनी अपनी सहमति जताई और आपसी सहमति से वर्षों पुराना विवाद को समाप्त कर लिया। अंचलधिकारी की इस पहल की न केवल ग्रामीणों ने सराहना की बल्कि इसे क्षेत्र में एक मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है। ग्रामीण कहते है प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयासों से किसी भी जटिल समस्या का समाधान संभव है।यह उदाहरण दर्शाता है कि यदि जनप्रतिनिधि, पंच तथा प्रशासन मिलकर कार्य करें, तो गांव-समाज में शांति और सौहार्द स्थापित किया जा सकता है।

स्टार्ट अप जागरूकता एवं विकास को लेकर एलएनडी कॉलेज और मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय में करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। शहर के एलएनडी कॉलेज और मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय में बीच स्टार्ट अप योजनाओं से संबंधित एक समझौता हुआ। जिला उद्यम संयोजक डॉ नवीन कुमार की उपस्थिति में एलएनडी कॉलेज के प्राचार्य प्रो (डॉ) राजेश कुमार सिन्हा तथा मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय के स्टार्ट अप प्रभारी प्राध्यापक प्रो चंद्रशेखर सिंह चंदेल ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर प्रपत्र का आदान प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो सिन्हा ने बताया कि स्टार्ट अप से जुड़े योजनाओं से संबंधित जानकारी के आदान प्रदान में दोनों महाविद्यालय एक दूसरे की मदद करेंगे साथ ही साथ सेमिनार,कार्यशाला एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से व्यावसायिक क्षमता के विकास में भी सहयोग करेंगे। प्रो चंद्रशेखर सिंह चंदेल ने बताया कि इस एमओयू के द्वारा दोनों महाविद्यालय के स्टार्ट अप के इच्छुक छात्र छात्राओं को औद्योगिक विशेषज्ञों,सफल उद्यमियों तथा निवेशकों से जोड़कर आवश्यक संसाधन मुहैया कराया जाएगा। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ प्रभाकर कुमार ने बताया कि दोनों महाविद्यालय में बीच हुए इस समझौते से विद्यार्थियों में काफी उत्साह है और छात्राओं का रुझान स्टार्ट अप की ओर तेजी से बढ़ेगा।

चयनित टीआरई - 3 के शिक्षकों को पदस्थापना योगदान पत्र वितरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)। बीपीएससी से चयनित टीआरई - 3 के शिक्षकों को पदस्थापना योगदान पत्र 13 एवं 14 मई को बीआरसी बाकरपुर में बीइओ तारिणी कुमार दास की अध्यक्षता में वितरित किया गया। कुल चयनित 128 शिक्षकों में 115 शिक्षकों को पदस्थापना योगदान पत्र दिया गया। उक्त सभी शिक्षक 15 से 31 मई तक अपने प्रस्तावित विद्यालय में योगदान करेंगे। जानकारी शिक्षक सुबोध कुमार ने दिया।

विशेष सर्वेक्षण कार्य में जहानाबाद जिले की रही शानदार उपलब्धि, प्रथम चरण में द्वितीय स्थान प्राप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिला प्रशासन द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रथम चरण में जिले ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक गौरवशाली मिसाल कायम की है। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने इस सफलता हेतु जिले के अपर सचिव-सह-बंदोबस्त पदाधिकारी उपेन्द्र प्रसाद, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रविन्द्र कुमार भारती, अरुण कुमार सरोज समेत सभी राजस्व अधिकारी, कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण अमीन, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो एवं अन्य संग्लन कर्मियों को बधाई देते हुए उनकी प्रतिबद्धता और मेहनत की सराहना की। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने यह भी अपील किया कि प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर जिले को दोनों चरणों में प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाया जाए।

प्रथम चरण के अंतर्गत घोसी, हुलासगंज, मोदनगंज एवं रतनी फरीदपुर अंचलों के 240 राजस्व ग्रामों में कार्य किया गया, जिसमें 100% किस्तवार व खानापूरी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 212 ग्रामों में प्रारूप प्रकाशन (प्रपत्र-12) तथा 138 ग्रामों में अंतिम प्रकाशन (प्रपत्र-20) भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

द्वितीय चरण में जहानाबाद सदर, काको एवं मखदुमपुर अंचलों के 328 राजस्व ग्रामों में कार्य चल रहा है। अब तक 70% रैयतों द्वारा प्रपत्र-2 एवं प्रपत्र-3 (वंशावली) की स्वघोषणा प्राप्त हो चुकी है। ग्राम सीमा व त्रिसीमाना सत्यापन का कार्य प्रारंभ हो चुका है और आगे किस्तवार का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।बंदोबस्त पदाधिकारी ने सभी रैयतों/भू-स्वामियों से अपील की है कि वे सर्वेक्षण अमीनों को सम्बंधित भूमि अभिलेख उपलब्ध कराते हुए भरपूर सहयोग करें, जिससे कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सके और जहानाबाद जिला अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत कर सके।जहानाबाद की यह उपलब्धि संपूर्ण जिले के लिए गर्व का विषय है और राज्य स्तर पर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करती है।

सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में मानस विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले के मानस विद्यालय बभना के छात्रों ने 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया। मंगलवार को विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल था। 12वीं बोर्ड में पिछले साल के रिकॉर्ड को बरकरार रखते हुए बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 91% अंक प्राप्त कर प्रणव रंजन विद्यालय टॉपर होने का गौरव हासिल किया। इस दौरान कुल 10 बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किया। विद्यालय का कुल उतीर्ण प्रतिशत 87% रहा, जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है।

दसवीं की रिजल्ट में मानस विद्यालय का रहा लाजवाब प्रदर्शन

मानस विद्यालय की दशवीं परीक्षाफल में शानदार उपलब्धि से गदगद अभिभावक अपने बच्चों के साथ संचालक, प्राचार्य एवं शिक्षकों को धन्यवाद देने के लिए विद्यालय पहुंचे। विदित हो कि इस वर्ष आलोक कुमार और प्रिंस कुमार 94.6% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय के टॉपर रहे। तकरीबन 15 बच्चों ने 90% से उपर अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करने का काम किया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। तकरीबन 55 छात्र 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के बस चालक धनन्जय शर्मा की बेटी सलोनी कुमारी 90.8% अंक लाकर आई.ए.एस बनना चाहती है, वहीं हार्डवेयर दुकान चलाने वाले मो. रजा का पुत्र सईयान रजा 92.8% अंक लाकर डॉक्टर बनना चाहता है। इस अवसर पर निदेशक अभिषेक आनन्द ने सारे छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं कहा कि यह परीक्षाफल आपके पुरुषार्थ एवं परिश्रम का परिणाम है।भविष्य में इसे सहेज कर रखिए एवं मनचाही उपलब्धि प्राप्त करें। अन्त में प्राचार्य एवं उपस्थित शिक्षकगण से मिलकर बच्चे अपने पूरे वर्ष की मेहनत को याद कर भावुक हो गए। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डा. नवल किशोर ने निदेशक अभिषेक आनन्द, प्राचार्य एवं पूरे विद्यालय टीम को बधाई देते हुए हौसला अफजाई की। निदेशक अभिषेक आनन्द ने प्राचार्य, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्रों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी।

मतदाता सूची को साफ व पारदर्शी बनाने के लिए बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

चकिया (पूर्वी चम्पारण)। प्रखंड मुख्यालय स्थित ट्रायसम भवन के सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय बीएलओ को एकदिवसीय प्रशिक्षण निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ शिवानी शुभम के अध्यक्षता में दी गई। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ रोशनी कुमारी, विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर मो जफीर सुभानी व प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर रजनीश तिवारी, रवि कुमार सिंह के द्वारा सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रखण्ड में 160 बूथ है। जिसमें 1 से 80 बूथ के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। 81 से 160 बूथ के बीएलओ को गुरुवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में मतदाता सूची को साफ व पारदर्शी बनाने के लिए बताया गया कि मतदाता सूची में मृत व अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाए। मतदाता सूची में नाम छूटे व मतदान के लिए 18 साल की उम्र सीमा प्राप्त कर चुके लोगों का नाम जोड़े। मौके पर बीएलओ में राजीव नयन, रामबाबू सिंह, जहांगीर आलम, अब्दुल अंसारी, कामेश्वर प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

इलेक्ट्रिक गड़बड़ी के कारण घंटों तक रुकी डेमो ट्रेन

पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)। मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर जीवधारा स्टेशन के समीप सवारी गाड़ी इलेक्ट्रिक गड़बड़ी के कारण लाइन पर अचानक रुक गई और गड़बड़ी जब दो घंटों तक नहीं हटी तब सभी यात्री उमस वाली गर्मी में परेशान हो गए। रेलखंड पर इस गड़बड़ी के कारण अन्य ट्रेनों का आवागमन भी बाधित हो गया। करीब तीन घंटों के बाद सभी यात्री जीवधारा चौक पर पहुंच अन्य यातायात के साधनों से मोतिहारी के लिए निकले।

डिपार्टमेंट ऑफ़ मीडिया स्टडीज, महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी मोतिहारी के छात्रों को जिलाधिकारी ने दिया प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी के डिपार्मेंट आफ मीडिया स्टडीज के छात्र-छात्राओं को एक माह का सघन इंटर्नशिप कार्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत प्रमाण पत्र दिया गया। इंटर्नशिप कार्यक्रम को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी की देखरेख में जिला जनसंपर्क कार्यालय पूर्वी चंपारण मोतिहारी के सौजन्य से पूर्ण कराया गया। इंटर्नशिप का कार्यक्रम पूरे एक माह के लिए निर्धारित था जो हेड ऑफ डिपार्टमेंट, मीडिया स्टडीज, महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी मोतिहारी के पत्र के आलोक में चलाया गया। इंटर्नशिप के कार्यक्रम में रिया गुप्ता, सुप्रिया कुमारी, अभिषेक कुमार, गौरव कुमार गोलू, रोशन कुमार, प्राची, ज्योति कुमारी,संजना श्रीवास्तव एवं वागीशा श्रीवास्तव ने भाग लिया।जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश उपस्थित थे।

तेजस्वी यादव बोले: 'पाकिस्तान में निकालना चाहते हैं तिरंगा यात्रा', शहीद को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सोमवार को जहानाबाद दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए आईटीबीपी जवान सौरभ कुमार को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।इसके बाद तेजस्वी यादव काको प्रखंड के टीमलपुर गांव पहुंचे, जहां 101 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय साधुशरण सिंह की पुण्यतिथि के मौके पर उन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके योगदान को याद किया। मीडिया से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम पाकिस्तान में तिरंगा यात्रा निकालना चाहते हैं। हमें अपनी सेना पर गर्व है, जो पाकिस्तान को बर्बाद

करने की पूरी ताकत रखती है। इस दौरान जब अमेरिका के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों और संभावित दबाव को लेकर सवाल पूछा गया, तो तेजस्वी ने दो टूक जवाब देते हुए कहा, भारत अब किसी से कम नहीं है। हम न किसी से डरते हैं, न ही झुकते हैं। तेजस्वी यादव के इस बयान को राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है, वहीं समर्थक इसे राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़कर देख रहे हैं।

महिला से ठगी : नकली सोने के बिस्कुट के बदले ले गए गहने

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले में ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें नगर सेवा के ऑटो में सफर कर रही एक महिला को शातिर ठगों ने अपने जाल में फंसा लिया। ठगों ने नकली सोने के बिस्कुट के बहाने महिला से कीमती गहने ठग लिए।जानकारी के अनुसार, लरसा गांव की रहने वाली अंजू देवी सोमवार को अपने बच्चे के लिए किताब खरीदने जहानाबाद शहर आई थीं। शहर जाते समय वह एक ऑटो में सवार थीं। सफर के दौरान एक अज्ञात युवक ऑटो में चढ़ा और एक सोने जैसा बिस्कुट दिखाते हुए महिला से पूछा कि क्या यह उसका है। अंजू देवी ने इससे साफ इनकार कर दिया। थोड़ी ही देर में एक वृद्ध व्यक्ति ने ऑटो रुकवाया और यात्रियों से पूछा कि क्या किसी को सोने का बिस्कुट मिला है। उसने उस बिस्कुट की कीमत करीब दस लाख रुपये बताई। सभी यात्रियों ने इंकार किया, लेकिन कुछ दूरी पर वही पहला युवक फिर आया और महिला से बातचीत करने लगा। विश्वास जीतने के बाद उसने महिला से सोने का बिस्कुट दिखाने के बहाने उनके कान की बाली और जिउतिया ले लिए।घटना के बाद जब महिला को ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत स्थानीय थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और ऑटो तथा आरोपितों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

घटना के बाद पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से बातचीत या लेन-देन करने से पहले पूरी सतर्कता बरतें और किसी भी ठगी की घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में शिक्षक की मौत, दो घायल

घटना में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद गया मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। मंगलवार की देर रात गोह थाना क्षेत्र के देवहरा पुल के समीप दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रफीगंज थाना क्षेत्र के काजीचक गांव निवासी 45 वर्षीय शिक्षक फैयाज आलम दाउदनगर अपने रिश्तेदार के घर से कब्र पर मिट्टी देकर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही देवहरा पुल के पास पहुंचे कि गोह की ओर से आ रही तेज

शिक्षक फैयाज आलम की फाइल फोटो

रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही शिक्षक की मौत हो गई। वहीं दुसरा बाइक सवार हसपुरा थाना क्षेत्र के टनकुपी गांव निवासी भोलू कुमार एवं श्री पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची गोह पुलिस ने दोनों घायलों को पीएचसी गोह में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने बताया कि मृतक शिक्षक के शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजकर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटनास्थल से बाइक को जब्त कर लिया गया है। इस मामले में आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रफीगंज संवाददाता के अनुसार

पोस्टमार्टम के बाद शव रफीगंज के काजीचक गांव आते ही शोक की लहर दौड पडी। बुधवार को जनाजे की नमाज अदा की गयी। मौके पर विधायक मो नेहालुद्दीन, वार्ड पार्षद नूरूल होदा खान, समाजसेवी शम्मू खान, पंस प्रतिनिधी जूबैर अंसारी, तज्जमूल खां, आफताब खां, मोजाहिर मुस्तफा खां, सकील खान, अपू सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

20 सूत्री कार्यान्वयन समिति कार्यालय का हुआ उद्घाटन

आरा (नबिटा ब्यूरो)। 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति का प्रखंड मुख्यालय बड़हरा में कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को बड़हरा के भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष शुभम कुमार पांडेय, संचालन सरैया मंडल अध्यक्ष करोड़पति सिंह ने की। बड़हरा विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि बड़हरा प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मचारी जनता का समय पर काम करे। आम जनता की किसी भी समस्या का जल्द से जल्द निदान हो। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, बीस सूत्री उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य संतोष सिंह संटू, बीडीओ मोहित भारद्वाज, विधानसभा संयोजक धीरज सिंह, अरविंद सिंह, संजय सिंह, गोविंद गोंड, शैलेश सिंह गुड्डू, यशवंत नारायण समेत अन्य मौजूद थे।

जल संरक्षण एवं जागरूकता पर आधारित प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

संदेश (भोजपुर)। जिले के संदेश प्रखंड में बिहार सरकार के सात निश्चय योजना के अंतर्गत जिला ग्रामीण विकास अभिकरण भोजपुर के साथ वाटर फॉर पीपल एवं ग्रामवासी के सहयोग से चलाए जा रहे दस्तक अभियान के माध्यम से विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण एवं जागरूकता पर आधारित प्रतियोगिता में चयनित 10 लोगों को बीडीओ चंदन कुमार ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संदेश प्रखंड में 'दस्तक दल अभियान' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह अभियान ''हर घर नल का जल'' योजना के अंतर्गत ग्रामीण पाइप जल आपूर्ति योजना के संचालन और रख-रखाव, जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल और पानी के प्रति जन-जागरूकता को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से शुरू किया गया है। इस अभियान के जरिए जल संरक्षण, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी जानकारी, उपभोक्ता शुल्क, शिकायत निवारण और पानी की गुणवत्ता की जांच जैसी महत्वपूर्ण जानकारी समुदाय तक पहुंचाई जाती है। इसके साथ ही दस्तक दल सदस्यों का प्रखंड क्षेत्र के पांडुरा पंचायत में प्रशिक्षण कार्य कराया गया। मौके पर प्रमुख, उप प्रमुख प्रतिनिधि, फैयाज इकबाल, देवराज पंकज, ऋतिक कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

सीबीएसई परीक्षा में केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सीबीएसई परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय औरंगाबाद के 41 छात्रों ने अच्छे अंक से सफलता प्राप्त की है। इससे विद्यालय में खुशी की लहर है। विद्यालय के छात्र पंकज कुमार शर्मा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आशीष कुमार ने 92.4 प्रतिशत, प्रीति राय 91.8 प्रतिशत, सौभाग्य सिंह 90.6 प्रतिशत एवं मोहित कुमार 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया। हर बार की तरह इस वर्ष भी विद्यालय ने उत्कृष्ट परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष स्थान बनाए रखा है। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता तथा शिक्षकों को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम सभी के संयुक्त प्रयासों का साकार रूप है। उन्होंने कहा कि बच्चों का यह सफलता केवल उनके परिश्रम की ही नहीं, बल्कि शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सतत सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्रों में भी इस सफलता को लेकर भारी उत्साह और खुशी का माहौल है।

बाल भारती पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रचा इतिहास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नबीनगर (औरंगाबाद)। बाल भारती पब्लिक स्कूल, नबीनगर के छात्रों ने एआइएसएसइ 2024-2025 (कक्षा 10वीं) परीक्षा में सौ फिसदी सफलता दर के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

विद्यालय के शीर्ष प्रदर्शनकर्ता

विद्यालय के छात्र हर्षित यादव ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सात्विक शंकर उपाध्याय ने 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गौरिका शर्मा ने 89.8

प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विशेष उपलब्धि

सात्विक शंकर उपाध्याय ने संस्कृत विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

विषयवार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हर्षित यादव ने अंग्रेजी और हिंदी में 96 अंक प्राप्त किए हैं। सात्विक शंकर उपाध्याय को संस्कृत में 100, गणित में 90 और सूचना प्रौद्योगिकी में 98 अंक प्राप्त हुआ है। वहीं गौरिका शर्मा को विज्ञान में 88 अंक मिला है, जबकि तुषार रंजन नायक ने सामाजिक विज्ञान में 94 अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे चाइल्ड एडुकेशन सोसाइटी के मार्गदर्शन और एनटीपीसी-एनएसटीपीएस, नबीनगर प्रबंधन का सतत सहयोग रहा है। विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों का भी हार्दिक धन्यवाद करता है, जिन्होंने हर कदम पर अपने बच्चों का साथ दिया और उनका मनोबल बढ़ाया। यह सफलता सामूहिक मेहनत और प्रेरणा का परिणाम है। विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई उंचाइयों को छूने और उज्ज्वल भविष्य की पीढ़ी को तैयार करने के अपने संकल्प को दोहराता है। प्रबंधन ने कहा कि बाल भारती पब्लिक स्कूल, नबीनगर शिक्षा के इस उज्ज्वल पथ पर सदैव अग्रसर रहेगा और इसी प्रकार नई-नई बुलंदियों को छूता रहेगा।

पंचायत स्तर पर हो रहा विद्युत शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। भोजपुर जिले में 05 मई से जून 2025 के अंत तक प्रत्येक पंचायत स्तर पर दो दिन कृषि बिजली कनेक्शन के लिए शिविर का आयोजन शुरु है। मुख्यमंत्री विद्युत सहायता योजना के तहत बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा पटवन कार्य की दर 6.74 प्रति यूनिट निर्धारित की गई है। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए 6.19 प्रति यूनिट की दर से अनुदान दिया जा रहा है। कृषि कनेक्शन पर राज्य सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदान के कारण किसानों को पटवन कार्य के लिए बिजली मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसकी जानकारी विद्युत कार्यपालक अभियंता, आरा अमरेंद्र कुमार ने दी है। बताया कि मुख्यालय द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में आवेदकों को सुविधा के अनुसार प्रत्येक पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अभी तक मात्र 138 किसानों द्वारा कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया है। 15 मई को फरना, सकडडी, बीरमपुर, महुली, कारीसाथ, सरथुआ, पांडुरा पंचायत में कैम्प है। 16 मई को मखदुमपुर डुमरा, मसाढ़, सोनपुरा, रामासांढ़, गजियापुर, चंदा, भदवर पंचायत में है। 17 मई को पिरौटा, नवादाबेन, उदवंतनगर, संदेश, गुंडी पूर्वी, दौलतपुर एवं धन्डीहा पंचायत में कैम्प है। अधिक से अधिक किसान कृषि कार्य के लिए नया बिजली कनेक्शन लेने के लिए आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड, जमीन से जुड़े कागज (खेसरा) लेकर नजदीकी कैम्प में आवेदन कर सकते हैं।

सामाजिक न्याय परिचर्चा में पार्टी की मजबूती पर बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। राजद ने सामाजिक न्याय परिचर्चा पर एक कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विकी यादव एवं संचालन सरोज राम ने किया। विधायक मो नेहालुद्दीन सहित परिचर्चा मे उपस्थित राजद के पदाधिकारियो नें आगामी विधानसभा की तैयारी में अभी से एकजुट होकर रहने का निर्देश कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने संगठन को मजबूती करने पर विशेष बल दिया और हर बुथ पर सक्रियता के साथ काम करने करने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजद की सरकार बनेगी तो हर महिलाओ के खाता में 2500 रुपया मिलेगी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बी.के. चौधरी, कलीम, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता मधु मंजरी कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष मधुमनी, पूर्व विधायक समता देवी, राजद प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष धनंजय यादव, युसूफ आजाद अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मो लल्लू, जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र कुशवाहा, पूर्व

जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव, जिला परिषद सदस्य शंकर यादवेन्दू ,पूर्व मुखिया शाहजादा शाही, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, मुखिया सोनू कुमार, बिन्देश्वर यादव, शंकर दयाल यादव, पैक्स अध्यक्ष लालमोहन यादव, नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरेंद्र कुमार, नगर अध्यक्ष डॉ योगेन्द्र यादव, उप प्रमुख प्रतिनिधी कमलेश यादव, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजय यादव, राजेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, संजय यादव, मो जैनूल, मो कैशर, डॉ शिवनंदन यादव, नरेश यादव, रोबिन यादव, उपेन्द्र यादव, शिक्षक राकेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सीबीएसई दसवीं बोर्ड में विवेकानंद स्कूल का रहा श्रेष्ठ प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। विद्यालय के आदर्श कुमार ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल किया। उसके इस प्रदर्शन से उसके माता-पिता काफी प्रफुलित हैं। छात्रा वसुंधरा ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की, सुशांत सौरभ ने 92 फिसदी अंक प्राप्त किया। विद्यालय के आयुषी तयाल ने 93.2 प्रतिशत, कृति संगम ने 91.6 प्रतिशत, जिनाब फातमा ने 91.6 प्रतिशत, काली कुमारी ने 91.4 प्रतिशत, आयुष प्रकाश राज ने 91.4 प्रतिशत, लक्ष्य कुमार ने

91.4 प्रतिशत, गुनगुन सिंह ने 91.8 प्रतिशत एवं आदित्य कुमार ने 90.8 प्रतिशत अंक हासिल किया। दिव्या अर्पित ने 91 प्रतिशत, मुस्कान कुमारी एवं प्रिया कुमारी ने एक साथ 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया। बता दें कि इस वर्ष भी विद्यालय के शत-प्रतिशत छात्र सफल रहें। छात्रों की इस सफलता से विद्यालय में उत्साह का माहौल है। निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह और चेयरमैन मनीष वत्स ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और बेहतर भविष्य की कामना की। छात्रों ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के पठन-पाठन, शिक्षकों का मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार, को-ऑर्डिनेटर सूची कुमारी, प्राचार्य नरेंद्र कुमार, प्रिया आलोक, संजीव कुमार सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। चेयरमैन मनीष वत्स ने कहा कि विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा।

भाजपा ने की नई कमेटी की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल दक्षिणी की नई कमिटी की घोषणा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने की। इस कमिटी में खासकर महिलाओं को विशेष रूप से जगह दिया गया है और नए ऊर्जावान युवा कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि इस मंडल कमिटी में अपनी ऊर्जा के साथ विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ कार्य करेगी। मौके पर उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, भाग्यमणि देवी, विजय कुशवाहा, संतोष शर्मा, कांति विश्वकर्मा, सुनील सिंह, महामंत्री ज्योति नारायण सिंह, उषा देवी, सतीश पटेल, मुकेश शर्मा, सविता कुमारी, द्वारिक पासवान, सत्येंद्र शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

डीएवी औरंगाबाद के छात्रों ने परीक्षा में लहराया परचम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार,औरंगाबाद के कक्षा दसवीं तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने जिला में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर कामयाबी का परचम लहराया। विज्ञान संकाय में कक्षा 12वीं की छात्रा ज्योति कुमारी एवं छात्र उज्ज्वल प्रताप सिंह ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, काव्य आदित्य ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अनुराग आर्यन ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में छात्रा वारिशा शौकत ने 92.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, ऋषि राज ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा कुमारी पंखुड़ी 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा दसवीं के प्रत्यूष रंजन को 97.2 प्रतिशत, संस्कृति सिन्हा को 96.8 प्रतिशत तथा अनमोल रतन को 96 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। इस बार विद्यालय के दसवीं के 37 बच्चों ने 90 प्रतिशत तथा 93 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के परीक्षा परिणाम के उपरांत विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार सिंह ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं जीवन में सदैव उन्नति के पथ पर अग्रसर होने की शुभकामनाएं प्रदान की।

सदर अस्पताल में सफल हुआ कृत्रिम कूल्हे का प्रत्यारोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। सदर अस्पताल, आरा में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सूर्यकांत निराला के नेतृत्व में एक 22 वर्षीय युवक का कूल्हे का कृत्रिम प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ऑपरेशन में सिविल सर्जन भोजपुर डॉ. शिशिर कुमार सिन्हा एवं डॉ. विकास सिंह (आयुष्मान नोडल पदाधिकारी) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निः शुल्क किया गया। जिलाधिकारी तनय सुलतानिया के निर्देशानुसार सिविल सर्जन भोजपुर द्वारा अस्पताल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिस के फल स्वरूप

सिविल सर्जन भोजपुर द्वारा नई चिकित्सकीय सेवाओं की दिशा में पहल करते हुए यह महत्वपूर्ण ऑपरेशन संभव हुआ। इस ऑपरेशन में डॉ सूर्यकांत निराला (अस्थि सर्जन), डॉ विकास सिंह (सर्जन), डॉ जेएन मिश्रा (निश्चेतक), डॉ. स्नेहा द्विवेदी (डीएनबी स्टूडेंट), संजीव कुमार (ओटी इंचार्ज), दीपक कुमार (ओटी असिस्टेंट) तथा शेखर प्रकाश (आयुष्मान जिला समन्वयक) का सक्रिय सहयोग रहा। डॉ. सूर्यकांत निराला को इस सफल ऑपरेशन के लिए जिलाधिकारी भोजपुर एवं सिविल सर्जन द्वारा धन्यवाद एवं सराहना प्रकट की गई।

सफल विद्यार्थियों को प्राचार्य ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के बीएससी की छात्रा एनसीसी के यूओ अनु प्रिया (इंडियन आर्मी), कैडेट मनीष कुमार (इंडियन आर्मी), नीतीश कुमार (इंडियन आर्मी) एवं पूजा यादव (बिहार पुलिस) के चयनित होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रजक के द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राएं हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष भी काफी संख्या में सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण रहे हैं। महाविद्यालय को अपने ऐसे छात्र-छात्राओं पर गर्व है जो महाविद्यालय के नाम पूरे राज्य भर में रोशन कर रहे हैं। छात्रा पूजा

कुमारी ने अपनी सफलता के पीछे अपने माता-पिता तथा महाविद्यालय परिवार के योगदान बताएं छात्र ने बताया कि महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट रहते हुए उसने अपने फिजिकल एक्जाम की तैयारी की तथा अच्छी दौड़ गोला फेक जैसे सुविधाओं की उपलब्धता के लिए भी महाविद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय द्वारा सम्मानित होने पर खुद को गौरवान्वित महसूस किया तथा अन्य छात्र-छात्रा को भी आगे जाकर महाविद्यालय के नाम ऐसे ही रोशन करने की उम्मीद की। उन्होंने कहा कि हमारे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं केवल सैन्य क्षेत्र में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी अपना परचम लहराए, ताकि क्षेत्र का नाम रौशन हो।

जिलाधिकारी ने किया विशेष शिविर का निरीक्षण

आरा (नबिटा ब्यूरो)। जिलाधिकारी तनय सुलतानिया द्वारा संदेश प्रखंड अंतर्गत अखगांव पंचायत स्थित महादलित टोला में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत आयोजित विशेष विकास शिविर का निरीक्षण किया गया। इस अभियान के माध्यम से बिहार सरकार के 22 विभागों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत महादलित समुदाय के सभी पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित विशेष शिविर के माध्यम से जिलाधिकारी द्वारा ऑन द स्पॉट जन्म प्रमाण पत्र (4), आयुष्मान कार्ड (2), राशन कार्ड (4), जॉब कार्ड (2), ई-श्रम कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, वास पर्चा, मुख्यमंत्री नल-जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बच्चों के नामांकन, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित अन्य योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित कर प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा नोटिस

सं०– 04 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं०–03–डीडीयू–व०मं०इंजी०– । –25–26

(i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः सहायक मंडल इंजीनियर/विक्रमगंज के तहत आरा–सासाराम में सीमित ऊंचाई वाले भूमिगत मार्ग से रिसाव और वर्षा जल की निकासी।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 3934830.91, **(iii) धरोहर राशिः** रू० 78700.00, **(iv) ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 02.06.2025 को 12:00 बजे तक, **(vi) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

नोटः विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0239/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25–26/32

पूर्व रेलवे

संक्षिप्त ई–निविदा सं. डीसीपीएम–जीएस–ईएनजी–एसडीएएच–03–25–26 (दो पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांकः 13.05.2025, उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई, अभियांत्रिकी, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरा तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम** : आसनसोल और सियालदह मंडल में सीएओ/कॉन/आरएसपी/पूर्व रेलवे के अधीन विभिन्न निर्माण साइटों/सेक्शनों में प्रोजेक्ट सुपरविजन सेवाओं को प्रदान करने के लिए प्रोजेक्ट सुपरविजन एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति। **अनुमानित मूल्य :** रु. 16,73,33,863.56, **बयाना राशि :** रु. 9,86,700/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि** : 24 माह। **खुलने की तिथि** : दिनांक 03.06.2025, 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www. ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-54/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. केपीए/ईजी/ओटी–01/25–26, दिनांक 12.05.2025, उप मुख्य विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन 743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सुदृढ़ वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त, प्रतिष्ठित और अनुभवी सरकारी लाइसेंसप्राप्त विद्युत ठेकेदारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. : केपीए/ईजी/ओटी–01/25–26, कार्य का नामः** वर्कशॉप में ईओटी क्रेन आदि के लिए जीर्ण–शीर्ण/अप्रचलित विद्युत परिसंपत्तियों अर्थात वीवीवीएफ ड्राइव का रूपांतरण एवं प्रतिस्थापन। **निविदा का अनुमानित मूल्य :** रु. 3,66,83,840/– (जीएसटी और सभी अन्य कर/खर्च सहित)। **बयाना राशिः** रु. 3,33,400/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य, **कार्य की समापन अवधि :** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 05.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा और कागजात की संपूर्ण जानकारी एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से देखे एवं प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से **दिनांक 05.06.2025 के अंदर 15.00 बजे** जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव जमा किए जाने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

MISC-62/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

शादी की नीयत से किशोरी का अपहरण, मामला दर्ज

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भदौरा गांव के रहने वाले उमेश चौधरी(44 वर्ष) पिता बुटाई चौधरी ने मसौढ़ी थाने में अपनी पुत्री कि इस्लामपुर के युवक द्वारा शादी की नीयत से अपहरण कर लेने का मामला को लेकर आवेदन देकर गुहार लगाया है। दरअसल उमेश चौधरी ने के लिखित बयान के आलोक में लिखा गया है की रात्रि में सभी परिवार के लोग खाना खाकर जब सोने चले गए थे और जब सुबह उठे तो देखें कि उनकी बेटी गायब है चारों तरफ से घर में ताला बंद है मेंन गेट का भी दरवाजा बाहर से ताला लगा हुआ था जब दीवार फांदकार बाहर निकले इधर-उधर खोजबीन किया तो जानकारी मिला कि वह इस्लामपुर के रहने वाले ललन यादव के बेटे ने शादी की नीयत से उसे बहला फुसलाकर लेकर भाग गया है। इसको लेकर पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई को लेकर गुहार लगाई है।

एटीएम बदलकर एक लाख रुपया का साइबर फ्रॉड

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एटीएम से अगर पैसा निकालने जा रहे हैं तो होशियार रहें। क्योंकि आपके आसपास साइबर फ्रॉड भी घूम रहा है, यह वाक्य मसौढ़ी थाना क्षेत्र के विधायक रोड मालिकाना की है जहां पर वीर कुंवर सिंह कॉलनी के रहने वाले हैं उमाशंकर सिंह(68वर्ष) पिता झलक देव सिंह के द्वारा बताया गया कि दिनांक 12 मई की संध्या 4:00 बजे के आसपास विधायक रोड स्थित एसबीआई एटीएम बैंक में पैसा निकालने गए थे उसे वक्त पैसा नहीं निकल पा रहा था तो बगल के युवक ने उसे मदद करने को कहा और उस दौरान एटीएम बदलकर ₹1 लाख की निकासी कर लिए हैं, इसकी जानकारी तब मिली जब उनके मोबाइल पर मैसेज आने लगा तब देखकर होश उड़ गए तब महसूस हो गया कि हमसे ठगी हो गई है। आनन फानन में मसौढ़ी थाने में अज्ञात के खिलाफ थाने में दर्ज कराया है।

मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में रिक्त पंचायत पदों के लिए उपचुनाव होना है। 16 से 29 अप्रैल तक दावा-आपत्ति के बाद 21 अप्रैल से 8 मई तक दावा-आपत्ति का निष्पादन किया गया, उसके बाद बुधवार को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दि गई है।जहाँ मसौढी प्रखंड के नदौल पंचायत में पंच पद के लिए 429 मतदाता और दौलतपुर पंचायत में वार्ड सदस्य के लिए 110 मतदाता है वहीं धनरूआ प्रखंड के गोविंदपुर बौरही पंचायत में वार्ड सदस्य और पंच पद के लिए जहाँ दोनो पदो पर त्याग पत्र दे दिया गया था, वहीं पुनपुन प्रखंड के बेहरावां पंचायत मे दो पंच और लखनपार पंचायत मे एक पंच पद जहाँ तिनो पंच मृत्यु हो जाने के लिए पद रिक्त पडे थे। बहरहाल मतदाता सूची का विखंडन अंतिम दौर में है। कुछ पदों पर पहले नामांकन हुआ था, लेकिन प्रतिनिधियों की मृत्यु हो गई। कुछ पदों पर नामांकन ही नहीं हुआ था। बहरहाल बुधवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है जल्दी चुनाव की तिथि निर्धारित पर वोटिंग होगी।

दो फरार वारंटी के घर पर ढोल बजाकर साटा इश्तेहार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पुनपुन थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव पर फरार वारंटी के घर पर ढोल बजाकर उनके घरों पर इश्तेहार साटा है। दरअसल पुनपुन थाना क्षेत्र के मनोरा गांव में धोखाधड़ी मामले में 2015 से फरार चल रहे हैं राजकुमार प्रसाद पिता स्वर्गीय लाल जी प्रसाद के घर पर ढोलक बजाकर उनके घरों पर इश्तेहार चश्पा किया गया है। इसके अलावा अलावलपुर गांव में करीमन यादव पिता स्वर्गीय सरयू यादव के घर पर इश्तेमाल चश्पा करते हुए फरार वारंटी को चेतावनी दी है कि जल्द सरेंडर करें नहीं तो घर पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। करीमन यादव वर्ष 2018 में पारिवारिक घरेलू हिंसा के मामले में फरार चल रहा है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि यह दोनों फरार वारंटी घर पर इश्तेहार चश्पा करते हुए चेतावनी दिए कि जल्द सरेडंर करें अन्यथा कुर्की की कारवाई होगी।

अग्नि पीड़ितों को मिला चेक

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंचल कार्यालय में अंचल क्षेत्र के सुखलही पंचायत के गौरीपुर गांव के 18 अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच चेक के माध्यम से सहायता राशि वितरित की गई। अंचलाधिकारी आशीष आनंद ने बताया कि बारह-बारह हजार का चेक वितरित किया गया है।

जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में केस दर्ज

मैनाटाड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड मुख्यालय स्थित राज लक्ष्मी निजी नर्सिंग होम में रविवार की देर रात जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।मैनाटाड़ थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि मृतिका श के पति संजय मांझी के आवेदन पर नर्सिंग होम के संचालक,चिकित्सक और कर्मी पर केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है। विदित हो कि रविवार की रात को राज लक्ष्मी नर्सिंग होम में सुखलही गौरीपुर के संजय मांझी की पत्नी प्रेमशीला देवी की प्रसव पीड़ा के दौरान गलत इलाज होने के कारण जच्चा और बच्चा की मौत हो गई थी।

बैलेट बॉक्स व वोटिंग कंपार्टमेंट के बीच बच्चों ने सीखी लोकतंत्र की बारीकियां

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगरा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहा छपरा में मंगलवार को बाल संसद का चुनाव हर्षोल्लास व लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुआ। बच्चों में लोकतंत्र की समझ व मतदान प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के उद्देश्य से इस अनूठे आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। विद्यालय परिसर में मतदान के लिए बैलेट बॉक्स व गोपनीय वोटिंग कंपार्टमेंट बनाए गए। इस दौरान प्रधानाध्यापक विजयेंद्र कुमार विजय ने जानकारी दी कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराई गई। अधिसूचना जारी कर नामांकन लिया गया। नाम वापसी की तिथि तय की गई। उसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को प्रचार का मौका मिला। चुनाव संचालन की सारी जिम्मेदारी भी विद्यार्थियों को ही दी गई। पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, चुनाव पर्यवेक्षक व रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका बच्चों ने बखूबी निभाई। मतदान के उपरांत मतगणना की गई। जिसमें शालू कुमारी ने दो वोट से जीत दर्ज कर प्रधानमंत्री पद हासिल किया। इस आयोजन में विद्यालय परिवार के स्नेहा प्रिया, सागर सिंह चौहान, अनिता कुमारी, गायत्री कुमारी, मुकेश कुमार व आसिफ अली सहित सभी शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया मॉडल सदर अस्पताल का शुभारंभ

29.80 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है मॉडल अस्पताल ●राज्य में मानव बल की कमी को भी किया जाएगा पूरा

मुजफ्फरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। स्वास्थ्य विभाग की सोच सिर्फ भवन बनाना नहीं बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और सेवाओं का विस्तार करना भी है। इसी उद्देश्य से मुजफ्फरपुर में 29.80 करोड़ की लागत से मॉडल सदर अस्पताल के शुभारंभ के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 27 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अक्टूबर में पूरा होने का अनुमान है। एचडब्ल्यूसी के निर्माण में 11 करोड़ 56 लाख की लागत लगेगी। ये बातें स्वास्थ्य विभाग के मंत्री मंगल पांडेय ने बुधवार को मुजफ्फरपुर में मॉडल सदर अस्पताल के शुभारंभ पर कही। उन्होंने कहा कि मॉडल सदर अस्पताल में कुल 100 बेड उपलब्ध होगें। इसके अलावा सभी तरह की उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधा का लाभ भी यहां लिया जा सकेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बात करते हुए मंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा नाम की कोई चीज नहीं थी। कहीं-कहीं सिर्फ खंडहरनुमा भवन दिखाई देते थे। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए अंतरविभागीय समन्वय, ग्राम पंचायतों के माध्यम से जागरूकता सहित अन्य कार्य के लिए जिला प्रशासन एवं जिलाधिकारी सुब्रत सेन का भी आभार प्रकट किया।

मानव बल की कमी को किया जाएगा पूराः मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से यह प्रकाश में आता है कि विभाग में और मानव बल की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए अगले दो-तीन महीनों में लगभग 41 हजार नई नियुक्तियां करने जा रहे हैं। इससे स्वास्थ्य संस्थानों में मानव बल की कमी को पूरा किया जा सकेगा।

16 विभागों की ओपीडी सेवाएं होंगी शुरूः नए बने मॉडल सदर अस्पताल को तीन फ्लोर का बनाया गया है। इसके निचले तल पर 16 विभागों की ओपीडी सेवाएं शुरू की गयी हैं। यहां मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था है। अस्पताल में 20 बेड इमरजेंसी सेवा के लिए हैं। पहले फ्लोर पर आइपीडी और ऑपरेशन थियेटर की सुविधा उपलब्ध है।

एईएस किट का किया वितरणः मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि पिछले पांच छह वर्षों से हमने चमकी को लगभग समाप्त सा कर दिया है। शुभारंभ के मौके पर माननीय मंत्री ने एएनएम को चमकी किट भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह हर स्वास्थ्य संस्थानों को दिए जाएगें। इसमें 13 प्रकार के उपकरण हैं। उपकरण से संबंधित प्रशिक्षण भी प्रदान की गयी है। मंच का संचालन डीपीएम रेहान अशरफ तथा समापन सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार ने किया। मौके पर माननीय सांसद श्रीमती वीणा देवी, औराई के माननीय विधायक श्री रामसूरत राय, पंचायती राज विभाग के माननीय मंत्री श्री केदार प्रसाद गुप्ता, पूर्व माननीय मंत्री , नगर एवं विकास विभाग, श्री सुरेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

लीड्स एशियन स्कूल के सौभाग्य गुप्ता बने जिला टॉपर

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। लीड्स एशियन स्कूल, पटना के छात्रों ने रचा इतिहास - सीबीएसई कक्षा 10वीं के परिणामों में सौभाग्य गुप्ता बना जिला टॉपर । लीड्स एशियन स्कूल, पटना के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और परिश्रम से जिले भर में परचम लहराया है। सीबीएसई कक्षा 10वीं के हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों में सौभाग्य गुप्ता ने 99% अंक प्राप्त कर पटना जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। साथ ही साथ 12वीं के छात्रों ने भी परचम लहराया और 96% के साथ अपने उज्जवल भविष्य के तरफ एक कदम बढ़ाया। इस शानदार उपलब्धि के साथ, स्कूल के कुल 20% छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पूरे बैच ने 100% पासिंग रिजल्ट देकर यह सिद्ध कर दिया कि लीड्स एशियन स्कूल न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि छात्रों को सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित भी करता है। स्कूल के चेयरमैन रामेश्वर सिंह, सेक्रेटरी श्रीमती पुष्पा सिन्हा, डायरेक्टर श्रृष्टि सुमन एवं प्राचार्य अजय कुमार ने सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा, "यह परिणाम न केवल हमारे विद्यार्थियों की मेहनत का फल है, बल्कि स्कूल के शिक्षण पद्धति, अनुशासन और तकनीकि संसाधनों का भी प्रमाण है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है।" लीड्स एशियन स्कूल लगातार शैक्षणिक उपलब्धियों के नए आयाम स्थापित कर रहा है। स्कूल में अफ्रफ्फक्लासेस, इंटरएक्टिव पैनल टीचिंग, और लैंग्वेज लैब जैसे अत्याधुनिक सुविधाओं के माध्यम से बच्चों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। लीड्स एशियन स्कूल, पटना झ शिक्षा में उत्कृष्टता का दूसरा नाम।

बकाया बिजली बिल को लेकर कई सरकारी विद्यालयों की काटी बिजली, गर्मी में बेहाल होंगे छात्र-शिक्षक

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बकाया बिजली बिल को लेकर मसौढ़ी प्रखंड के कई स्कूलों में बुधवार को बिजली काट दी गई है, ऐसे में पड रही भीषण गर्मी से अब छात्र-छात्र एवं शिक्षक भी परेशान होंगे। दरअसल बताया जाता है कि मसौढ़ी प्रखंड के कई सरकारी विद्यालयों में लंबे समय से बिजली बकाया चल रहा है, जिसको लेकर विभाग के द्वारा बिजली काट दी गई है ऐसे में इस भीषण गर्मी में बिजली कट जाने पर एक तरफ जहां पानी के लिए परेशानी बढ सकती है। वहीं पठन पाठन में भी गर्मी को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के मुताबिक उत्क्रमित मध्य विद्यालय काजीचक, प्राथमिक विद्यालय बसौर, मध्य विद्यालय मटौढा, प्राथमिक विद्यालय तरेगना, प्राथमिक विद्यालय बिहटा समेत कई अन्य सरकारी विद्यालयों की बिजली कट गई है। जिससे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में बिजली एसडीओ राजेश कुमार ने बताया की सरकारी विद्यालयों को बकाया बिजली बिल को लेकर जो लाइन कटी है उन सभी विद्यालयों को प्रिविलेज ग्रुप में डाल दिया गया है जल्द ही उन्हें रिचार्ज कर बिजली बिल चालू कर दिया जाएगा

धनरूआ पभेडा महादलित बस्ती में विशेष शिविर के तहत कल्याणकारी योजनाओं का दिलाया लाभ

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। डॉ भीमराव अंबेडकर सम्रग सेवा अभियान के तहत बुधवार को धनरूआ के पभेडा महादलित टोला के सामुदायिक भवन में सरकार आपके द्वार के तर्ज पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया,विशेष शिविर के माध्यम से अभियान चलाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्तियों को ऑनस्पॉट लाभ दिलाया गया। जिसमें तकरीबन 130 लाभुको का आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें 34 जन्म प्रमाण पत्र वितरण की गई ,12 ई-श्रम कार्ड ऑनलाइन किए गए, एक पेंशन योजना का लाभ दिया गया ,10 मनरेगा जॉब कार्ड बनाए गए एवं 10 आवास योजना के तहत ऑनलाइन किए गए मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि शिविर में पीडीएस, उज्ज्वला योजना, आंगनबाड़ी में नामांकन,जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई-श्रम कार्ड में निबंधन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, वास-भूमि, बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा,, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जन-धन, जीवन ज्योति आदी योजनाओं का लाभ दिया गया, कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अंकित कुमार, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी नेहा कुमारी समेत कई अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत शिविर का आयोजन

किसानों से बिजली कनेक्शन लेने की अपील

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त में बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही किसानों को मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलती है। इससे डीजल की तुलना में बिजली से पटवन कार्य अब 10 गुनी से भी अधिक सस्ती हो गयी है। इसके कारण किसानों को कृषि कार्य करने में काफी सहूलियत हो रही है। ऐसे में मसौढ़ी प्रमंडल के अंतर्गत गांव-गांव में बिजली विभाग के द्वारा शिविर लगाकर किसानों को कनेक्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही किसानों से अपील की जा रही है जो अपने खेतों में पटवन कार्य के लिए बिजली कनेक्शन नहीं लिए हैं और चोरी छिपे बोरिंग चला रहे हैं वैसे लोग को लगातार अपील की जारी है, बिजली एक्सक्यूटिव पवन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत सरकार ने किसानों को उनके खेतों तक मुफ्त बिजली कनेक्शन देने की व्यवस्था की है। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए बिजली की दरें भी कम रखी गई हैं। वहीं चतुर्थ कृषि रोडमैप के तहत सितंबर, 2026 तक मसौढ़ी के कुल दस हजार किसानों को कृषि विद्युत कनेक्शन देने का लक्ष्य है, अब तक 4,090 कृषि विद्युत कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जबकि 295 कृषि ट्रांसफार्मर भी लगाए जा चुके हैं पांच किसानों के आवेदन पर 25 केवि का ट्रांसफार्मर भी दिया जा रहा है। सभी किसानों से अपील की जा रही है कि पटवन कार्य हेतु चाईनीज और नंगी तारों का प्रयोग अपने खेतों में ना करे, वहीं और अनुमंडल पदाधिकारी से पत्र लिखकर मांग की गई है कि पंचायतों के किसान सलाहकार से सामंजस्य से बैठाकर किसानो को बिजली कनेक्शन लेने मे सहायता करेंगे।

बाइक की डिक्की से अवैध हथियार एवं कारतूस जब्त, नाबालिग धराया

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को पुलिस ने सेनुअरिया पंचायत के रानीबाड़ी सरेह से एक नाबालिग युवक को बाइक की डिक्की में अवैध हथियार और कारतूस के साथ पकड़ा है।पुलिस ने बाइक और हथियार जब्त कर लिए हैं।जानकारी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने दी।उन्होंने बताया कि तीन युवक बाइक की डिक्की में अवैध हथियार रखकर पशु शिकार के लिए निकले थे। रानीबाड़ी सरेह में ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ लिया।दो युवक मौके से भाग निकले।ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक की डिक्की से लोहे का दाब, चाकू, मसकला और दो कारतूस बरामद किए। बाइक और हथियार जब्त कर लिए गए। पकड़ा गया युवक रामपुरवा महानवा पंचायत के बढईया टोला, वार्ड नंबर 5 का रहने वाला है। वह नाबालिग है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने समेत बीएलओ को चुनाव कार्य का दिया जा रहा है प्रशिक्षण

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में इससे पहले सभी मतदान केंद्रों पर बुथ लेवल के बीएलओ के साथ 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्य चल रहा है, मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने समेत चुनावी कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।बहरहाल मसौढ़ी नगर परिषद के सम्राट अशोक भवन सभागार में सभी बीएलओ को विधानसभा चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एएलएमटी मास्टर ट्रेनर.के द्वारा प्रशिक्षण में सभी बीएलओ को फार्म 6, 7 व 8 भरने की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान केंद्र पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करना है. साथ ही त्रुटि रहित निर्वाचक मतदाता सूची पर विशेष नजर रखना, मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, लिंगानुपात में समानता लाने व त्रुटि पर ध्यान देने सहित महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने को कहा गया, प्रशिक्षण के दुसरे दिन 66 बीएलओ के बीच प्रशिक्षण दिया गया है यह 6 दिवसीय प्रशिक्षण है। हर दिन 66 बीएलओ एक बैच बनाया गया है और प्रत्येक दिन बैच के अनुसार उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। मसौढ़ी विधानसभा में कुल 394 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पर सभी बूथों पर जोर-शोर से कार्य किया जा रहे हैं।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 35 लोगों को सौंपा गया मोबाइल फोन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने मंगलवार को 35 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों के हवाले की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी डा. शौर्य सुमन ने उनके मालिकों को मोबाइल फोन सौंपा। लंबे अरसे से गुम हुए मोबाइल फोन फिर से वापस पाकर लोगों के चेहरे की खुशी लौट गई। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत 35 लोगों को मोबाइल फोन वापस दिया गया है। वापस किए गए मोबाइल फोन की कीमत आठ लाख 75 हजार रुपये आंका गया है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में ये मोबाइल फोन चोरी या गुम हुए थे। लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के आलोक में मोबाइल फोन ढूंढ कर उन्हें वापस किया गया है। एसपी ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत अब तक 203 मोबाइल फोन ढूंढ कर उनके मालिकों को दिया जा चुका है। इन मोबाइल फोन की कीमत 50 लाख से अधिक है। एसपी ने बताया कि इसके लिए जो वेबसाइट लांच किया गया है, उस पर लोग अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं। मोबाइल फोन ढूंढने में पुलिस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रही है।

रुद्र महायज्ञ हेतु निकाली गयी कलश यात्रा



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर के वार्ड 39 स्थित हरदिया चौक के विश्वकर्मा मंदिर परिसर में रुद्र महायज्ञ को लेकर आज कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने भी भाग लिया। जेठ की इस चिलचिलाती धूप में करीब दो किलोमीटर की इस आध्यात्मिक यात्रा को महापौर समेत अन्य श्रद्धालूओं ने नंगे पांव पूरा किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि महायज्ञ और अनुष्ठान सनातन संस्कृति के वैज्ञानिक आधार माने गए हैं।इसके साथ ही रुद्र महायज्ञ से तनाव और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होने के साथ सामाजिक जनजीवन में लगाव और सौहार्द बढ़ता है। महायज्ञ के संयोजक बाबा मनमोहन दास और यज्ञाचार्य पंडित राकेश मणि त्रिपाठी ने जल यात्रा के शुभारंभ मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं को सामाजिक सुख,शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का संकल्प दिलाया। इससे पूर्व इस रुद्र महायज्ञ और गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष वार्ड 39 के नगर पार्षद ओम प्रकाश साह ने दल बल सहित महापौर व अन्य का पुरजोर स्वागत किया। मौके पर महायज्ञ आयोजन समिति के सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष रामाशीष ठाकुर,मीडिया प्रभारी रत्नेश शर्मा,उपाध्यक्ष चंद्रिका मुखिया और राहुल चतुर्वेदी की रचनात्मक भागीदारी रही।

आई आईटी पटना के 26 छात्रों का गूगल समर इंटर्नशिप के लिए चयन

बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना ने एक नई उपलब्धि के साथ तकनीकी उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपना परचम फिर लहराया है। संस्थान के कुल 26 प्री-फाइनल ईयर छात्रों का चयन विश्व की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल में समर इंटर्नशिप के लिए हुआ है। यह संस्थान के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक चयन है। चयनित छात्रों में 15 छात्र और 11 छात्राएं शामिल हैं, जो न केवल अकादमिक प्रतिभा बल्कि संस्थान में लैंगिक संतुलन और समावेशिता को भी दशार्ते हैं। ये छात्र मई से जुलाई 2025 के बीच गूगल में 12 सप्ताह तक सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग इंटर्न के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे।आईआईटी पटना के निदेशक, प्रो. टी. एन. सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, "यह हमारे संस्थान के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। यह हमारे छात्रों की कठिन परिश्रम, समर्पण तथा उनके समग्र विकास हेतु उपलब्ध कराए गए प्रेरणादायक वातावरण का सजीव प्रमाण है।संस्थान के प्रो. ए.के. ठाकुर (डीन, प्रशासन), डॉ. एन. के. तोमर (अध्यक्ष, सी सी डी सी), तथा डॉ. ऋषव सिंह (ए. चेयर, सीसीडीसी) सहित अन्य स्टाफ और फैकल्टी ने भी इस सफलता पर छात्रों को शुभकामनाएं दीं और इसे आईआईटी पटना की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी कृपाशंकर सिंह ने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि यह चयन अत्यंत प्रतिस्पर्धी था, जिसमें प्रारंभिक ऑनलाइन मूल्यांकन के बाद दो चरणों के तकनीकी साक्षात्कार शामिल थे। सफल उम्मीदवारों को सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग इंटर्न का प्रोफाइल दिया गया है।इंटर्नशीप में चयनित 26 छात्रों में से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (बी.टेक) के 16 विद्यार्थी, मैथमैटिक्स एंड कंप्यूटिंग (बी.एस) के 5 विद्यार्थी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस (बी.टेक) के 4 विद्यार्थी और इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (बी.टेक) के 1 विद्यार्थी हैं।यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल आईआईटी पटना की उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा को प्रतिबिंबित करती है, बल्कि आई आई टी पटना के छात्रों की वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में बढ़ती साख को भी दशार्ती है।

संक्षिप्त समाचार

अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने का तरीका बताया

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सिरिसिया गांव में बुधवार को आग लगने की सूचना पर पर पहुचीं अग्निशमन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के समक्ष मॉक ड्रिल कर आग लगने पर उसे सावधानी बरतने और उसे बुझाने के गुण सिखाये। अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि गर्मी के दिनों में आगलगी की घटनाएं बढ़ जाती है। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए ग्रामीणों को कुछ आवश्यक जानकारी दी गई ताकि इस तरह की घटनाओं में कमी लाई जा सके। और आग लगने पर उसपर सावधानी पूर्वक काबू पाया जा सके।

फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर पुलिस ने सात वर्षों से फरार चल रहे हत्याकांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुकुरा गांव निवासी रैफूल आलम के रूप में की गई हैं। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भंगहा थाना क्षेत्र से उसे गिरफ्तार किया है। वह वर्ष 2018 से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से कुर्की निर्गत था,हालांकि उसे गुप्त सूचना के आधार पर भंगहा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

भभटा के अग्निपीड़ितों को दीं गई पॉलीथिन शीट

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंचल क्षेत्र के भभटा पंचायत के भभटा गाव में दो अलग अलग आगलगी की घटनाओं में नौ अग्निपीड़ितों के बीच अंचल प्रशासन की ओर से पॉलीथिन शीट का वितरण किया गया है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि वीते सात एवं दस मई को भभटा गांव में आगलगी की अलग अलग घटना घटी थी। दोनों घटना में अग्निपीड़ितों के बीच पॉलीथिन शीट का वितरण किया गया है। सीओ ने बताया कि अग्निपीड़ितों द्वारा आवेदन के साथ बैंक खाता संख्या से संबंधित दसतावेज नही दीं गई है। सभी को अपने बैंक से संबंधित दसतावेज जमा करने को कहा गया है। बैंक खाता की जानकारी मिलने पर उन्हें सहायता राशि का चेक दिया जाएगा।

सर्पदंश से युवक की मौत

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के महनागन्नी पंचायत के वार्ड नंबर 3 में सर्पदंश से 22 वर्षीय अब्दुल्लालैश आलम की मौत हो गई। सरपंच शेख मुस्ताक ने बताया कि सोमवार को आई आंधी में अब्दुल्लालैश का घर इधर-उधर हो गया था। मंगलवार दोपहर वह घर को ठीक कर रहा था। तभी सांप ने काट लिया। उसे इसका पता नहीं चला।वह काम करता रहा।कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे इलाज के लिए लोहियरिया ले गए। वहां से डॉक्टर ने बेतिया जीएमसीएच भेजने की सलाह दी।जीएमसीएच पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब्दुल्लालैश की शादी छह महीने पहले हुई थी। पत्नी तीन माह की गर्भवती है।शव को मुस्लिम रीति-रिवाज से दफना दिया गया।

दुकान से चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। इनरवा बाजार स्थित दुकान से मोटर और आयरन चोरी कर लेने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। खमियां निवासी सुभाष कुमार ने पुलिस को बताया है कि इनरवा बाजार में मेरा दुकान है। विगत एक मई को नाश्ता लाने बाजार में गया था। लौटने के बाद देखा कि कुछ सामान का डिब्बा बिखरा पड़ा था। अपनी दुकान का सीसी कैमरा खोला तो देखा कि इनरवा के समतुल्लाह आलम दुकान में घुसकर मोटर और आयरन चुरा दुकान से बाहर निकल गया है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। इनरवा थाना के झझरी में बाइक चोरी के मामले में बाइक मालिक फुलेना पंडित ने थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

ताला तोड़कर दो लाख 65 हजार चोरी

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर थाना के अंजुआ चौक पर मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने एक सीएसपी का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामले में सीएसपी संचालक अभिषेख राज ने शिकारपुर थाना पहुचकर आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह अंजुआ चौक पर इंदुसिन्द बैंक का सीएसपी चलाता है। मंगलवार की रात में सीएसपी के गल्ला में दो लाख 65 हजार रुपये रखकर बंद किया और घर चला गया। बुधवार की सुबह सात बजे सीएसपी सेंटर पर पहुचा तो उसका ताला टूटा हुआ था अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और गल्ला में रखे हुए रुपये गायब थे। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले में घटना स्थल पर पुलिस को जांच के लिए भेजा गया है। मामले में सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए अग्रेतर करवाई की जा रही है।

बीपीआरओ ने बनवारिया पंचायत का किया निरीक्षण

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बनवरिया पंचायत का निरीक्षण प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विवेक आर्य ने किया है। इस दौरान उन्होंने पंचायत कार्यालय व पंचायत में क्रियान्वित योजनाओ की जांच की। बीपीआरओ विवेक आर्या ने बताया कि बनवरिया में पंचायत भवन कार्यालय के जांच के क्रम में कार्यपालक सहायक अनुपस्थित पाए गए। इसको लेकर कार्यपालक से जवाब मांगा गया है। इसके साथ ही पंचायत में कराए गए कई योजनाओं का अभिलेख और कैशबुक भीअपडेट नही पाया गया। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूपीयू के जांच में पाया गया कि यहां पिछले करीब एक सप्ताह से कचरा उठाव नही किया जा रहा है। वही अंजुआ गांव में नाली निर्माण कार्य का जांच किया गया जांच में कार्य पूर्ण है लेकिन निर्माण स्थल पर योजना बोर्ड नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव शंकर प्रसाद, तकनीकी सहायक इम्तियाज अहमद, मुखिया प्रतिनिधि सोहन राम आदि उपस्थित थे।

नगर आयुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शहरी विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार द्वारा बढ़ते शहरीकरण के मद्देनजर नव विस्तारित शहरी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ह्यआपका शहर, आपकी बातह्न कार्यक्रम के अंतर्गत छपरा नगर निगम के वार्ड संख्या 44 में मुहल्ला सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय ने स्वयं वार्ड वासियों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं एवं आकांक्षाओं को गंभीरता से सुना। नागरिकों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवास की सुविधा दिलाने, क्षेत्र में गलियों, सड़कों व नालियों के निर्माण व जीर्णोद्धार का अनुरोध किया। नगर आयुक्त ने भरोसा दिलाया कि सभी प्राप्त शिकायतों और सुझावों को संकलित कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई सड़कों, गलियों एवं नालियों का निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है और शेष कार्य शीघ्र शुरू कराए जाएंगे।

सीवान में आरबीटी विद्यालय का परचम लहराया

प्रेम प्रकाश ने 95% अंक लाकर 12वीं में किया टॉप, आर्या लक्ष्मी ने 10वीं में 92% के साथ मारी बाजी

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिक्षा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था आर. बी. टी. विद्यालय (सीबीएसई दिल्ली मान्यता प्राप्त) ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का प्रमाण देते हुए 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। मंगलवार को घोषित परिणामों में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।

12वीं कक्षा के टॉपर: प्रेम प्रकाश ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवम यादव ने 87% के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। हर्षित बरनवाल ने 86% अंक लाकर तीसरा स्थान पाया। सत्यम कुमार सिंह ने 85% तथा साहिल सिन्हा ने 83% अंक प्राप्त कर क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया।

10वीं कक्षा के टॉपर: आर्या लक्ष्मी ने 92% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। आदित्य तिवारी ने 89% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। मोहम्मद फैसल ने 85% के साथ तीसरा, प्रशांत मिश्रा ने 84% के साथ चौथा और मेधा कुमारी दुबे ने 82% अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया।

विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं

इस गौरवशाली उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष जुगल किशोर तिवारी एवं प्रधानाचार्य अतुल कुमार शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कहा कि संस्था का लक्ष्य आगे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना और हर छात्र को उसकी पूर्ण क्षमता तक पहुंचाना है।

बिहार पब्लिक स्कूल, पचौरा मठिया का सीबीएसई परीक्षा में जलवा

दसवीं में 99.58% और बारहवीं में 87.88% सफलता दर, विद्यार्थियों ने बढ़ाया जिले का मान

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 के परिणामों में बिहार पब्लिक स्कूल, पचौरा मठिया, सिवान ने एक बार फिर से अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता को साबित कर दिया है। विद्यालय के छात्रों ने कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। दसवीं में 237 छात्रों ने मारी बाजी, सफलता दर 99.58% विद्यालय से कक्षा 10वीं में कुल 238 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 237 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। यह विद्यालय के लिए गौरव की बात रही कि सफलता दर 99.58% रही, जो जिले में एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है। कई विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से दिव्यांशु, करण यादव, एस्सा कुमारी, माया कुमारी, सिद्धि मिश्रा, शाफेया फातिमा, कुमारी अंशिका, पलक कुमारी सिंह, जिन्नत परवीन, प्रिंस कुमार, खुशी कुमारी, फरहीन इस्लाम, शुभम शर्मा, शौर्य कुमार, सबा परवीन, आराध्या राज और यास्मिन खातून जैसे छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।

बारहवीं में भी लहराया परचम, 145 छात्र सफल

कक्षा 12वीं के परिणाम भी सराहनीय रहे। कुल 165 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 145 ने सफलता प्राप्त की और इस प्रकार सफलता दर 87.88% रही। इस बार सौम्या तिवारी, आयुष तिवारी, उत्सव कुमार दुबे, रोहित कुमार, रोहन राज, रोहित कुमार गोंड, खुशबू कुमारी, प्रिंस कुमार, सौम्या, शुशमा कुमारी, अर्पित राज, श्रेया श्री, उत्सव कुमार, मोहित कुमार, एकता राज, अदिति पाठक, उज्जवल कुमार मिश्रा, प्रज्ञा रानी, प्रज्ञा कुमारी, ईशान अद्वित, आर्यन राज, ऋषभ राज, कुणाल कुमार, आयुष ओझा और प्रांजल प्रकाश जैसे छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

प्राचार्य ने दी बधाई, भविष्य के लिए शुभकामनाएं

विद्यालय के प्राचार्य श्री बिनोद प्रसाद सिन्हा ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, "यह सफलता छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों की मार्गदर्शक भूमिका और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। हमारा विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।"

टीआरई तीन के शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

बीईओ सहित बीआरपी रहे मौजूद

लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड परिसर स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कर एवं बीआरपी के द्वारा बीपीएससी तैयारी 3 के तहत सफल शिक्षक अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। जिसके तहत बुधवार के दिन कुल 227 अभ्यर्थी अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त किए । वही इस अवसर पर नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं के चेहरे प्रसन्न मुद्रा में खिले हुए देखे गए । नियुक्ति पत्र के वितरण से प्रखंड संसाधन केंद्र में अन्य दिनों की अपेक्षा चहल पहल भीड़ भाड़ का आलम रहा।

इस संबंध में बी ई ओ श्री कर ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय वर्ग 01 से 05 तक एवं 01 से वर्ग 08 तक के लिए बी पी एस सी तैयारी 3 मे सफल घोषित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटा गया। जिसके तहत दिनांक 15 मई से 31 मई तक सभी अभ्यर्थी शिक्षकों को आवंटी विद्यालयों में अपना योगदान करना सुनिश्चित करेंगे । विदित हो कि प्रखंड के कुल 165 प्राथमिक और मध्य विद्यालयों (उत्क्रमित) सहित के अधिकांश विद्यालयों में निर्धारित समय पर योगदान करना है। जो बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में निर्देशित किया गया है। मौके पर शिक्षक श्याम कुमार, मनीष कुमार , बी आर पी दुर्गा प्रसाद , शैलेन्द्र कुमार शुक्ल सहित सभी सफल बी पी एस सी तैयारी 3 के अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

गैस रिसाव से लगी आग, हजारों की क्षति

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सोमगढ़ पंचायत के वार्ड संख्या पांच सिरिसिया गांव में बुधवार की सुबह खाना बनाने के दौरान गैस रिसाव से आग लग गई आग। आग की लपटों को देख आफरा तफर मच गई। स्थानीय लोगो के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तबतक मस्तकीन मियां के घर मे रखा कपड़ा, वर्तन, अनाज,व नगदी समेत हजारों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। देखते ही देखते आग पूरे घर मे फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया लेकिन अग्निशमन विभाग की टीम देरी से पहुचीं तबतक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। स्थानीय मुखिया धीरेंद्र कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जानकारी मिली है।

हंगामेदार रही पंचायत समिति की बैठक सिसवानिया मुखिया ने उठाए कई अहम मुद्दे

लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड सभागार में राजद के पूर्व विस प्रत्याशी सह प्रमुख शंभू तिवारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई । जिसमें प्रखंड के मुखिया सहित सभी पंचायत समिति सदस्य मिलकर वांछित मुद्दों पर चर्चा की और अपने अपने क्षेत्र में हो रही विकास कार्यों को सदस्यों के बीच साझा किया जिसमे विद्यालयों में समय पर शिक्षकों की उपस्थिति के साथ ही विद्यालयों की साफ सफाई , मध्यान भोजन एवं विद्यालय में बरसात से पहले की व्यवस्था से सदन को अवगत कराया गया। कही आंगनबाड़ी की आवश्यकता एवं संचालित आंगनबाड़ी के सुदृढ़ी करण सहित अन्य अहम अन्य समस्याओं की बात छनकर आई । वही अपने संबोधन में सिसवनिया मुखिया कन्हैया प्रसाद ने खेद जताते हुए कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान कई बैठकों में शामिल होकर जन हित की समस्याओं को उठाए और रजिस्टर में अंकित भी कराए। परन्तु आज तक एक भी समस्याओ का समाधान नहीं किया गया और न ही कोई विचार ही संबंधित अधिकारी द्वारा प्रकट किया गया। ऐसी परिस्थिति में क्यों न पूरे पंचायत के सार्वजनिक कुओं को मिट्टी से भर दिया जाय जबकि अंचल अधिकारी द्वारा विगत डेढ़ वर्षों में एक कुएं को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया । वही नाम नहीं छापने के बात पर कई सदस्यों ने बैठक को औपचारिकता पूरी करने वाला बैठक बताया ।

20 मई की आम हड़ताल को सफल बनाने का आहवान

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। केन्द्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर 20 मई के आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए पं चम्पारण के केन्द्रीय श्रम संगठनों की ओर से बेतिया मीना बाजार स्थित रिक्सा यूनियन के कार्यालय के सभागार में एटक के ओम प्रकाश क्रांति, सीटू के बी के नरूलाह, एक्टू के फरहान राजा की अध्यक्ष मंडली में मजदूरों का कन्वेंशन किया गया।कन्वेंशन का उदघाटन सीटू के राज्य महासचिव गणेश प्रसाद सिंह ने किया। श्री सिंह ने मजदूरों के समक्ष की चुनौतियों तथा सरकार की मजदूर विरोधी नीति की चर्चा करते हुए चार श्रम संहिता को मजदूरों के लिए अहितकारी बताया। 20 मई के आम हड़ताल की 17 सूत्रीय मांगों को विस्तार से बताते हुए 20 मई के आम हड़ताल को देश के मजदूरों के अस्तित्व की लड़ाई बताया ।

मानदेय भुगतान को लेकर पंचायत सचिव मांग रहे रिश्वत

गोखुला पंचायत के स्वच्छता कर्मियो ने बीडीओ से की शिकायत

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के गोखुला पंचायत में कार्यरत स्वच्छता कर्मियो के मानदेय का भुगतान पिछले पांच माह से लंबित है। मानदेय लंबित होने को लेकर स्वच्छता कर्मियो ने पंचायत सचिव शंकर प्रसाद पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए प्रखंड कार्यालय पहुचकर बीडीओ से शिकायत की है। स्वच्छता कर्मी राजकुमार राम, परमा यादव, भगन राम, अवधेश राम, मुन्ना राम, कृष्णावती देवी, शांति देवी,किशुन राम, चंदन राम, अशर्फी महतो, सुरेंद्र राम, अमर राम, मुनिरका राम,रूदल प्रसाद, जितेंद्र दास और संतोष प्रसाद ने बताया कि उनका मानदेय पिछले पांच माह से नही मिल रहा है। मानदेय भुगतान को लेकर पंचायत सचिव शंकर प्रसाद रिश्वत की मांग कर रहे हैं। स्वच्छता कर्मियो ने बीडीओ से कहा कि मानदेय नही मिलने से उनकी आर्थिक स्तिथि पहले से ही खराब है। ऐसे में पंचायत सचिव को रिश्वत कहा से दे पाएंगे। वही स्वच्छता पर्यवेक्षक रीता देवी का मानदेय भी 15 माह से लंबित है। स्वच्छता कर्मियो के इस शिकायत के बाद बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया है और तत्काल कार्रवाई करते हुए एलएसबीए के ब्लॉक कॉर्डिनेटर रामविनय प्रसाद को कर्मियो कि शिकायत लिखित रूप में लेने का निर्देश दिया है। वही पंचायत सचिव शंकर प्रसाद स्पस्टीकरण की मांग किया है। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि मानदेय भुगतान को लेकर रिश्वत् की मांग का मामला गंभीर है। पंचायत सचिव से 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नही मिलने पर करवाई के लिए वरीय अधिकारी को लिखा जाएगा।

धनगढ़ा की बेटी संस्कृति ओझा ने 10वीं परीक्षा में लहराया परचम, गांव का नाम किया रौशन

छात्रा की मेहनत व परिवार के सहयोग ने दिलाया उत्कृष्ट परिणाम, चिकित्सक बन समाज सेवा का है सपना

छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बनियापुर प्रखंड अंतर्गत धनगढ़ा गांव इन दिनों खुशी और गौरव के भाव में सराबोर है। इसका कारण है गांव की होनहार बेटी संस्कृति ओझा, जिसने सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे गांव को गर्व की अनुभूति कराई है। संस्कृति ने 93.2% अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी विद्यार्थी अपनी मेहनत, लगन व परिवार के सहयोग से सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। संस्कृति ओझा के पिता विवेकानंद ओझा मीडिया क्षेत्र से जुड़े हैं। जबकि माता श्रीमती श्वेता ओझा भाजपा की एक सक्रिय नेत्री हैं। संस्कृति का सपना है कि वह आगे चलकर एक सफल चिकित्सक बने और अपने सेवा कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाए। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, नाना-नानी और गुरुजनों को देते हुए कहा कि यदि सही मार्गदर्शन, निरंतर परिश्रम और परिवार का समर्थन मिले तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। संस्कृति की सफलता पर गांव सहित आस-पास के क्षेत्रों में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। पूर्व प्रधानाचार्य श्री दीनानाथ पांडेय, प्रो उपेंद्र पांडेय, मुखिया मनोज सिंह, मुखिया श्रीमती शोभा पांडे, श्रीमती दम्यंती देवी समेत अनेक शिक्षाविदों व समाजसेवियों ने उसे बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। गांव के लोगों ने इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानते हुए कहा कि संस्कृति की यह सफलता अन्य ग्रामीण छात्र-छात्राओं के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बन गई है। संस्कृति ने यह साबित कर दिखाया है कि अगर जुनून और समर्पण हो, तो सफलता निश्चित है, चाहे संसाधनों की कितनी ही कमी क्यों न हो। इस सफलता के साथ ही धनगड़हा गांव की पहचान अब शिक्षा के क्षेत्र में भी बनती जा रही है। ग्रामीणों को विश्वास है कि संस्कृति भविष्य में न सिर्फ अपने गांव, बल्कि पूरे राज्य और देश का नाम रोशन करेगी।

भाजपा नेता के विरुद्ध एफबी पर अश्लील टिप्पणी मामले में प्राथमिकी

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर परिषद के पूर्व उपसभापति, सह भाजपा नेता कुमार गौरव उर्फ रिंकी गुप्ता पर फेसबुक प्लेटफार्म के माध्यम से अश्लील टिप्पणी करने के मामले में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रिंकी गुप्ता की शिकायत पर फेसबुक आईडी अमित श्री, पप्पू कुमार श्रीवास्तव, कश्यप अभिनव के लिंक की जांच की जा रही है। नगर के वार्ड 14 निवासी भाजपा नेता कुमार गौरव उर्फ रिंकी गुप्ता ने पुलिस से बताया है कि वे नगर परिषद के कार्यवाहक सभापति रह चुके हैं। समाज सेवा के काम में रहते हैं, जिससे जनता में उनकी अच्छी छवि है। उनकी मां सुनैना देवी वार्ड पार्षद थी। उनके आकस्मिक निधन के कारण दो-तीन महीना में उनके वार्ड का उपचुनाव होने वाला है।

शहीद जवान के घर पहुंचे सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, परिजनों से की मुलाकात

छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में आतंकी मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए छपरा जिले के गड़खा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी बीएसएफ के एसआई मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि देने बुधवार को राज्यसभा सांसद व कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रतिनिधि इमरान प्रतापगढ़ी पहुंचे। उन्होंने शहीद के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और गहरा शोक व्यक्त किया। करीब 25 मिनट तक सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने शहीद की पत्नी, पुत्र, पुत्री और अन्य परिजनों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में लगे जवानों का बलिदान सर्वोपरि होता है और इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मोहम्मद इम्तियाज अली की शहादत पर पूरा देश गर्व करता है। प्रतापगढ़ी ने कहा कि सरकार और समाज को शहीद के परिवार की पूरी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। वे खुद सरकार से शहीद के परिजनों को विशेष पैकेज और परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग रखेंगे। उनकी मौजूदगी में माहौल एक बार फिर भावुक हो गया। शहीद की पत्नी और बच्चों की आंखें नम हो गईं। गांव के लोग और कांग्रेस के स्थानीय नेता भी मौके पर उपस्थित रहे। सांसद ने कहा कि शहीद की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जाएगा।

महिला संवाद कार्यक्रम से जुड़ीं 24,551 आकांक्षाएं दर्ज, महिलाएं रख रहीं विकास के ठोस सुझाव

सारण जिले के 18 प्रखंडों में अब तक 953 स्थानों पर हुआ आयोजन, जिला प्रशासन कर रहा त्वरित कार्रवाई

के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

छपरा (सारण)। सारण जिले में चल रहा महिला संवाद कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। 18 अप्रैल से शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत अब तक जिले के 18 प्रखंडों में कुल 953 स्थानों पर आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना और ग्रामीण विकास को गति देना है। जिला प्रशासन के अनुसार इस कार्यक्रम के दौरान अब तक कुल 24,551 आकांक्षाएं दर्ज की जा चुकी हैं। जिन्हें विशेष मोबाइल एप के माध्यम से संकलित किया जा रहा है। इन सभी सुझावों व मांगों की निगरानी स्वयं जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में की जा रही है। जिला स्तर पर जिन मामलों का समाधान संभव है, उन्हें संबंधित विभागों को भेजकर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। महिला संवाद के दौरान गांव-गांव की महिलाओं ने बेझिझक अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। छपरा सदर प्रखंड के महाराजगंज पंचायत की निर्मला देवी ने जीविका के महिला संघ को 50 लाख रुपए की उद्यम निधि देने की मांग की, ताकि महिला समूह बड़े पैमाने पर व्यवसाय शुरू कर सकें और रोजगार के अवसर बढ़ें। मढ़ौरा प्रखंड की महिलाओं ने असम प्रजाति के बांस की खेती को बढ़ावा देने की मांग रखी। पानापुर की मुखिया देवी ने बसहिया पंचायत में सब्जी, फल, दूध जैसे उत्पादों के भंडारण हेतु कोल्ड स्टोरेज निर्माण की मांग की। परसा प्रखंड की रंजू देवी ने सगुनी पंचायत के वार्ड- 1 में नल-जल योजना के तहत शीघ्र पाइपलाइन बिछाने की मांग की। वहीं सोनपुर प्रखंड की लक्ष्मी देवी ने किसानों के लिए सरकारी मोटर पंप की व्यवस्था किए जाने का सुझाव दिया, ताकि सिंचाई कार्यों में सुविधा हो और कृषि उत्पादन बढ़े। मांझी प्रखंड की रीना कुमारी ने बताया कि उन्हें स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत इंजीनियरिंग की पढ़ाई का अवसर मिला। उन्होंने जेपी विश्वविद्यालय की निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि छात्रों को समय पर डिग्री मिल सके। यह कार्यक्रम महिलाओं को न केवल योजनाओं की जानकारी दे रहा है, बल्कि उन्हें अपनी बात रखने का सशक्त मंच भी उपलब्ध करा रहा है। जिला प्रशासन का कहना है कि यह पहल सिर्फ संवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि सुझावों के आधार पर ठोस कार्रवाई करके जमीनी बदलाव लाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के रिविलगंज व लहलादपुर प्रखंडों में अभी यह कार्यक्रम नहीं आयोजित हो रहे हैं। अभी मात्र 18 प्रखंडों में आयोजित किया जा रहा है। शेष रिविलगंज व लहलादपुर में 25 मई से शुरू होगा। इसकी जानकारी जीविका सारण के जिला संचार प्रबंधक दीपक कुमार ने दी है।

मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के चुनाव आयुक्त के प.चंपारण के संभावित दौरा पर भी चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर बिजली, पेयजल, रैम्प, शौचालय, शेड आदि की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अभी से ही प्रयास शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी विधान सभा निर्वाचन अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। इसके साथ हीं संबंधित निवार्चक निबंधन पदाधिकारियों सह निवार्ची पदाधिकारियों को सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप एवं चुनाव पाठशाला का गठन कर उन्हें सक्रिय करने की बात कही। जिलाधिकारी ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में भी अभिरुचि लेकर लिंगानुपात एवं ईपी रेसियो में सुधार करने का निर्देश दिया। और मृत एवं दोहरी प्रविष्टि के निर्वाचकों की पहचान करते हुए उनको विलोपित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में अभिरूचि नहीं लेने वाले बीएलओ को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश देते हुए बीएलओ के कार्यो के अनुश्रवण करने हेतु प्रत्येक 10 मतदान केन्द्रों पर एक बीएलओ सुपरवाईजर की नियुक्ति करने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

गड्ढ़ायुक्त सड़कों की जल्द करें मरम्मत : श्रीकांत शास्त्री

विभिन्न विभागों के समीक्षात्मक बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। तकनीकी विभागों एवं एससीए, एडीपी, डीओसी, डीएमएफटी की समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आहूत की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा परियोजना प्रबंधक, बीएमएसआईसीएल को उनके माध्यम से कराए गए सड़कों के निर्माण बाद जिन सड़कों पर गड्ढ़े हो गये हैं, उसकी मरम्मति कराने हेतु निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता, एलएईओ को विशेष केन्द्रीय सहायता योजना एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम योजना के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से मई 2025 तक अचूक रूप से पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के माध्यम से कराए जाने वाले विशेष केन्द्रीय सहायता एवं डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न योजना अंतर्गत योजनाओं के कार्य में तीव्रता लाते हुए इसी मई तक निश्चित रूप से पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा कार्यान्वित नल-जल योजना को सुचारू रूप से संचालित कराने का निर्देश दिया गया, साथ ही ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर चापाकल अधिष्ठापन एवं मरम्मति कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, औरंगाबाद को ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से कराए जाने वाले कार्य को निश्चित समय-सीमा के अंदर नियमानुसार पूर्ण कराते हुए यथाशीघ्र उन सभी योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सहायक योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दाउदनगर, सहायक अभियंता, पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल आपूर्ति, औरंगाबाद एवं दाउदनगर, सहायक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल गया, सहायक अभियंता, विद्युत भवन निर्माण निगम, गया, सहायक अभियंता, सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल औरंगाबाद, कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, अम्बा, सहायक अभियंता, बुद्धको, सहायक अभियंता सिंचाई प्रमंडल दाउदनगर, कार्यपालक अभियंता बटाने शीर्ष प्रमंडल, अम्बा कनीय अभियंता, ब्रेडा, औरंगाबाद आदि मौजूद रहे।

लू लगने से छात्रा बेहोश, रेफर

मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पंचायत के कोल्हुआ मध्य विद्यालय में बुधवार को एक छात्रा पढ़ाई के दौरान बेहोश होकर अचानक गिर पड़ी, जिससे विद्यालय में अफरा-तफरी मच गयी। विद्यालय में कार्यरत शिक्षा सेवक उदय कुमार शिकारी एवं शिक्षक सियाराम कुमार ने छात्रा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि छात्रा तेज गर्मी से बेहोश हो गई थी। प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। पीड़ित छात्रा की पहचान कोल्हुआ टोले भुईयां बिगहा निवासी रवीन्द्र भुईयां की 8 वर्षीया पुत्री नंदनी कुमारी के रुप में की गई है। वह तीसरी वर्ग में पढ़ती है। बताया जाता है कि नंदनी अपने वर्ग क्लास में बेंच पर बैठ पढ़ाई कर रही थी तभी अचानक बेंच से वह नीचे गिर पड़ी और बेहोश हो गई।

राजनीतिक भागीदारी को लेकर वैश्य समाज एकजुट

राष्ट्रीय वैश्य महासभा की जिला स्तरीय बैठक औरंगाबाद में संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। राष्ट्रीय वैश्य महासभा की जिला स्तरीय बैठक बुधवार को आयोजित की गई, जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पीके चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पारंपरिक अंदाज में पुष्पगुच्छ और मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. चौधरी ने आगामी 29 जून को पटना में आयोजित होने वाले विशाल राज्यस्तरीय सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन वैश्य समाज के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा, जिसमें वैश्य समाज की 56 उपजातियों के प्रतिनिधि पूरे राज्य से शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वैश्य आंदोलन को राष्ट्रीय वैश्य महासभा के बैनर तले हम लोगों ने सशक्त करने का काम किया है। औरंगाबाद के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी विनय प्रसाद ने कहा कि आगामी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव बिहार के वैश्य समाज के लिए बेहद अहम है। महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश चंद्रा ने कहा कि हम सबके प्रयास से समाज के लोग इस बात को लेकर बेहद जागरूक हुए हैं और इसे बेहद संवेदनशीलता के साथ समझ भी कर रहे हैं। वैश्य समाज एक बड़ा व्यवसायी वर्ग है जिनका देश-प्रदेश के विकास दर में अहम भूमिका है। वैश्य समुदाय समाज के हर वर्गों के लिए काम करता है। हरेक वर्गों की चिंता करता है। ऐसे में समाज की महती जिम्मेवारी है कि समाज का हर वर्ग वैश्य समाज को मुख्यधारा से जोड़ने में उनकी मदद करें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामजी गुप्ता ने की, जिन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सम्मेलन को लेकर सक्रियता बढ़ाएं और गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित करें। बैठक का संचालन जिला महासचिव दिलीप गुप्ता ने किया। मौके पर समाजसेवी सुनील गुप्ता, प्रदेश महासचिव राहुल राज, प्रदेश महासचिव मुकेश कुमार लाल, गौरव अकेला, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, पूर्व वार्ड पार्षद उपेंद्रनाथ, लखन प्रसाद, डॉ चंद्रशेखर प्रसाद, महावीर जैन, राजू गुप्ता, नीरज शर्मा, मनीष गुप्ता, ज्ञानदीप कुमार, बालचंद गुप्ता, संतोष कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित गुप्ता, बैजनाथ गुप्ता, रिशु राज एवं अन्य मौजूद रहे।

लंबे समय से फरार हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। एसटीएफ एवं औरंगाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील व नक्सलियों का गढ़ रहे लंगुराही पहाड़ पर की गई। पकड़े गए नक्सली की पहचान लंगुराही निवासी जगलाल सिंह भोक्ता के रूप में की गई है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार इसके संबधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी, इसी क्रम में एसटीएफ और मदनपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में वह पकड़ा गया। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर नक्सलियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है। सूचना मिली कि नक्सल कांडों में फरार जगलाल सिंह भोक्ता लंगुराही गांव में है जिसके आलोक में विशेष टीम द्वारा नक्सली को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये नक्सली के खिलाफ मदनपुर थाना में दो नक्सल के मामले दर्ज हैं, तब से इसकी तलाश की जा रही थी। इसकी गिरफ्तारी से नक्सलियों का मनोबल गिरा हैं। एसडीपीओ ने कहा कि नक्सल गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

शराब तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। अंबा थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान ढूंढा गांव के सामने उत्तर कोयल नहर पर बन पुल के समीप से शराब की खेप लेकर जा रहे तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। तस्कर की पहचान ढ़ीबरा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी सुभाष कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि तस्कर बाइक पर शराब लादकर उक्त रास्ते से गुजर रहा था। इसी क्रम में पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जांच के दौरान बाइक पर बोरी में बांधकर रखी हुई सौ लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि संशोधित मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दिल्ली से झारखंड जा रही वृद्धा चलती ट्रेन से गिरी, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नबीनगर रेलवे स्टेशन से तीन किलोमीटर दूर पिपरा अंडरपास के पास 66 साल की एक महिला की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतका की पहचान झारखंड के बोकारो जिले के गोमिया थर्मल निवासी मो. फूलेल की पत्नी माजदा खातून के रूप में हुई है। बुधवार को सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के दौरान मृतका के छोटे बेटे मो. आसिफ ने बताया कि मां की तबीयत कुछ दिनों से खराब थी। इलाज के लिए वह दिल्ली में अपने बड़े बेटे फिरोज अख्तर के पास गईं थीं। फिरोज दिल्ली की एक निजी कंपनी में काम करता है। इलाज पूरा होने के बाद दो दिन पहले मैं

अपनी मां के साथ बेटा (फाइल फोटो)

मां को घर लाने दिल्ली गया था। गरीब रथ ट्रेन से घर लौट रहे थे। नबीनगर स्टेशन पार करने के बाद पिपरा अंडरपास के पास माजदा खातून ट्रेन से गिर गईं। ट्रेन जब लातेहार पहुंची तो आसिफ की नींद खुली। मां को बर्थ पर नहीं पाया। कई बोगियों में तलाश की, लेकिन वह नहीं मिलीं। इसके बाद रेलवे में शिकायत दर्ज कराई गई। बरकाकाना स्टेशन पर परिजन दोनों का इंतजार कर रहे थे। वहां आसिफ को अकेला देख मां के बारे में पूछा गया। तब उसने पूरी घटना बताई। कुछ देर बाद रेलवे ने परिजनों को नबीनगर में एक महिला का शव मिलने की सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान माजदा खातून के रूप में की। महिला ट्रेन से कैसे गिरी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। शव मिलने के बाद आरपीएफ ने शव नबीनगर थाना को सौंप दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। नबीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर महिला का शव देखा। सूचना पर पुलिस पहुंची। शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो सकी थी। रेलवे में शिकायत दर्ज होने के बाद परिजनों को फोन से सूचना दी गई। इसके बाद शव की पहचान हुई। परिजनों के आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जनता दरबार लगा सुनी समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें चार परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा नल जल योजना, भूमि विवाद, नाली गली एवं आर्म्स लाइसेंस से संबंधित मामले लाए गए। जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों के आवेदनों के सुनवाई करते हुए त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों के पास परिवाद पत्र भेजते हुए यथाशीघ्र मामला को निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सदर प्रखंड स्थित मुहल्ला-विराटपुर निवासी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा नल जल योजना की आपूर्ति हेतु, प्रवीण कुमार आर्य, नगर परिषद्, औरंगाबाद के द्वारा अमीन द्वारा की गई मापी की रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई करने के संबंध में, कामता राम एवं अन्य, ग्राम-बसडीहा खुर्द 4 वार्ड 10, पंचायत-फेसर, जिला-औरंगाबाद के द्वारा महादलित टोला में नाली का कार्य आधा अधुरा कर मुख्य रास्ता को बीते 15 महीना से अवरूद्ध करने के संबंध में एवं अभय कुमार द्वारा न्यू आर्म्स लाइसेंस के संबध में बताया गया।

54 नए आशा कार्यकर्ताओं का होगा चयन, बैठक 17 को

मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। मदनपुर प्रखंड के बहुदेशीय भवन में आशा कार्यकर्ताओं का चयन आगामी 17 मई को प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी की अध्यक्षता में होनी है। इसके लिए सभी मुखिया की बैठक बुलाई गई है। सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव जिला स्वास्थ्य समिति औरंगाबाद के पत्र के आलोक में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा 54 नए आशा कार्यकर्ताओं के चयन के लिए प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को पत्र लिख कर सूचित किया गया है। प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया की बैठक कर जिला से प्राप्त आदेश के आलोक में निर्देशित किया जाए, ताकि आमसभा के द्वारा आशा कार्यकर्ताओं का चयन किया जाएगा।

डीएम ने की पढ़ाई की गुणवत्ता की जांच, बच्चों से किया संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। कुटुंबा प्रखंड के शिवन बिगहा एवं संडा पंचायत में आयोजित डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति टोलों में विशेष विकास शिविर का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा निरीक्षण किया गया। इस विशेष शिविर का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के वंचित लोगों को शत- प्रतिशत आच्छादन करते हुए सरकारी योजनाओं का त्वरित एवं समावेशी लाभ प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। शिविर में विभिन्न विभागों की सहभागिता रही, जहां लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा शिविर में उपस्थित शिविर प्रभारी से अब तक कुल प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया गया। प्राप्त आवेदन में अधिकांशतः राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल जल योजना एवं नाली गली योजना, आयुष्मान कार्ड से संबंधित पाया गया। शिविर को जनहितकारी, पारदर्शी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से लाभार्थियों का ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन, जांच और वितरण की प्रक्रिया संपन्न की गई। जिलाधिकारी बताया कि इस प्रकार के विशेष शिविरों का आयोजन आगामी 19 अप्रैल से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को जिले के सभी प्रखंड के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोला में करते हुए 22 चयनित सेवाओं से वंचित परिवारों को आच्छादित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय शिवन बिगहा का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पढ़ाई की गुणवत्ता की जांच किया गया और बच्चों से पढ़ाई के सम्बंध में विद्यालय के समस्त कक्षाओं में बच्चों से संवाद किया गया।

शिक्षा सेवकों की बैठक में बीइओ ने दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बी.आर.सी.भवन मे शिक्षा सेवक/ तालिमी मरकज की बैठक प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार ने की। कार्यक्रम का देख-रेख शिक्षा सेवक संघ के प्रखंड सचिव ललन चौधरी ने किया। शिक्षा सेवक व तालिमी मरकजो द्वारा बीईओ को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत बैठक मे प्रथम संस्था के द्वारा समर कैम्प केंद्र संचालन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षा सेवक/ तालिमी मरकज के द्वारा भी.टी. का चयन कर रजिस्ट्रेशन कराया गया। सभी शिक्षा सेवक/ तालिमी मरकजो को निर्देश दिया गया कि अपने अपने मुहल्ला में वर्ग संचालन करें साथ ही सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओ को अपने समाज के लोगो के बीच लाभ दिलाने के लिए जागरूक करते रहे। बैठक मे शिक्षा सेवक महेन्द्र राजवंशी, नवलेश चौधरी, जगलाल चौधरी, अजय कुमार, विपुल कुमार, अनुज कुमार, दिनेश चौधरी, विटटू कुमार चौधरी, मनोज कुमार निश्चयल, सुरेश चौधरी, सनोज कुमार चौधरी, आशा कुमारी, संजू कुमारी सहित सभी शिक्षा सेवक, तालिमी मरकज आदि उपस्थित रहे।

इवीएम वोटिंग मशीन एप के माध्यम से बाल संसद का हुआ गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के आदेश के आलोक में प्रखंड के विभिन्न चार डेमो विद्यालयों में मोबाइल ईवीएम वोटिंग मशीन एप के माध्यम से बाल संसद शैक्षणिक सत्र 2025-26 का चुनाव संपन्न कराया गया, ताकि देश की संसदीय चुनाव प्रणाली से छात्र- छात्राएं विद्यालय स्तर पर अवगत हो सके और भविष्य में सजग नागरिक तैयार हो सके। इस चुनाव के सहयोग में सभी मास्टर ट्रेनर अभय कुमार, गौरव कुमार, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, मोहम्मद मुफीज अंसारी का योगदान रहा। पीरामल फाउंडेशन की अनामिका कुमारी का भी भरपूर योगदान रहा। आदर्श बाल संसद के चुनाव के अवलोकन में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का भी सहयोग रहा, जिसमें कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललन दास, मध्य विद्यालय रफीगंज के प्रधानाध्यापक मोहम्मद मशकुर आलम, मध्य विद्यालय अबलपुर के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, उर्दू मध्य विद्यालय इमादपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापिका रजिया परवीन का भी सहयोग रहा। इनके अलावा प्रधानाध्यापक रियाजउद्दीन, बाल संसद के चुनाव में राजकीय कन्या मध्य विद्यालय रफीगंज में विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक, राष्ट्रीय मध्य विद्यालय दुग्गुल के अजय राजा, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमुद रंजन, मध्य विद्यालय पोखर के प्रभारी प्रधानाध्यापक दुर्गेश नंदिनी कुमारी एवं अजीत कुमार मतदान पदाधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों की जिम्मेवारी को निभाया। वही मोहम्मद मुफीज अंसारी ने चुनाव पर्यवेक्षक तथा प्रधानाध्यापक ललन दास पीठासीन अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका का लोकतांत्रिक तरीके से निर्वहन किया। राष्ट्रीय कन्या मध्य विद्यालय रफीगंज के शिक्षिका नेहा रानी कुमारी, सुनीता तथा सुनील कुमार राय ने भी चुनाव कार्यो में अपनी महती भूमिका का निर्वहण किया।

BAYC Institute
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
स्थापित 1972
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DY Yoga
DAYS Acupressure Yoga
DHMS Herbal Medicine
DEMS Electrohomeopathy Medicine
DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet
BTMS Traditional Medicine
BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga
BAcu. Acupuncture
MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga)
MD (TM)
MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी 11 प्रखंडों के चयनित कुल तीस ग्राम संगठनो में किया गया। जिले में अभी तक कुल 739 ग्राम संगठनो में महिला संवाद का आयोजन किया जा चुका है। महिला संवाद महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक पहल है जिसके माध्यम से महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी जा रही है। ग्रामीण महिलाएं इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रही है जिससे की आगे चलकर उसका समुचित लाभ ले पाएगी। इसके साथ ही महिलाओं से सुझाव को भी लिया जा रहा है कि व्यक्तिगत अथवा सार्वजानिक हित में और सरकार से क्या अपेक्षाएं है। उनके द्वारा बताए गये अपेक्षाएं को संकलित कर प्राथमिकताएं निर्धारण की जा रही है एवं उसका दस्तावेजीकरण कर ऐप मे प्रविष्ट किया जा रहा है। अभी तक कुल 16833 अपेक्षाओं की ऐप प्रविष्ट किया जा चुका है। महिला संवाद कार्यक्रम में छोटे से बड़े सभी प्रकार के अपेक्षाओ का सामने लाया जा रहा है। महिलाओं के द्वारा नल का जल, पक्की गली, पुस्तकालय, कंप्यूटर शिक्षा, जीविका भवन, सामुदायिक भवन, आवास योजना, पेंशन की राशि बढ़ाने की मांग आदि की जा रही है। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अभी तक लिए गए निर्णय एवं किए गए कार्यों की जानकारी ऑडियो विजुअल के माध्यम से सभी महिलाओं को दी जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं नीला देवी, अनार देवी, अरुनता देवी, आदि ने अपना अनुभव साझा किया की कैसे राज्य सरकार के योजना से लाभ ले कर उनके परिवार का जीवन स्तर मे सुधार हो रहा है और गांव के अन्य लोगो को भी प्रेरित कर रही है। बारुन प्रखंड के दुधार पंचायत के रौशनी ग्राम संगठन के महिला संवाद में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, डीआरडीए डायरेक्टर अनुपम कुमार, बारुन के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल, जीविका जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार, प्रबंधक सामाजिक विकास सुरेश चौधरी, बारुन प्रखंड परियोजना प्रबंधक अखिलेश कुमार, क्षेत्रीय समन्यवक अमित कुमार एवं सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।